रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 19 अगस्त 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-356 मूल्य 3.00 ₹


### अवकाश एवं शुभकामना संदेश

रक्षाबंधन पर्व की पायनियर परिवार की ओर से सभी सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं व शुभचिंतकों को हार्दिक बधाई व शुभकानाएं। इस अवसर पर पायनियर समाचार पत्र के कार्यालय में 19 अगस्त को अवकाश रहेगा। अगला अंक आपको 21 अगस्त को प्राप्त होगा।

-संपादक, पायनियर

## डॉक्टर दुष्कर्म-हत्या मामले में शीर्ष न्यायालय मंगलवार को करेगा स्वत : संज्ञान सुनवाई

एजेंसी नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और हत्या मामले का 'स्वतः संज्ञान' लिया और 20 अगस्त को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ 20 अगस्त 2024 को 'स्वतः संज्ञान' मामले की सुनवाई करेगी। नौ अगस्त 2024 को अस्पताल की ड्यूटी के दौरान महिला डॉक्टर के साथ कथित तौर पर शर्मशार करने



वाली घटना हुई थी। इस मामले को लेकर चल रहे देशव्यापी डॉक्टरों के आंदोलन के दौरान 14 अगस्त को उस अस्पताल पर अज्ञात लोगों की भीड़ ने हमला किया, जिसमें अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड को काफी नुकसान पहुंचाया गया। डॉक्टर दुष्कर्म एवं हत्याकांड के विरोध में देशभर के डॉक्टर लगातार जगह-जगह धरना- प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच कलकत्ता उच्च न्यायालय ने 13 अगस्त को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को डॉक्टर की कथित हत्या के मामले की जांच करने का निर्देश दिया था। पीड़िता डॉक्टर के माता-पिता समेत कुछ अन्य लोगों की याचिकाओं पर सुनवाई के बाद कार्रवाई करते हुए अदालत ने यह आदेश पारित किया था। कोलकाता पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। अदालती आदेश पर सीबीआई मामले की जांच में जुटी हुई है।

## कुवैत-भारत संबंध आने वाले समय में और प्रगाढ़ होंगे : डॉ जयशंकर



**कुवैत सिटी/नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने कुवैत की एक दिन की यात्रा के दौरान मेजबान देश के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या के साथ द्विपक्षीय और क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय महत्व के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की तथा विश्वास जताया कि आने वाले समय में दोनों देशों के संबंध और प्रगाढ़ होंगे। विदेश मंत्री ने कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-सबाह से भी भेंट की और दोनों देशों के बीच संबंधों को और प्रगाढ़ तथा विस्तृत करने के विशेष में उनके विचारों को जाना। डॉ जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने कुवैत के युवराज को राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं प्रस्तुत कीं। इसी पोस्ट में कहा गया कि दोनों देशों के बीच सद्भाव तथा मित्रता के संबंध सदियों पुराने हैं। उन्होंने इन संबंधों को और प्रगाढ़ करने के विषय में युवराज के सुझावों के लिए आभार जताया। विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या के साथ विदेश मंत्री डॉ जयशंकर की बातचीत में दोनों पक्षों के अधिकारी भी शामिल हुए।

## पवित्र सावन मास के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुख्यमंत्री निवास में सपरिवार किया शिव रूद्रामहाभिषेक



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपनी पत्नी कौशल्या देवी साय के साथ सपरिवार मुख्यमंत्री निवास पर पवित्र सावन मास के अवसर पर आयोजित शिव रूद्रामहाभिषेक हवन-पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने मंत्रोच्चार और जयकारों के साथ रुद्राभिषेक करते हुए भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

### क्विक न्यूज

### राष्ट्रपति मुर्मु ने देशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुर्मु ने अपने संदेश में कहा, रक्षा बंधन के पावन अवसर पर, मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। उन्होंने कहा, रक्षा बंधन भाई-बहन के अनूठे संबंध का उत्सव है जो प्यार और आपसी विश्वास की भावना को मजबूत बनाता है। धार्मिक और सांस्कृतिक सीमाओं से परे यह पर्व हमारे देश की विविधता में एकता का प्रतीक है।



### मुख्यमंत्री साय ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन पर्व की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर उन्होंने सभी नागरिकों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। रक्षाबंधन पर्व की पूर्वसंध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में साय ने कहा है कि भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का पर्व 'रक्षाबंधन' हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण त्यौहार है। इस दिन बहनें मंगल कामना के साथ अपने भाईयों को रक्षा सूत्र बांधती हैं और भाई उनकी रक्षा का वचन देते हैं।

### राज्यसभा निर्वाचन के लिए 21 अगस्त तक भरें जाएंगे नाम निर्देशन पत्र

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि प्रदेश में राज्यसभा निर्वाचन के लिए 21 अगस्त तक नाम निर्देशन पत्र भरें जाएंगे। राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्यसभा निर्वाचन को लेकर अधिसूचना 7 अगस्त को जारी कर दी गई है। प्रदेश में राज्यसभा निर्वाचन के लिए 14 अगस्त से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई हो चुकी है, जो 21 अगस्त तक चलेगी।

## अमित शाह ने 188 शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किये

पायनियर संवाददाता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत 188 शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किये। एक अन्य कार्यक्रम में अमित शाह ने अहमदाबाद नगर निगम की लगभग 1003 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन मौकों पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शाह ने कहा कि सीएए देश में बसे लाखों लोगों को सिर्फ नागरिकता देने का नहीं, बल्कि न्याय और अधिकार देने का कानून है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों की तुष्टिकरण की नीति के कारण 1947 से 2014 तक देश में शरण लेने वाले लोगों को अधिकार और न्याय नहीं मिला। इन लोगों को न सिर्फ पड़ोसी देशों में बल्कि यहां भी प्रताड़ना सहनी पड़ी। ये लाखों-करोड़ों लोग तीन-तीन पीढ़ियों तक न्याय के लिए तरसते रहे लेकिन विपक्ष की तुष्टिकरण की नीति के कारण इन्हें न्याय नहीं मिला। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आज़ादी के समय भारत का विभाजन धर्म के आधार पर किया गया।

## करुणानिधि के विचार भारत की यात्रा को आकार देते रहेंगे : मोदी

वार्ता नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एवं द्रविड मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) संरक्षक एम करुणानिधि जैसे नेताओं की दृष्टि और विचार देश की यात्रा को आकार देते रहेंगे। कलैगनार (जैसा कि करुणानिधि को कहा जाता था) शताब्दी स्मारक सिक्का विमोचन कार्यक्रम के अवसर पर एक संदेश में मोदी ने कहा कि मुथमिज अरिग्नार कलैगनार शताब्दी स्मारक सिक्का विमोचन समारोह के आयोजन के बारे में जानकर खुशी हुई। उन्होंने कहा, 'यह भारत के सबसे प्रतिष्ठित पुत्रों में से एक, करुणानिधि की शताब्दी मनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। दिवंगत द्रमुक नेता की भारतीय राजनीति, साहित्य और समाज में एक महान हस्ती के रूप में सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि करुणानिधि हमेशा तमिलनाडु के विकास के साथ-साथ राष्ट्रीय प्रगति के बारे में भावुक थे। मोदी ने कहा, एक राजनीतिक नेता के रूप में करुणानिधि ने एक मुख्यमंत्री के रूप में हमारे देश के इतिहास पर एक अमिट छाप छोड़ी, जिन्हें लोगों ने कई दशकों में कई बार चुना, जो समाज, नीति और राजनीति के बारे में उनकी गहरी समझ को रेखांकित करता है।

## नीतीश ने बिहटा अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के दिये निर्देश

वार्ता पटना
www.dailypioneer.com



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिकारियों को बिहटा में बनाये जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने का निर्देश दिया। कुमार ने बिहटा अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निरीक्षण के दौरान कहा, हमलोग चाहते हैं कि जल्द से जल्द इस हवाईअड्डे का निर्माण कार्य शुरू हो ताकि लोगों को हवाई यात्रा में और सहूलियत हो। इससे विभिन्न जगहों से लोगों को विमान से आने-जाने की सुविधा मिलेगी। इस हवाई अड्डे के निर्माण से और कनेक्टिविटी बढ़ेगी तथा पटना हवाईअड्डा पर पड़ने वाला भार भी कम होगा। साथ ही रोजगार और कारोबार के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री को हवाई अड्डे के स्थल निरीक्षण के दौरान बिहटा वायुसेना स्टेशन के पदाधिकारी ने वहां शुरू कराये जाने वाले निर्माण कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि यह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा।

## करुणानिधि के नेतृत्व में तमिलनाडु परिवर्तन के साहसिक रास्ते पर आगे बढ़ा : राहुल गांधी

एजेंसी चेन्नई
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि तमिलनाडु पूर्व मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) संरक्षक एम. करुणानिधि के नेतृत्व में राज्य एक साहसिक और महत्वाकांक्षी मार्ग पर चल पड़ा था। कलैगनार (जैसा कि करुणानिधि को कहा जाता था) शताब्दी स्मारक सिक्का जारी करने के अवसर पर अपने संदेश में श्री गांधी ने कहा कि उनकी वैचारिक स्पष्टता और परिवर्तन के प्रति प्रतिबद्धता ने तमिलनाडु को विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी के रूप में मजबूती से प्रदान करने में मदद की है और कई अन्य राज्यों को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित किया है। करुणानिधि की सामाजिक रूप से प्रगतिशील दृष्टि और लोगों को सशक्त बनाने के लिए अटूट समर्पण ने लाखों लोगों के लिए सम्मान का जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त किया है। गांधी ने कहा, उनके निर्णायक नेतृत्व में तमिलनाडु ने परिवर्तन के एक साहसिक और महत्वाकांक्षी मार्ग पर कदम रखा। कलैगनार करुणानिधि की जयंती पर मैं तमिलनाडु के लोगों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।मुझे यह जानकर खुशी हुई कि उनके असाधारण जीवन और विरासत के सम्मान में एक स्मारक सिक्का जारी किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने भारत के समावेशी विचार की रक्षा के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की भी सराहना की। स्टालिन ने गांधी को उनके संदेश के लिए धन्यवाद दिया और कहा, आइए हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए मिलकर काम करें। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर गांधी के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए कहा, प्रिय भाई थिरु, राहुल गांधी , मुथामिज अरिग्नार कलैग्नार स्मारक सिक्का जारी करने के समारोह के महत्व पर आपकी हार्दिक शुभकामनाओं के लिए हार्दिक धन्यवाद।आइए हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए मिलकर काम करना जारी रखें!

## सरकार सदैव अधिवक्ताओं के साथः योगी



**लखनऊ।** रुल ऑफलॉ को सुशासन की आधारशिला बताते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार सदैव अधिवक्ताओं के हितों को लेकर गंभीर है और उनके साथ खड़ी है। लोकभवन में स्मृतिशेष 577 अधिवक्ताओं के आश्रितों को अधिवक्ता कल्याण निधि से सहायता राशि प्रदान करने के बाद योगी ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र समन्वय और आपसी सूझबूझ से चलने का संदेश देता है। ऐसा समन्वय, जहां लोकहित व राष्ट्रहित सर्वोपरि हो। जब यह हमारी प्राथमिकता में होते हैं तो दोनों को एक-दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता है। इसकी आधारशिला सुशासन से पड़ती है। सुशासन की आधारशिला रूल ऑफ लॉ से पड़ती है। रूल ऑफ लॉ समाज के हर व्यक्ति के लिए लक्ष्मण रेखा तय करती है। उन्होने कहा कि त्योहार का आनंद इससे अच्छा नहीं हो सकता, जब हम किसी निराश्रित के साथ खड़े होकर उसकी सहायता के लिए तत्पर दिखाई देते हैं। योगी ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस तिथि को संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। पीएम ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हमें नागरिक कर्तव्यों के प्रति आग्रही बनाया। जब हम अधिकार की चर्चा करते हैं, लेकिन कर्तव्य की नहीं करते तो वहीं पर टकराहट होती है। यदि 2047 तक देश को विकसित भारत बनाना है और हर भारतवासी के चेहरे पर खुशहाली लानी है। उसके ईज ऑफ लिविंग को बेहतरीन करना है तो हमें नागरिक कर्तव्यों को प्राथमिकता देनी होगी। उन्होने कहा कि शासन के पास जब सोर्स ऑफ इनकम होंगे तो वेलफेयर के रास्ते अपने आप ही खुलते दिखाई देंगे। जरूरतमंदों को यह चीजें मिलें, ऐसे प्रयास होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक करोड़ परिवार ऐसे हैं।

## अंगदान को कमजोर वर्ग के शोषण का क्षेत्र नहीं बनने दिया जा सकता : धनखड़

वार्ता जयपुर
www.dailypioneer.com



उपराष्ट्रपति जगदीप धरखड़ ने अंगदान किया जाना मानव स्वभाव का सर्वोच्च नैतिक उदाहरण बताते हुए कहा कि अंगदान को कमजोर वर्ग के लोगों के शोषण का क्षेत्र नहीं बनाया जा सकता। धनखड़ ने अंगदान करने वालों के परिजनों के सम्मान में यहां बिरला सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि भारत की संस्कृति बलिदानियों की संस्कृति है। उपराष्ट्रपति ने प्राचीन संस्कृत सूक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह शरीर व्यापक सामाजिक कल्याण का साधन बन सकता है। उन्होंने नागरिकों से अंगदान के प्रति जागरूक प्रयास करने का आग्रह किया और कहा कि मानव शरीर समाज कल्याण का साधन बन सकता है परंतु अंगदान को व्यावसायिक लाभ के लिए कमजोर वर्ग के शोषण का क्षेत्र नहीं बनने दिया जा सकता। उन्होंने कहा कि अंगदान एक आध्यात्मिक गतिविधि और मानव स्वभाव का सर्वोच्च नैतिक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह कार्य शारीरिक उदारता से परे है जो करुणा और निस्वार्थता के सबसे गहन अर्थो को दर्शाता है। उन्होंने नागरिकों से अंगदान के प्रति जागरूक प्रयास करने और इसे मानवता की सेवा की महान परंपरा के अनुरूप एक मिशन में परिवर्तित करने का आग्रह किया। इस बार विश्व अंगदान दिवस की थीम, किसी की मुस्कान का कारण बनें पर प्रकाश डालते हुए, धनखड़ ने लोगों को अंगदान के महान उद्देश्य के लिए व्यक्तिगत और पारिवारिक प्रतिबद्धता की रचना करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### भाजपा सरकार का चरित्र और व्यवहार 8 माह में ही अलोकतांत्रिक हो गया है

## 21 अगस्त को सभी जिलों में देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि 20 अगस्त को विधायक दल की बैठक में रणनीति बनाई जायेगी और 21 अगस्त को गिरफ्तारी के विरोध में प्रदेश स्तरीय जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया जायेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि बलौदाबाजार के मामले में साय सरकार अपनी नाकामी और पूरे देश में हुई बदनामी को छुपाने विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही है। कांग्रेस के विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी भाजपा की बौखलाहट को दर्शाता है। यह विपक्ष को बदनाम करने की साजिश है। विधायक देवेन्द्र यादव बलौदाबाजार में न भाषण दिये और न ही कलेक्टर ऑफिस प्रदर्शन में शामिल हुये। वे भीड़ में पांच मिनिट रूक कर वापस आ गये थे। कही भी किसी हिंसक घटना में उनके संलिप्तता का कोई भी साक्ष्य नहीं और न ही वे किसी भी प्रकार की घटना में शामिल थे। पुलिस ने उनको गलत तरीके से गिरफ्तार किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार, पुलिस बताये किन भाजपा नेताओं को नोटिस दिया, पूछताछ की गयी। कांग्रेस के किन नेताओं का नाम है, हम खुद पूछताछ के लिये लेकर आयेंगे। न्याय संगत कार्यवाही होनी चाहिये। भाजपा सरकार का चरित्र और व्यवहार 8 माह में ही अलोकतांत्रिक हो गया है। पत्रकारों को गलत तरीके से फंसाने उनकी गाड़ी में गांजा रखा जाता है। विपक्ष के विधायक को झूठे मुकदमे में फंसा कर गिरफ्तार किया गया। सरकार बनते ही पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ झूठा मुकदमा ईओडब्ल्यू में दर्ज किया। बलौदाबाजार के मामले में सतनामी समाज और कांग्रेस के लोगों को चिन्हांकित करके उनको जेलों में डाला गया। कांग्रेस भाजपा सरकार के इस आतताई चरित्र से डरने वाली नहीं। इस प्रकार के कृत्यों से हमारा कार्यकर्ता और मजबूती से सरकार के खिलाफ जनता की आवाज उठायेगा। बलौदाबाजार में हुई आगजनी की भयावह घटना शासन प्रशासन की बड़ी लापरवाही व सरकार की इंटेलीजेंट के फैल हो जाने के कारण हुई। समय रहते सरकार व प्रशासन सचेत हो जाता व समाज के द्वारा सीबीआई जांच की मांग को पूर्व में ही मान लेता तो प्रदेश को शर्मसार करने वाली घटना से बचा जा सकता था। पूरी घटना के लिये प्रदेश की भाजपा सरकार दोषी है। लचर कानून व्यवस्था और प्रशासन की निरंकुशता व लापरवाही से बलौदाबाजार में सतनामी समाज के आंदोलन में असामाजिक तत्वों की घुसपैठ हुई और इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया गया, जिसके लिए प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह दोषी है। साय सरकार की अकर्मण्यता के चलते ही बलौदाबाजार में कानून व्यवस्था बिगड़ी है। यदि समय रहते जैतखाम को क्षति पहुंचाने वालों पर कार्यवाही की गई होती और आहत समाज से संवाद किया गया होता तो ऐसी अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होती। धार्मिक भावनाएं आहत होने पर आंदोलित समाज को विश्वास में लिया गया होता तो ऐसे विध्वंसक प्रतिक्रिया नहीं होती।

## बहनों के आशीर्वाद से प्रदेश में विकास के रचेंगे नए-नए कीर्तिमान : यादव

पायनियर संवाददाता भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि बहनों के आशीर्वाद से प्रदेश में विकास के नए-नए कीर्तिमान रचेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की और तेजी से अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने बहनों को मान-सम्मान दिलाने का काम किया हैं। डॉ यादव उज्जैन के ग्राम लेकोडा में लाडली बहना रक्षाबंधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में बहनों ने मुख्यमंत्री की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधे। मुख्यमंत्री ने भी बहनों को स्नेहपूर्वक झूला झुलाया। डॉ यादव को बहनों ने विशाल राखी भेंट कर आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी बहनों को उपहार भेंट किये। डॉ यादव ने कन्या-पूजन और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत एवं स्थानीय निकायों के निर्वाचन में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान जारी रहेगा, जिससे बहनों का सशक्त नेतृत्व प्रदेश को मिलता रहेगा। डॉ यादव ने कहा कि उज्जैन के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। बहनों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। लाडली बहनों के खाते में प्रतिमाह डाले जाने वाली 1250 रुपए की राशि के अतिरिक्त रक्षाबंधन के पर्व के अवसर पर शगुन के रूप में 250 रुपए की अलग से राशि अंतरित की गई है। उपस्थित सभी बहनों ने अपने हाथ खड़ा कर अपने खाते में राशि आने की सहमति जताई। लाड़ली बहनों ने कार्यक्रम में 'मेरे प्यारे भैया लिखी' तख्तियां दिखाकर स्नेह जताया। डॉ यादव ने कहा कि सच्चे अर्थो में हमारे गांव संबंधों के महत्व को प्रदर्शित कर रहे हैं। तीज त्यौहार की संस्कृति आज भी गांवों में जीवित है। हमारे गांव और गांव के लोग बहनों के आदर सम्मान की शिक्षा पूरे विश्व को दे रहे हैं।

## मुख्यमंत्री ने बोआरीजोर में 187 करोड़ 15 लाख रुपए की 151 योजनाओं का गोड्डा वासियों को दिया तोहफा

एजेंसी रांची
www.dailypioneer.com



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार हर कदम पर आपके साथ है और हम आपकी भावनाओं से भली-भांति वाकिफ हैं। मुख्यमंत्री सोरेन ने आज गोड्डा जिले के बोआरीजोर प्रखंड के राजाभीठा में विकास योजनाओं के उद्घाटन- शिलान्यास एवं लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यही वजह है कि हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ आदिवासी, दलित, शोषित, वंचित, गरीब और किसानों- मजदूरों को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तमाम विपरीत पतिस्थितियों के बीच सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं, जिसका लाभ आम जनमानस को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जन कल्याण के लिए हमेशा से प्रतिबद्ध रही है। पिछले साढ़े वर्षों में अनेकों ऐसी योजनाएं लेकर आए , जिससे जुड़कर यहां के लोग सशक्त बन रहे हैं। अब ऐसी ही कई और जन कल्याण से जुड़ी योजनाओं को शुरू करने की कार्य योजना तैयार हो रही है । ये नई योजनाएं इस राज्य की दशा और दिशा बदलने का एक महत्वपूर्ण जरिया बनेगी। इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर अपने संसाधनों को बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर लगभग 187 करोड़ 15 लाख रुपए की 151 योजनाओं का तोहफा दिया। इसमें 58 करोड़ 62 लाख रुपए की 73 योजनाओं का उद्घाटन एवं 128 करोड़ 53 लाख रुपये की 78 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। वहीं, विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस विशेष मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्य की बहन- बेटियों को झारखंड मंईयां सम्मान योजना की सम्मान राशि प्रदान कर रक्षा बंधन की सौगात दी। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि नारी सशक्तिकरण हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है।

# रायपुर में निकली भव्य कांवड़ यात्रा, सीएम विष्णुदेव साय, पूर्व सीएम रमन सिंह ने थामा कांवड़

## मूणत की अगुवाई में हर वर्ष होता है भव्य आयोजन, 6 घंटे चली कांवड़ यात्रा, शिवभक्तों ने किया हटकेश्वरनाथ का जलाभिषेक






पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत प्रत्येक वर्ष भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन करते हैं गुढ़यारी स्थित मारुति मंगलम से शुरू होकर शिवभक्तों का हुजूम प्राचीन हटकेश्वरनाथ महादेव खारुन तट पहुंचता है जहां भोले बाबा का जलाभिषेक किया जाता है सावन के अंतिम रविवार को भय कावड़ यात्रा धूमधाम से निकाली गई। यात्रा में छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय , विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व सांसद सुनील सोनी, मंत्री टंकाराम वर्मा, विधायक मोतीलाल साहू समेत प्रदेश एवं के कई प्रमुख नेता और पार्षद शामिल हुए। कावड़ यात्रा की शुरुवात में सर्वप्रथम कावड़ की पूजा अर्चना की गई उपस्थित सभी वरिष्ठ नेता नेताओं ने विधि विधान से भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर सभी के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांवड़ यात्रा में शामिल होने पर खुशी जाहिर की, उन्होंने भगवान भोलेनाथ से छत्तीसगढ़ के लोगों की खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि सावन मास में ही मुझे बाबा भोरमदेव के दर्शन करने का अवसर मिला। यह मंत्र मुग्ध कर देने वाला अवसर था। हमने कांवड़ियों पर हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा की। पूरे यात्रा मार्ग में कांवड़ियों का उत्साह छलक रहा था। मुख्यमंत्री ने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियों की मनोकामना पूरी होने और प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना करते हुए सभी को कांवड़ यात्रा की शुभकामनाएं दीं। गुढ़ियारी के मारुति मंगलम भवन से आयोजित कावड़ यात्रा सुबह 9 बजे हनुमान मंदिर गुढ़ियारी से शुरू हुई। हनुमान जी के पूजन के बाद कांवड़ यात्रा महादेवघाट पहुंचने से पहले रामनगर, समता कॉलोनी, आमापारा, लाखेनगर और सुंदर नगर और रायपुरा मुख्यमार्ग से होकर गुजरी। वहां श्रद्धालुओं ने हटकेश्वर महादेव शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। कांवड़ यात्रा में पूरे शहर भर से करीब 15000 की संख्या में शिवभक्त कांवड़िये शामिल थे। इस यात्रा को गुढ़यारी से बाबा हटकेश्वर नाथ महादेव मंदिर पहुँचने में करीब 6 घंटे का समय लगा, इस दौरान शिवभक्त कावडियो का स्वागत पूरे मार्ग भर अलग अलग स्थानों पर किया गया कावड़ियों पर पुष्प वर्षा डीजे और बाजे गाजे सहित कावड़ियों के स्वागत में पेय एवं भंडारे का आयोजन भी स्थानीय नागरिकों ने किया। कांवड़ यात्रा में शामिल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सावन के दौरान बाबा भोरमदेव के दर्शन करने के अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा, यह एक मंत्रमुग्ध करने वाला अवसर था। हमने हेलीकॉप्टर से कांवड़ियों पर फूल बरसाए। उन्होंने कहा कि पूरे यात्रा मार्ग में कांवड़ियों में उत्साह साफ देखा जा सकता था। वहीं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि भगवान शिव के प्रति उनकी गहरी आस्था है बाबा हटकेश्वर नाथ हरी किसी की मनोकामनाएं पूरी करते हैं और वे प्रतिवर्ष रायपुर वासियों के साथ विशाल कांवड़ यात्रा के माध्यम से कांवड़ लेकर हटकेश्वरनाथ के जलाभिषेक करने जाते हैं। मूणत ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि बाबा हटकेश्वरनाथ का आशीर्वाद सदा मेरे साथ रहता है। उन्ही के आशीर्वाद से मुझे आम जनता के प्रतिनिधि के तौर पर जनसेवा करने का अवसर मिला है। रायपुर पश्चिम में आयोजित इस भव्य कांवड़ यात्रा में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई जिसमें उत्तर प्रदेश के अघोरी नर्तकों के समूह और बाहुबली कटप्पा की वेशभूषा में सजे संबलपुर के कलाकार शामिल थे, मां काली का रूप धर कर नृत्य प्रस्तुत किया गया, पंथी नृत्य, आदिवासी नृत्य और राउत नाचा जैसे पारंपरिक नृत्य भी प्रदर्शित किए गए वहीं अलग अलग स्थानों से आए विभिन्न प्रकार के बाजे और डीजे भी कावड़ यात्रियों में भोले भक्ति का संचार कर रहे थे। रास्ते भर कावड़िए भगवान भोले नाथ की भक्ति में थिरकते नजर आए पूरा रायपुर शहर भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन और सराबोर रहा भक्त लगातार बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है, और बाबा नगरिया दूर है जाना जरूर है। जैसे नारे लगाते हुए कावड़ थामे बाबा हटकेश्वर नाथ का जल अभिषेक करने महादेव घाट पहुंचे।

## वन मंत्री केदार कश्यप ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी



**रायपुर।** वन मंत्री केदार कश्यप ने प्रदेशवासियों को रक्षाबंधन के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम और विश्वास का प्रतीक है, जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कश्यप ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे पर्यावरण की रक्षा के लिए आगे आएं और इस पावन पर्व पर वृक्षारोपण कर प्रकृति के साथ अपनी बंधुत्व भावना को प्रकट करें। उन्होंने सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है।

## रक्षा की जरूरत सिर्फ बहनों को नहीं, वर्तमान समय सभी असुरक्षित : ब्रह्माकुमारी सविता दीदी

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि रक्षाबन्धन को सिर्फ बहनों की रक्षा तक ही सीमित करना, उसके महत्व को कम करना है। सुरक्षा की जरूरत सिर्फ बहनों को ही नहीं है, बल्कि वर्तमान समय सभी मनुष्यों का जीवन असुरक्षित है। दरअसल यहाँ पर रक्षा का अभिप्राय शारीरिक रक्षा से नहीं है। सविता दीदी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से रक्षाबन्धन पर केन्द्रीय कारागार में आयोजित आध्यात्मिक समारोह में बोल रही थीं। इस अवसर पर कैदियों को रक्षाबन्धन का आध्यात्मिक महत्व समझाते हुए मुख मीठा कराया गया तथा राखी बाँधी गई। ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने आगे कहा कि रक्षाबन्धन के अर्थ को समझने के लिए सबसे पहले यह समझना होगा कि रक्षा की जरूरत किसे है और उसे किससे रक्षा चाहिए? उन्होंने कहा कि दुनिया में जितने भी दुष्कर्म होते हैं यदि उनका विश्लेषण किया जाए तो यह विदित होता है कि उन सभी बुराइयों के पीछे काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार में से कोई न कोई विकार अवश्य ही छिपा हुआ होता है। उन्होंने कहा कि यह बुराईयाँ ही मनुष्य को दुःखी और अशान्त करती हैं। इसलिए इन मनोविकारों से आत्मा की रक्षा की जरूरत है। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ कर्म ही हमारे रक्षक होते हैं। मनुष्य के विचारों का प्रभाव उसके कर्मोंपर पड़ता है। इस प्रकार विचार श्रेष्ठ होने से हमारे कर्मों में भी श्रेष्ठता आने लगती है। इस अवसर पर बोलते हुए ब्रह्माकुमारी रूचिका दीदी ने कहा कि लोग देह अभिमान में आकर अपने शरीर को ही सब कुछ मान बैठे हैं। वह यह बात भूल गए हैं कि वह शरीर नहीं अपितु इस शरीर को चलाने वाली चैतन्य शक्ति आत्मा हैं।

उन्होंने कहा कि अध्यात्म से हमें स्वयं की सत्य पहचान मिलती है। राजयोग की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि स्वयं को जानकर परमात्मा से बुद्धियोग लगाना ही राजयोग है। इसके नियमित अभ्यास से हमारे अन्दर आत्मविश्वास बढ़ता है और जीवन में श्रेष्ठता आने लगती है। उन्होंने कमेन्ट्री के माध्यम से कैदियों को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। अन्त में ब्रह्माकुमारी रश्मि दीदी ने कैदियों को नशामुक्त जीवन बनाने तथा अवगुणों का त्याग कर अच्छाइयों को जीवन में अपनाने की प्रतिज्ञा कराई। कार्यक्रम को ब्रह्माकुमारी स्नेहमयी दीदी ने भी सम्बोधित किया। संचालन ब्रह्माकुमारी भावना दीदी ने किया।

## नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने रक्षाबंधन पवित्र त्यौहार की प्रदेशवासियों को दी बधाई शुभकामनाएं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार पर दी बधाई शुभकामनाएं। नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने कहा कि भाई-बहन के पावन रिश्तों के पर्व को रक्षा बंधन का त्यौहार माना जाता है, इस दिन बहन अपने भाई की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना के लिए उन्हें रक्षा सूत्र राखी बांधती है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने इस पावन पर्व पर सभी से प्रकृति, पर्यावरण, जल, जंगल, जमीन, जलवायु, खेत खलिहान की भी रक्षा का संकल्प लेने अपील की है।



## दिव्य कला मेला : दिव्यांग उद्यमियों के सामर्थ्य को सशक्त करता एक मंच

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में आयोजित दिव्य कला मेला को दिव्यांगजनों के साथ-साथ आमजनों द्वारा भी बेहद सराहा और पसंद किया जा रहा है। लोग रक्षा बंधन पर्व के लिए खरीददारी करने के लिए भी मेले में आ रहे हैं। 16 राज्यों से आए हुए दिव्यांग कारीगर एवं उद्यमियों के शिल्प कौशल व उत्पादों को सराहा व खरीदा जा रहा है। दिव्यांगजनों को इस मेले में मार्केटिंग के लिए बेहतरीन मंच मिला है। रंग बिरंगी राखी, घर की साज सज्जा, ऊनी, सूती व रेशमी कपड़े, विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ, ऑर्गेनिक खाद्य सामग्री, जूट से बने सामान, हस्तशिल्प व हथकरघा के सामान, पश्मीना शॉल, जूते, ज्वैलरी, लकड़ी के सामान, खिलौने और हर राज्य के खाने पीने के स्टाल लगाए गए हैं। यह मेला सवेरे 10.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक संचालित किया जा रहा है तथा प्रत्येक दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। इस मेले का आयोजन 23 अगस्त तक आयोजित है। गौरतलब है कि केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विगत दिवस राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित बीटीआई मैदान में 17वें 'दिव्य कला मेला' का भव्य शुभारंभ किया है। दिव्य कला मेला एक ऐसी पहल है जो दिव्यांग उद्यमियों और कारीगरों को उनकी कला और उद्यम का प्रदर्शन करने का एक नया मंच प्रदान करता है। इस मेले का आयोजन नई दिल्ली से लेकर देश के विभिन्न शहरों जैसे वाराणसी, भोपाल, मुंबई, गुवाहाटी, इंदौर, जयपुर, सिंकदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, पटना शहरों में हुआ है। भविष्य में देश के शहरों में भी इसका आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दिव्य कला मेले में लाखों की संख्या में दिव्यांग और आमजन पहुंचते हैं। दिव्य कला मेले को लेकर लोगों का यह कहना है कि सरकार की तरफ से यह एक बहुत शानदार पहल है इससे न सिर्फ दिव्यांगजनों की उद्यमिता का प्रदर्शन होता है बल्कि वोकल फॉर लोकल के थीम को भी बढ़ावा मिलता है।

## महिला डॉक्टर पर किये दुष्कर्म व निर्मम हत्या के विरोध में निकाला गया कैंडल मार्च

पायनियर संवाददाता ∢ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



पश्चिम बंगाल के कोलकाता आर जी कर मेडिकल कालेज के महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म व निर्मम हत्या के विरोध में विभिन्न संगठन केंडल मार्च निकालकर सड़क पर उतर आये ।

वही चिकित्सालयों में ओपीडी व गैर आकस्मिक चिकित्सा सुविधा बीते दिन शनिवार को बंद रहा। पूरे देश में इस घटना से डाक्टरों के अलावा आमजन भी बौखलाए हुए हैं। लोग सड़क पर उतर आये है, इसी क्रम में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जिला के तिल्दा-नेवरा क्षेत्र में लोगों ने केंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। तिल्दा-नेवरा नगर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक मे विकास मित्र मंडल जैसे सामाजिक संगठनों एवं चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों में डाक्टर नर्सो व महिला समूह ने कैंडल मार्च निकालकर मृतक महिला डाक्टर मौमिता देबनाथ को श्रद्धांजलि अर्पित किया, श्रद्धांजलि सभा में महिला वर्ग से अपील किया गया कि अपनी सुरक्षा को लेकर सजग होने की आवश्यकता है। उनसे कहा गया कि कोई मनचले लोगों से आपको परेशानी होती है तो इसकी शिकायत अविलंब करें। वहीं विकास मित्र मंडल ने महिला वर्ग की सुरक्षा हेतु तिल्दा-नेवरा नगर के बाईस वार्डो मे बतौर सुरक्षा कवच लड़कियों को कराटे प्रशिक्षण देने का बीड़ा उठाया है। इस मामले पर नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने कहा है कि बेटियां माता बहनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुरूष समाज के लिए एक अहम दायित्व है। कुत्सित मानसिकता वाले लोगों को सबक सिखाने की आवश्यकता है। वहीं नगरपालिका अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु डहरिया ने इस बर्बरता पूर्ण घटना का घोर निन्दा किया है।

इसके अलावा डांक्टर भोजराज मोहनानी ने पश्चिम बंगाल सरकार से अपराधियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग किया है। इसी तरह डांक्टर ज्योती वाधवा ने कहा कि पश्चिम बंगाल कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कांलेज के महिला डांक्टर के बलिदान को ब्यर्थ नहीं जाने देंगे। हमारी लड़ाई मुकाम हासिल करने तक चलती रहेगी। वहीं श्रद्धांजलि सभा में शरीक हुए केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि यह दुखत घटना निंदनीय है, मानवता को तार तार करने वाली है। जो डाक्टर दूसरो के जिंदगी बचाने में लगी रही ऐसे डॉक्टर के साथ ऐसा कृत्य किया गया है। उन्होंने कहा कि बंगाल की सरकार नियंत्रण में नहीं है, वहां की प्रशासनिक ब्यवस्था चरमरा गई है। इसी तरह तिल्दा-नेवरा शहर से लगे ग्राम तुलसी में भाजपा महिला मोर्चा रायपुर जिला ग्रामीण के अध्यक्ष अनुराधा वर्मा के नेतृत्व में महिला संगठन ने आदर्श नगर में केंडल मार्च निकालकर इस हैवानियत घटना का निंदा किया है।



# के.रि.पु.बल के द्वारा वाहिनी मुख्यालय व सभी समवायों में स्वतंत्रता दिवस बड़े धूम-धाम के साथ मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◂ सुकमा
www.dailypioneer.com



स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर रति कान्त बेहेरा, कमाण्डेन्ट द्वारा द्वितीय वाहिनी, के.रि.पु.बल के द्वारा वाहिनी मुख्यालय व सभी समवायों में स्वतंत्रता दिवस बड़े धूम-धाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय के क्वॉटर गार्ड में सलामी दी गई। तत्पश्चात उनके द्वारा ध्वजारोहण किया गया व इस अवसर पर कमाण्डेन्ट ने जवानों तथा उनके परिवार वालो को हार्दिक बधाई व शुभकामनाए दी। इस मौके पर जवानों व आस-पास के लोगों व बच्चों के बीच मिठाईयां भी बाटा गया। कमाण्डेन्ट ने जवानों को संबोधित करते हुए इस आजादी को दिलाने में हमारे देस के कई शूरवीरों एवं जननायकों के त्याग व बलिदान के बारे में अवगत कराया। इस स्वतंत्रता दिवस पर 9 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा व विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन भी सुकमा के विभिन्न स्थानों में किया गया। इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय सबरी नगर सुकमा में साम में अंतर कम्पनी वॉलीवाल मैच का भी आयोजन किया गया था खेल कूद में भाग लेने वाले कार्मिकों को कमाण्डेन्ट के द्वारा पुरस्कृत किया गया तथा इस आजादी के इस पावन अवसर पर द्वितीय वाहिनी के ए/ई समवाय दुलेर में अनामी सरण द्वितीय कमान अधिकारी, बी/सी सवमाय मुर्कराजकोण्डा में अश्वनी कुमार सिंह सहा. कमाण्डेन्ट, एफ समवाय रामाराम में निरी/ जी.डी भी. डी. वर्मा व जी समवाय चिंतागुफा में निरी/ जी.डी श्रीरंजन एस. के द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा सभी कम्पनी में खेल कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा उसमें सफल प्रतिभागियों को कमाण्डेन्ट के निर्देशानुसार समवाय अधिकारी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा वाहिनी मुख्यालय एवं वाहिनी के सभी कम्पनीयों में रात्रि में खाने का भी आयोजन किया गया था। जिसमें सभी अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारीयों व जवानों ने एक साथ बैठकर रात्रि भोजन किया। रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कार्मिकों द्वारा ईश्वर वंदना देश भक्ति गीत, व भांगड़ा व विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर द्वितीय वाहिनी केरिपुबल के डॉ पंकज कुमार चिकित्सा पदाधिकारी (एस. जी.), पवन कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, टी. सैमसन राजू उप. कमाण्डेन्ट, ज्ञानेस प्रताप सिंह सहा. कमा., राकेस कुमार ठाकुर सहा. कमा. एवं अन्य अधीनस्थ अधिकारी व जवान आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर रति कान्त बेहेरा, कमाण्डेन्ट, 02 बटालियन, के.रि.पु.बल के द्वारा जवानों को संबोधित करते हुए बताया गया कि सभी अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी व जवान अपनी-अपनी ड्यूटियों को ईमानदारीपूर्वक, निष्ठा व हिम्मत के साथ करें, ताकि देष की एकता व अखण्डता और सुरक्षा हमेषा अक्षुण्ण बना रहे।

# डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल रोकेल में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

पायनियर संवाददाता ◂ सुकमा
www.dailypioneer.com



स्वतंत्रता दिवस के इस पावन पर्व को मनाने अपने देश के वीर शहीदों की शहादत को याद करने और श्रद्धा सुमन अर्पित करने हेतु बच्चों के शैक्षिक, नैतिक एवं मौलिक गुणों के विकास के लिए वचनबद्ध ग्राम रोकेल विकासखण्ड छिंदगढ जिला सुकमा स्थित डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के 78वें वर्षगांठ प्राचार्य पी.के. दास के मार्गदर्शन में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत सुखदास भट्ट के नेतृत्व में कक्षा 11वी के छात्राएं शैजल गुप्ता, अंशीला बघेल एवं छात्र आदिल रैनी व कक्षा 8वी की छात्रा साक्षी कश्यप और कक्षा 7वी के छात्रा करुणा पदामी कक्षा छटवी का छात्र हर्षित पांडे के मंच संचालन मे मुख्य अतिथि महादेव मुचाकी (जनपद सदस्य) और गणमान्य नागरिकों के उपस्थिति में ध्वजारोहण से हुआ। इसके उपरान्त विद्यालय प्रांगण मे छात्रों द्वारा बैंड बाजे के धुन मे परेड निकाली। इस दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के वातावरण से गुंज उठा। संस्था के शिक्षिका जे. शैलेजा व भावना चौहान के नेतृत्व में अतिथियो का स्वागत पुष्पगुच्छ व बैज लगाकर स्वागत गीत से किया गया। तदोपरांत विज्ञान शिक्षिका स्वरूपा व भोनेश्वरी और योगेंद्र साहू के अगुवाई में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका मुवायना अतिथियों व अभिभावकों ने किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत हमारे अतिथियों के द्वारा स्वतंत्रता सैनानियों के प्रतिमा मे दीप प्रज्वलित पुष्प गुच्छ एवं माल्य अर्पित कर किया गया। प्रियंका बिसोई व कविता बघेल और रुकसाना परवीन के अगुवाई में नन्ने-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किये जो बहुत ही काबिले तारीफ था एवं दर्शकों का भरपुर मनोरंजन किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित छिंदगढ़ थाना प्रभारी सेराज खान (निरीक्षक) ने अपने उदबोधन में संस्था का प्रशंसा करते हुए कहा कि डीएव्ही जैसे उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम संस्था मे प्रवेश लेकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने की बात रखे। प्राचार्य ने अपने वक्तव्य में संस्था के उपलब्धियों को बताते हुए अपने महान राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों उनके कर्तव्यों की महत्ता के प्रति अपने सुविचार समस्त अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओ के समक्ष प्रस्तुत कर सभी को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तहे दिल से आभार व्यक्त किए। इसके उपरांत कार्यक्रम का समापन डीएव्ही गान एवं मिष्ठान वितरण कर किया गया।

# भाजपा दंतेवाड़ा ने तूलिका कर्मा के आरोपों का किया खंडन, तूलिका कर्मा के सारे आरोप निराधार : भाजपा

पायनियर संवाददाता ◂ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



15 अगस्त को दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में पदस्थ डॉक्टरों द्वारा कमलेश नाग और संतोष साहू पर लगाये गये दुर्व्यवहार के आरोप के मामले को लेकर भाजपा कार्यालय चितालंका में आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप एवं संतोष गुप्ता ने कहा की विगत 02 दिनों से समाचार पत्रों में लिखा जा रहा है की भाजपा पदाधिकारियों के द्वारा 15 अगस्त को जिला अस्पताल में पदस्थ महिला डॉक्टर के साथ दुर्व्यवहार किया गया जबकि 15 अगस्त को जो डॉक्टरों के शिकायत का मामला सामने आया है वो संतोष साहू और विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी के पि ए कमलेश नाग के विरुद्ध है जिस पर जांच हो रही है और जांच होने तक कमलेश नाग को दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी ने स्वतः पि ए के पदभार से मुक्त कर दिया है, कमलेश नाग भी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी है जिनकी पदस्थापना जिला अस्पताल में ही है इसलिए मामले पर डॉक्टरों के शिकायत उपरांत जांच हो रही है। भाजपा और विधायक चैतराम अटामी ने हमेशा डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों का सम्मान किया है और आगे भी करते रहेंग, इसलिये मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक चैतराम अटामी ने पि ए कमलेश नाग को पदमुक्त कर दिया है। अखबारों में लिखा जा रहा है भाजपा पदाधिकारियों द्वारा डॉक्टरों से अभद्र व्यव्हार किया गया जो सरासर गलत और निराधार है डॉक्टरों की शिकायत पि ए कमलेश नाग और संतोष साहू के विरुद्ध है वे दोनों न ही भाजपा पदाधिकारी है और न ही भाजपा के सदस्य है, अगर होते तो दोषी पाये जाने पर भाजपा उन्हें तत्काल प्रभाव से निष्काषित भी करती। इसलिए भाजपा दंतेवाड़ा इस बात का स्पष्ट तौर पर खंडन करती है और पुनः समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों से आग्रह करती है की इस बात पर कांग्रेस पार्टी और कॉग्रेसी नेता जनता को भ्रमित करने, डॉक्टरों को बरगलाकर आपातकाल स्वास्थ्य सेवाओं को बाधित करने की मंशा से बेबुनियाद ओछी राजनीति कर रही है। मामले में किसी भी भाजपा पदाधिकारी की संलिप्तता नहीं है। न ही इसकी शिकायत डॉक्टरों द्वारा की गयी है। आगे पत्रकार वार्ता को संबोधित करते भाजपा जिला महामंत्री द्वय धीरेन्द्र प्रताप एवं संतोष गुप्ता ने कहा की जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा विधायक चैतराम अटामी की लोकप्रियता से बौखला गयी है, उनके पास राजनीती करने का कोई मुद्दा नहीं रहा। विधानसभा चुनाव में करारी हार के पश्चात आगे कुछ माह में प्रदेश में संपन्न होने वाले नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में अपनी हार सुनिश्चित मानकर वे अभी से डरी हुई है। इसलिए किसी व्यक्ति विशेष के मामले को भाजपा और विधायक चैतराम अटामी से जोड़कर भाजपा और विधायक चैतराम अटामी की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रही है। कर्मा के सारे आरोप बेबुनियाद और निराधार है, कर्मा का बयान इस मुद्दे पर सिर्फएक ओछी राजनीती के माध्यम से सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का विफल प्रयास साबित हुआ है। कर्मा ने अपने बयान में कहा है कि भाजपा नेता संतोष साहू द्वारा महिला डॉक्टर के साथ दुर्व्यवहार किया गया है उन्हें पहले ये जानकारी होनी चाहिए की संतोष साहू भाजपा के न ही कार्यकर्ता पूर्व में थे न ही वर्तमान में है। इस मामले से भाजपा का दूर-दूर तक कोई लेना देना नहीं है न ही डॉक्टरों ने ये कहा है, विधायक चैतराम अटामी के पि ए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी है वो भी भाजपा के सदस्य नहीं है और इस मामले पर दोनों पक्षों ने अपनी शिकायत दर्ज करवाई है जो जांच का विषय है। जांच हो रहा है और कमलेश नाग को दोषमुक्त पाए जाने तक विधायक चैतराम अटामी ने पि ए के पदभार से मुक्त कर दिया है। तूलिका कर्मा के द्वारा जारी बयान में ये कहना है कि विधायक चैतराम अटामी के संरक्षण में डॉक्टरों के साथ दुर्व्यवहार किया गया है।

# महिला डॉक्टर के साथ हुई दुष्कर्म और हत्या के विरोध में नर्सिंग छात्रों ने निकाला जुलूस



पायनियर संवाददाता ◂ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

कोलकाता के आर जी कर मेडिकल में प्रशिक्षु डॉक्टर मोमिता देबनाथ के साथ हुए क्रूर दुष्कर्म और हत्या की घटना की पूरे देश में कड़ी निंदा की जा रहीं हैं साथ ही इस घृणित अपराध के दोषियों को कड़ी सजा मिले इसके लिए देश के अलग अलग प्रांतों में विभिन्न संघ संगठन व आम नागरिक आगे आकर खुलकर विरोध प्रदर्शन कर रहें हैं। इसी कड़ी में दंतेवाड़ा जिले की मोखपाल स्थित विश्व भारती इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के छात्रों द्वारा इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए जुलूस निकाला गया। इस जुलूस में छात्रों ने हाथों में तख्ती लिए पूरे आक्रोश के साथ वी वांट जस्टिस, नो मर्सी टू रेपिस्ट्स के नारे लगाएं। छात्रों ने बताया इस दुखद घटना ने पूरे देश के चिकित्सा समुदाय को झकझोर दिया हैं। यह स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों, विशेष रूप से महिलाओं द्वारा अपने कर्तव्य के दौरान सामना किए जाने वाले खतरनाक जोखिमों और चुनौतियों को उजागर करता है। इस कृत्य की हम कड़ी निंदा करते हैं साथ ही दोषियों को सख्त सजा देने डॉक्टरों के लिए न्याय और बेहतर सुरक्षा उपायों की मांग करते हैं। मौके पर नर्सिंग इंस्टीट्यूट के सीजा चौहान, सुमित्रा झाड़ी, साक्षी, बंसती, लक्ष्मी, प्रियंका निषाद, ममिता, सुशीला, निर्मला, मंजू, रमिता, किरण व अन्य उपस्थित थे।

# महिला डॉक्टर के साथ हुई दुष्कर्म और हत्या के विरोध में किरंदुल के युवाओं में दिखा आक्रोश




**किरंदुल।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में महिला डॉक्टर मोमिता देबनाथ के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के विरोध में पूरे देश में जन आक्रोश फैला हुआ हैं। देश के अलग-अलग प्रांतों में विभिन्न संघ संगठन द्वारा उक्त घटने की कड़ी निंदा करने के साथ ही दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की जा रहीं हैं। इस घटना के विरोध में लौह नगरी किरंदुल के युवाओं में भी जन आक्रोश देखने को मिला। युवा टीम द्वारा जय स्तम्भ चौक में मोमबत्ती जलाकर पश्चिम बंगाल सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी किया गया और न्याय हेतु आवाज़ बुलंद की गई।

# किरंदुल कॉन्ट्रेक्टर एसोसिएशन में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**किरंदुल।** एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में निविदा के माध्यम से कॉन्ट्रेक्ट लेकर कार्य करने वाली ठेकेदारों की संस्था किरंदुल ठेकेदार वेलफेयर एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों की गरिमामय उपस्थित में देश का स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम ठेकेदार संघ के अध्यक्ष अतुल सिंह ने संघ के कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इस दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल सिंह ,सचिव हरिशंकर मुखर्जी, उपस्थित रहे।

# मातृशक्तियां बचेली ने सावन झूला हरियाली तीज पर किया सावन झूला मिलन समारोह



पायनियर संवाददाता ◂ बचेली
www.dailypioneer.com

मात्र शक्तियों बचेली द्वारा सावन झूला का आयोजन किया गया जिसमें बचेली की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया राधा कृष्ण की फोटो को झूला में रखकर पूजा अर्चना के बाद का आयोजन का प्रारंभ हुआ महिलाओं को खेल प्रतियोगिता करवाई गई साथ ही झूला भारी-बड़ी से सब ने झूला झूलने का आनंद लिया भाजन पर मात्र शक्तियों झूम के थिरकी मातृशक्ति किरण भदोरिया ने बताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन पहले से होते रहे हैं और आगे भी सनातनी बहनों के साथ इस तरह की आयोजन होते रहेंगे इस तरह के आयोजन से हमें आपस में मेलजोल बच्चों को आगे आने वाली पीढ़ी को अपने त्योहारों के बारे में बात कर उन्हें उन्हें संस्कार देने का उद्देश्य भी शामिल है सभी को धन्यवाद आभार व्यक्त करते हुए मात्र शक्तियों ने एक दूसरे को बधाई दी आभार दिया और आपस में वादा किया कि हम इस तरह के आयोजन करते रहेंगे क्योंकि जब पहली बार आयोजन हुआ था तो कुछ कमियां थी उसके बाद कुछ और कुछ परेशानी है कुछ भी आए लेकिन इस तरह की आयोजन करने से आत्म संतुष्टि बच्चों के आगे आने वाली पीढ़ी को त्योहारों के बारे में बताने का अवसर मिलता हैं।

# 29वीं वाहिनी, आई.टी.बी.पी. ने बरामद की 2 आई.ई.डी.

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





29वीं वाहिनी, आई.टी.बी.पी., कोण्डागांव (छ.ग.) और डी.आर.जी. की टीम द्वारा अमदईघाटी-धनोरा-ओरछा एक्सिस में 29 बटालियन पूर्ण डिमाइनिंग ऑपरेशन चलाया जा रहा था। लगभग 40 कर्मियों की पार्टी उक्त उद्देश्य के लिए इंस्पेक्टर/जीडी राजकिशोर के नेतृत्व में धनोरा से रैनार एक्सिस तक आर.एस.ओ. एंड डिमाइनिंग ऑपरेशन में लगी हुई थी। पिकेटिंग प्वाइंट की तलाशी लेने के दौरान, सिपाही/जीडी राम कैलाश को मुरुम खदान के पास (सीओबी धनोरा से लगभग 1200 मीटर दूर) एक मैकेनिज्म से जुड़ी दो आई.ई.डी. (प्रत्येक 2 किग्रा) मिलीं।

आई.ई.डी. को सड़क के बाईं ओर 20 मीटर दूर रखा गया था। आई.ई.डी. की खोज के बाद आईटीबीपी की बीडीडीएस टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षित तरीके से आई.ई.डी.को डिफ्यूज किया गया। महेंद्र प्रताप, सेनानी के मार्गदर्शन में एंव द्वितीय कमान सैय्यद जावेद अली व उप सेनानी ऑप्स सुशील कुकरेती के ऑप्स एरिया में उपस्थिति से उक्त सफलता हासिल हुई और नक्सलियों के मंसूबों नाकाम करते हुए सुरक्षा बलों के विरूद्ध होने वाली बड़ी घटना को बचा लिया। यह आई.टी.बी.पी. टीम की बड़ी सफ्लता मानी जा रही है।

# स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में श्रमिक संघ एसकेएमएस ने कराया मैराथन दौड़






**किरंदुल।** 78 वीं स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर लौह नगरी किरंदुल में एनएमडीसी परियोजना के श्रमिक संघ एसकेएमएस के सचिव राजेश संधू एवं अध्यक्ष देवरायलू के दिशा निर्देश पर नगर में 6 किलोमीटर की मैराथन दौड़ कराया गया। 15 अगस्त शाम 4:00 बजे नगर के फुटबॉल ग्राउंड से यह मैराथन दौड़ का शुभारंभ एनएमडीसी परियोजना की मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस दौड़ में किरंदुल एवं किरंदुल के आसपास के क्षेत्र से लगभग 400 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें पुरुष वर्ग में 6 किलोमीटर की यह दूरी मात्र 25 मिनट 55 सेकेण्ड पूरी कर पांडुराम वट्टी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 11000 का नगद पुरस्कार जीता। द्वितीय स्थान पर मोहनलाल तेलाम रहे जिन हैं 7500 रुपए का नगद पुरस्कार प्राप्त हुआ वहीं तृतीय स्थान प्राप्त कर अनिल देहारी ने 5000 का नगद पुरस्कार जीता। महिला वर्ग में इस मैराथन में प्रथम स्थान बीजापुर की सुनीता कुरामी, द्वितीय स्थान पर दंतेवाड़ा की अनीता परसा एवं तृतीय स्थान पर किरंदुल की सीमा भंडारी रही। वही प्रथम 10 प्रतिभागियों को यह मैराथन दौड़ पूरी करने के लिए हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया।

# त्यौहारी सीजन के मद्देनजर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा दी जा रही दबिश

## जिले के कई प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए, कालातीत सामग्रियां कराई गई नष्ट

पायनियर संवाददाता ◂ कांकेर
www.dailypioneer.com





कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर के निर्देशानुसार खाद्य विभाग की टीम द्वारा जिले के विभिन्न होटल, मिष्ठान्न संस्थानों में औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की जांच की गई। साथ मिठाइयों और अन्य खाद्यान्न सामग्रियों के नमूने लेकर रायपुर स्थित प्रयोगशाला में परीक्षण के लिए भेजा गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी विमल कुमार सिंह, खाद्य निरीक्षक अमित कश्यप और उमेश कुमार सिन्हा की संयुक्त टीम द्वारा राखी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए त्यौहारी सीजन में बहुतायत उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों जैसे मिठाइयों, खाद्य तेल, बेसन, मैदा आदि का निरीक्षण कर विगत दिनों कुल 10 नमूने जांच हेतु लिए गए, जिन्हें राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर भेजे गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि इनमें मेसर्स जैन मिष्ठान टिकरापारा कांकेर से खोवा, यादव होटल भंडारीपारा कांकेर नारियल चमचम एवं कलाकंद, जय हिन्द होटल पुराना बस स्टैंड कांकेर से बेसन लड्डू, राजस्थान स्वीट्स कांकेर से पेड़ा, दुर्गेश रेस्टारेंट चारामा से बर्फी, सुरेश होटल चारामा कलाकंद, जोधपुर मिष्ठान चारामा मिल्क केक, श्री श्री तारकनाथ मिष्ठान भंडार पखांजुर से चमचम एवं मोचक के नमूना लिया गया। साथ ही जैन मिष्ठान से 15 किग्रा किट एवं कचरे युक्त रसगुल्ला, कालातीत (एक्सपायरी) ब्रेड, एक्सपायरी कोल्डड्रिंक्स को मौके पर नष्ट कराया गया एवं राजस्थान स्वीट्स में 5 किग्रा खराब गुलाब जामुन एवं 3 किलो खराब जलेबी को मौके पर नष्ट कराया गया एवं आगे की कार्यवाही खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत की जाएगी। इसी प्रकार यादव होटल भंडारीपारा कांकेर से 2 नग घरेलू सिलेंडर, दिलदार होटल कांकेर से 1 नग घरेलू सिलेंडर, राजस्थान स्वीट्स से 1 नग घरेलू सिलेंडर, राजेश होटल पुराना बस स्टेंड कांकेर से 1 नग घरेलू सिलेंडर, मां जालवा देवी मोमोस कांकेर से 1 नग घरेलू सिलेंडर, दत्ता फास्टफूड कांकेर से 1 नग घरेलू सिलेंडर, आयुष चिकन चिल्ली कांकेर से 1 नग घरेलू सिलेंडर, रूपेश चाट कार्नर कांकेर से 1 नग घरेलू सिलेंडर, पटेल मोमोस कांकेर से 1 नग घरेलू सिलेंडर कुल 10 घरेलू सिलेंडर पर मौके में कार्यवाही की गई।

### जुर्माने के तौर पर अब तक साढ़े तीन लाख रुपए वसूले गए

साल 2024 में अब तक अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एवं न्याय निर्णयन अधिकारी जिला कांकेर द्वारा 7 प्रकरण में कार्यवाही करते हुए कुल 03 लाख 49 हजार 999 रुपये की दण्ड राशि अधिरोपित किए जा चुके हैं, जिसमें देशी मदिरा दुकान कांकेर बीस हजार रुपये, दास किराना बांदे दो लाख निनायन्बे हजार नौ सौ निन्यानबे रुपये, राजस्थान स्वीट्स अंतागढ़ दस हजार रुपये आसिफ चिकन सेंटर से पांच हजार रुपये, साहू चिकन सेंटर से पांच हजार, इंडिया चिकन सेंटर पांच हजार, न्यू आबिद भाई चिकन सेंटर से पांच हजार रुपये शामिल है। वर्तमान में अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एवं न्याय निर्णयन अधिकारी जिला कांकेर 5 प्रकरण लंबित है, जिसमें जय हिन्द होटल कांकेर, सत्यानंद मिष्ठान भंडार पखांजूर, सद्दाम चिकन कांकेर, सोनू ट्रेडिंग भानुप्रतापपुर, ए.एस. बिरयानी कांकेर में दण्ड अधिरोपित किया जाएगा।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह पर नगरपालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने किया कार्यालय में ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त समरोह के अवसर पर नगर पालिका परिषद कार्यालय भवन में आजादी के 78वीं वर्षगाठ मनाते हुए कार्यालय को रोशनाईयों से सजाया गया। साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के द्वारा राष्ट्रीय पर्व मनाते हुए ध्वारोहण किया गया। ध्वजारोहण पश्चात् ध्वज सलामी दी गयी। इस दौरान बलौदाबाजार विधानसभा के पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई, पार्षदगणों एवं कार्यालयीन कर्मचारियों के द्वारा ध्वज सम्मान पश्चात् राष्ट्रगान किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंदकुमार साहू एवं नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल के द्वारा आमंत्रित सभी गणमान्य नागरिक एवं उपस्थित पार्षदगणों को सम्बोधित करते हुए आजादी के 78वीं वर्षगाठ के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी व आजादी के लिये अमर शहीदों को उनके द्वारा किये गये त्याग व दिये गये बलिदान को स्मरण किया गया व आमंत्रित अतिथियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पार्षद एवं सभापति संकेत शुक्ला, जितेन्द्र महाले, अमितेष नेताम, गौतम ठेठवार, रीटा केशरवानी, अंजनी भारद्वाज, सतीष पटेल, मनजीत कौर सलूजा, मनोजकांत पुरैना, कमल टण्डन, सविता साहू, प्रियंका सोनी, डिगेश्वरी नामदेव, रोहित साहू, क्रांति साहू, राजू सलूजा, कमल भारद्वाज, दिगंम्बर साहू, आशीष वाकड़े, कृष्णा द्विवेदी, लक्ष्मी साहू, कृष्णा सेन, महेन्द्र जैन, एस.एम. पाध्ये, मुरारी साहू, महेन्द्र सलूजा, अमन तिवारी, सौरभ पटेल, विद्याभूषण साहू सहित नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित अन्य नागरिकगण उपस्थित थें।

# तिल्दा, डोंगरा सहित जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

आजादी का राष्ट्रीय महापर्व 78वां स्वतंत्रता दिवस पूरे जिले बलौदाबाजार में उत्साह एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए गए। सार्वजनिक संस्थाओं सहित विभिन्न जगहों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा आन बान शान से फहराया गया। स्कूली बच्चों सहित जनप्रतिनिधियों ने भारत की आन बान शान राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को सलामी देकर नमन किये गए।देश के आजादी मे अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले अमर शहीदों के प्रतिमाओं पर पुष्प गुलाल तिलक लगाकर स्मरण किये गए। जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा के ग्राम पंचायत कार्यालय, प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ आजादी के पर्व को मनाए गए। ध्वजारोहण कार्यक्रम में बड़े पैमाने पर ग्राम जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीणों, स्कूली बच्चों शिक्षकों उपस्थित रहा। इसके अलावा डोंगरा हाई स्कूल, प्राथमिक स्कूल, मीडिल स्कूल में भी भी ध्वजारोहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। डोंगरा स्कूल में ध्वजारोहण वर्तमान अध्यक्ष शिव वर्मा, सरपंच मनोज टंडन, शिक्षक शिक्षिकाओं सहित ग्राम जनप्रतिनिधियों ने किये।

# डॉ. सनम जांगड़े ने भाजपा कार्यालय पर फहराया तिरंगा

## कार्यकर्ताओं को देश की रक्षा का संकल्प दिलाया, अन्य नेता भी रहे



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने जिले एवं प्रदेशवासियों को 78 वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रितेश श्रीवास्तव ने बताया की बीजेपी दफ्तर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे से गूंज उठा। स्वतंत्र भारत 77 साल का सफर पूरा कर 78 वें साल में प्रवेश कर चुका है। इस मौके पर पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने अन्य भाजपा नेताओं की गरिमामय मौजूदगी में बलौदाबाजार के भाजपा जिला कार्यालय में झंडा फहराया और कार्यकर्ताओं को देश की रक्षा का संकल्प दिलाया। नपा अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल और पूर्व नपा अध्यक्ष द्वय अशोक जैन और नंदकुमार साहू ने भी दी नागरिकों को बधाई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी ने किया। इस दौरान भाजपा नेता विजय केशरवानी, धनंजय साहू, नीलम सोनी, अनिल बघेल, उमेश बाजपेई, सुनीता वर्मा, संकेत शुक्ला, डोमन वर्मा, आलोक अग्रवाल, पुरुषोत्तम सोनी, पुरुषोत्तम साहू, मणिकांत मिश्रा, रोहित साहू, सतीश पटेल, शिवशंकर अग्रवाल, खोडशराम कश्यप, सविता प्रदीप साहू, राहुल सोनी, मंजीत कौर सलूजा, पवन जायसवाल, प्रियंका सोनी, रीटा केशरवानी, कमल टंडन, जितेंद्र महाले, कमल भारद्वाज, वासु ठाकुर, महेंद्र सलूजा, इंदु पंजवानी, शांति पात्रे, राजू सलूजा, कृष्णा सेन, राकेश ध्रुव, राजकुमार बंजारे, संतोष कोशले, अंशु ताम्रकार, आकाश सिंह, आकाश जायसवाल, घनश्याम भारती, कृष्णा द्विवेदी, सुशीला वर्मा, सीमा केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

**वीर सैनिकों के पति पूरा राष्ट्र कृतज्ञ : टेसूलाल धुरंधर**

बीजेपी नेता टेसूलाल धुरंधर ने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि वीर सैनिकों की वजह से ही भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं हम उनके प्रति कृतज्ञ है।

# प्रकृति संरक्षण एवं वायुमंडलीय तापमान में परिवर्तन रोकने वृक्षारोपण आवश्यक : रंजना साहू

## एक पेड़ मां के नाम एक ऐसी मुहिम जो बदल सकती है धरातल का वातावरण : चेतन हिंदूजा



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

गंगरेल में मानव वन एडवेंचर का 5 साल बाद सैलानियों के लिए नवीनतम एडवेंचर का पुनः शुभारंभ के अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशव्यापी अभियान के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया, रंजना डीपेंद्र साहू ने बताया कि प्रकृति संरक्षण एवं वायुमंडल में हो रहे बदलाव में कमी लाने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना अति आवश्यक है, कुछ समय पूर्व गर्मी की भयावहता को हमने देखा है और इसमें परिवर्तन लाने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना आवश्यक है निरंतर जिस तरह से वृक्षों की कटाई हो रही हैए उससे अधिक पौधारोपण करना आवश्यक है यह तभी संभव होगा जब हम एक जुट होकर देश प्रधानमंत्री मोदी के एक पेड़ मां के नाम की इस देशव्यापी अभियान में हिस्सा बनेंगे, जो पौधारोपण किए हैं उनके देखभाल बड़े होते तक करेंगे। साहू ने आगे कहा कि धमतरी में स्थित रवि शंकर जलाशय जिसे हम गंगरेल के नाम से जानते हैं यह पावन धरती मां अंगार मोती की छत्रछाया में बसी है, 5 वर्षो के पश्चात गंगरेल में निर्मित मानव वन एडवेंचर में नए-नए विभिन्न सुविधाओं का शुभारंभ ख़ासकर ट्रैकिंग के क्षेत्र में युवाओं के लिए सौगात है। साहू ने समस्त क्षेत्रवासियों से एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर एक पेड़ मां के नाम लगाने का आवाहन किए। भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम एक ऐसी मुहिम है जो धरातल के वातावरण को बदल सकती है। धरती का श्रृंगार वृक्ष है और आने वाले भविष्य के लिए इसे सुरक्षित रखना हमारा नैतिक दायित्व है। इस अवसर पर जनपद सदस्य जागेश्वरी साहू, वीरेंद्र साहू, डीपेंद्र साहू, राकेश साहू, अधिकारीगण, फारेस्ट विभाग के अधिकारी कर्मचारी, एंडवेंचर में कार्यरत कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त प्रधान पाठक सुरेश कुमार पाण्डेय ने पर्यावरण संरक्षण में अनूठी मिसाल पेश की



पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

कसडोल विधानसभा के नगर पंचायत लवन में एक ऐसे सेवानिवृत्त प्रधान पाठक भी रहते हैं जिन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में बच्चों को बेहतरीन शिक्षा तो दिये हैं साथ ही सेवाकाल के दौरान वृक्ष प्रेमी बनकर लगातार जंहा जंहा उनकी पदस्थापना रहा है उन जगहों को हरियाली से परिपूर्ण करने में कोई कसर नहीं छोड़ा है। उन जगहों पर नाना प्रकार के वृक्ष लगाकर पर्यावरण सरंक्षण में अनूठी पहल पेश किए गए हैं। हम बात कर रहे हैं रिटायर्ड प्रधान पाठक सुरेश कुमार पाण्डेय जो भाजपा नेता मनोज पाण्डेय के बड़े भाई है। जिनका लगाव शुरू से ही बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ साथ वृक्षारोपण के प्रति समर्पण देखा गया है। जिसके बदौलत बहुत सारे जगहों पर वृक्षारोपण के कार्यों को गति भी मिलता रहा है। उन्होंने लगातार वृक्षारोपण के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य का परिचय देते हुए कसडोल ब्लॉक के मुड़ियाडीह स्कूल पहुँचकर विगत दिवस अपने साथ बहुत सारे वृक्षों को लेकर पौधरोपण कर सार्थक पहल किये गए। इस कार्य में वहां पदस्थ शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी योगदान दिये हैं। गौरतलब हो कि पाण्डेय का वृक्षारोपण की दिशा में अभिनय करीब कई वर्षों से जारी है जिन्हें ट्री मैन कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। लोगों ने उनके कार्यों की जमकर तारीफ किये गए हैं। उनके द्वारा वृक्षारोपण किये गए स्कूल की बात करें तो बाजार भाटा, छुइहा, कटगी सहित इन गॉव के स्कूल सहित नदी किनारे में वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण किये हैं। जिससे धरती का श्रृंगार हुआ है।

# कांग्रेस नेता विमल साहू ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात कर की राजनीतिक चर्चा



पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

कसडोल विधानसभा के कांग्रेसी नेता विमल कुमार साहू विगत दिनों दिल्ली प्रवास के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय मल्लिकार्जुन खड़गे से सौजन्य मुलाकात कर आशीर्वाद लिया गया। इसके अलावा छत्तीसगढ़ एवं कसडोल विधानसभा के राजनीतिक तथ्यों पर प्रकाश डाला। इस सम्बंध में पायनियर संवाददाता से चर्चा करते हुए साहू ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे से भेंट मुलाकात बहुत अच्छा रहा। खड़गे सदैव मुझे एक बेटा की तरह ही स्नेह प्रेम आशीर्वाद मार्गदर्शन एवं सुझाव देते आ रहे हैं। उनसे मुलाकात के बाद निश्चित ही एक अलग अनुभूति एवं उर्जा मिलती है जिससे पार्टी के लिए उतनी ही नई जोश के साथ काम करने का सौभाग्य प्राप्त होता है। नेता साहू ने यह भी कहा कि खड़गे हम जैसे कांग्रेस के सिपाहियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

# सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया



पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरपुर में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के सभी बहनें क्रमशः सभी भैया के कलाई में राखी बांधे तत्पश्चात विद्यालय के सभी दीदीयों के द्वारा सभी आचार्यों को राखी पहनाया गया। विद्यालय के प्राचार्य कमल लोचन स्वर्णकार के द्वारा भाई-बहनों को इस पवित्र त्यौहार को संबोधित करते हुए रक्षाबंधन कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदीयों का विशेष योगदान रहा। यह जानकारी विद्यालय के प्रचार-प्रसार प्रमुख नयन श्रीवास ने दिया।

# ग्रामिणों ने अपने निजी खर्चों से किया पुल का निर्माण, आने-जाने में होती है परेशानी

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले से एक अनोखी खबर सामने आई है, दरअसल सरायपाली विकास खंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कलेंडा के आश्रित ग्राम जोगीदादार का है जहां पिछड़ा वर्ग और आदिवासी जाति के बाहुल्य ग्राम है जहां के ग्रामीण बड़े शान से झंडा फहराया फिर अपने निजी खर्चों से पूरे ग्रामीणों ने पुल का निर्माण कर दिया। ग्रामीणों की माने तो बरसात के दिनों में गांव टापू में तब्दील हो जाता है जिसके वजह से स्कूली बच्चों के पढ़ाई के साथ साथ एंबुलेंस जैसे जरुरी सुविधा भी नहीं मिल पाता आए दिन बरसात के दिनों में ग्रामीण अपने घर से बाहर निकल नही पाते जिसके वजह से ग्रामीणों को भारी समस्याओं से जूझना पड़ता था वही पूरे ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया की पिछले 40 वर्षो से शासन प्रशासन से पक्की सड़क और पुलिया बनाने की मांग करते आ रहे हैं लेकिन आजादी के 78 वें वर्ष पूरे होने के बाद भी अब तक ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाया वही गांव से लगभग 1.5 किलोलीटर की दूरी पर पक्की सड़कें बनी है और गांव से पक्की सड़क को जोड़ने वाली एकमात्र सड़क है जिसमे बरसात के दिनों में वाहन चलना तो दूर ग्रामीणों को चलना भी दुभर हो जाता है कीचड़ से भरी सड़क को अगर कोई ग्रामीण पार भी कर लेता है लेकिन आगे एक नाला को पार करना किसी चुनौती से कम नहीं है रोजाना ग्रामीण अपने जान को जोखिम में डालकर अपने दिनचर्या के लिए निकलने को बेबस है। जिसको लेकर पूरे ग्रामीणों ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन अपने निजी खर्च से पुलिया बनाने को मजबूर हो गए।

# होटल, ढाबा, में शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले संचालकों एवं चखना सेंटर पर कार्यवाही लगातार जारी



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आपरेशन विश्वास के तहत अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 16.08.2024 को सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सडक मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले कुल 06 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किया गया है। कार्यवाही में थाना सिमगा द्वारा 02 आरोपी, थाना कसडोल द्वारा 04 आरोपियों को अपने होटल, ढाबा, ठेला में अवैध रूप से लोगों को सुविधा उपलब्ध कराकर शराब पिलाते हुए तथा अवैध रूप से चखना सेंटर चलाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत करवाई किया गया है।

# राटापाली में युवा मित्र मंडल का गठन किया गया




पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

ग्राम राटापाली के युवाओ के द्वारा युवा मित्र मंडल का गठन किया गया है। ज्ञात हो की मित्र मंडल के सदस्यों ने गांव मे साफ सफाई से लेकर शिक्षा आर्थिक समाजिक एवं ग्रामीण विकास को लेकर सकारत्मक परिणाम आने हेतु प्रयास से संकल्पित है इस तरह बागबाहरा विं खंड के उड़ीसा सीमा से लगे हुए शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला राटापाली में 78 वें स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। जिस पर युवा मित्र मंडल द्वारा कक्षा छठवी और सातवीं के सभी छात्र छात्राओं के लिए नए प्लेट खरीद कर प्रदान किया। वहां के युवा मित्र मंडल के सदस्यों ने बताया कि पुर्व माध्यमिक शाला राटापाली मे बच्चो के लिए शासन ने मध्यान भोजन की व्यवस्था तो की गई है परंतु थाली नही होने से बच्चे अपने घरो से थाली लाकर मध्यान भोजन करते थे। इस गांव के युवा मित्र मंडल के सदस्यों मे देखा नही गया, वे 17 अगस्त दिन शनिवार को शाला पहुंच कर सभी 54 बच्चो के लिए नए प्लेट उपलब्ध कराया गया। बच्चो को नये थाली मिलने से उत्साह साथ ही मध्यान भोजन के साथ मुंह मीठा भी कराया। इस दौरान राधेश्याम पटेल सेवा निवृत्त प्राचार्य शिशुमंदिर किशोर पटेल लोकेश्वर यादव अनुक साहू डीगेश पटेल रेशम साहू ओमकार पटेल प्रकाश पटेल दुलेश पटेल सुभाष पटेल नवल पटेल राजेश पटेल तुलेश पटेल नोहर यादव आदि का योगदान रहा है। उपसरपंच मोहरद यादव ग्राम प्रमुख लखन पटेल कुशल साहू अमरू साहू, प्रधान पाठक प्रेमिन मारकंडे शिक्षिका प्रमोद दास, शिक्षक सुबेलाल बरिहा इत्यादि ने मित्र मंडल के सहरानीय कार्य की प्रसंशा करते हुए शाला मे व्यवस्था मे सुधार लाने हेतु आग्रह किया।

# बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर के भंडारे में सेवादारी किए पार्षद मोटवानी

## भजन और भोजन आत्मिक संतुष्टि और सेवा का है सच्चा धर्म : विजय मोटवानी



पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगर में चारों ओर इन दोनों भक्ति का वातावरण बना हुआ है जिसमें सार्वजनिक जीवन जीने वाले सहित शहर के सारे लोग समय-समय पर सम्मिलित होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं सावन माह के अंतिम सोमवार से पूर्व शहर में निकली विशाल पोथी यात्रा के पश्चात भगवान भोले भंडारी का विशाल भंडारा बुढेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सुबह से चल रहे पूजा अर्चना के पश्चात प्रारंभ हुआ। जिसमें भाजपा के नेता तथा नगर निगम के मुखर पार्षद एवं पार्षद दल के कोषाध्यक्ष विजय मोटवानी शामिल होते हुए अपनी सेवा देते हुए सभी को सावन महाभारत होने वाले शिव पुराण तथा उसे भक्ति का संचार करने वाले बोल बम कांवरिया संघ के सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही मोटवानी ने कहा कि हिंदू धर्म हमेशा से भक्ति भावना में भजन को महत्वपूर्ण माध्यम मानते हुए हमेशा इसमें डूबा हुआ रहता है इसके साथ ही भूखे को भोजन कराना ही सच्चे धर्म के रूप में हमारे धर्मशास्त्र हमें संस्कार देती है इसलिए दुनिया में कहा जाता है कि भजन और भोजन से बड़ी सेवा कोई नहीं है इसलिए ऐसे आयोजनों में अपना तन मन धन से योगदान देने वाले समाज के सच्चे धर्म सेवक होते हैं।

# इस संसार में बस परमात्मा और गुरु ही है जो अपनी योग्यता से अमूल्य को मूल्यवान बना सकते है : विशुद्ध सागर

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



परम पूज्य विशुद्ध सागर म.सा. ने अपने प्रवचन में फरमाया कि परमात्मा और गुरु की कृपा से पहले मैं एक बुझा हुआ दीया के समान था, जब आपकी कृपा दृष्टि मुझ पर पड़ी मेरी जिंदगी रोशन हो गई, अब यही प्रार्थना है आगे भी इसी तरह आपकी कृपा दृष्टि मुझ पर पड़ी रहे। मैं इस जगत में एक सीप की तरह खाली था, जिस पर आपके स्नेह की दृष्टि पड़ते ही मोती की तरह मूल्यवान हो गया। इस संसार में बस परमात्मा और गुरु ही है जो अपनी योग्यता से अमूल्य को मूल्यवान बना सकते है। संसार की कोई भी वस्तु खरीदने के समय अपने आप को जागृत या सावधान रखते हैं। उसी प्रकार हमे गुरु के प्रति सदा जागरूक रहना चाहिए। जो भक्त नही बन सकता वो कभी भगवान नही बन सकता। आज हमे जानना है गुरु भक्त कौन और गुरु द्रोही कौन। गुरु द्रोही- गुरु की अवज्ञा करने वाला गुरु द्रोही कहलाता है। हम अपने गुरु को मान लेते है लेकिन दूसरे गुरु की अवज्ञा करते हैं तो भी वह गुरु द्रोही कहलाता है। गुरु के साथ साथ गुरु के प्रतिनिधि को भी गुरु मानना चाहिए। गुरु की आज्ञा का उलंघन करने वाला भी गुरुद्रोही कहलाता है। गुरु के साथ बैर का भाव रखने वाला भी गुरु द्रोही कहलाता है। गुरु के प्रति बैर का भाव रखने वाला शिष्य गुरु के नमन करने के योग्य नहीं माना जा सकता। गुरु की निंदा करने वाला गुरुद्रोही कहलाता है। गुरु के साथ मनमाना आचरण करने वाला भी गुरुद्रोही कहलाता है। गुरु द्रोही का मुख भी नही देखना चाहिए। क्योंकि उसके कारण हम भी पाप के भागीदार बन सकते है। अपने मन की इच्छा पूरी करने के लिए गुरु को दुखी करने वाला भी गुरुद्रोही कहलाता है। गुरु को आहार देने के समय चार बातों का ध्यान रखना चाहिए। पहला भावना अर्थात गुरु को आहार देने का शुद्ध भाव रखना चाहिए, दूसरा निवेदन अर्थात गुरु से निवेदन करना चाहिए की हमे आप आहार अर्थात गोचरी का लाभ देवे, तीसरा आग्रह गुरु से आग्रह करना चाहिए और आग्रह स्वीकार होने पर ही कुछ देना चाहिए।

# अवैध शराब का परिवहन करते पुलिस ने एक बोलेरो और 48 हजार रुपए कीमत की शराब किया जब्त

## जशपुर पुलिस कप्तान का शख्त निर्देश अवैध शराब बिक्री-परिवहन करने वालों पर होगी बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



अवैध शराब परिवहन की सूचना मिलने पर फरसाबहार पुलिस ने पण्डरीपानी पटकोना चौक में हमराह स्टाफ के साथ वाहन चेकिंग किया, चेकिंग के दौरान 01 हल्का ग्रीन फोरेस्ट रंग का बोलेरो वाहन क्र. सीजी- 14/सी/0276 बागबहार की ओर से आ रहा था जिसे रोका गया जो न रूक कर तिलंगा रोड के तरफ भागने लगा जिसका पीछा कर पण्डरीपानी ईमलीटोली तिराहा चैक के पास उक्त बोलेरो वाहन घेराबंदी कर रोका गया। वाहन में बैठे व्यक्तियों से उसका नाम पता पूछने पर सुखन राम चौहान पिता स्व. बुधु राम चौहान उम्र 48 वर्ष ग्राम माकरचुंआ एवं वाहन चाहक का नाम ललित कुमार चौहान पिता सुखन राम चौहान दोनों साकिनान माकरचुंआ थाना बागबहार जिला जशपुर का रहना बताया गया। उक्त वाहन को चेक करने पर पीछे सीट में रखे प्लास्टिक बोरी में ढककर रखा गया 04 कार्टून Central Provine नामक पौवा अंग्रेजी शराब एवं 03 कार्टून में किंग फिशर बीयर पाया जाने से आरोपी सुखन राम चौहान एवं ललित कुमार चौहान के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए मौके पर आरोपी के कब्जे से कुल अंग्रेजी शराब 34 लीटर 560 एम.एल. कीमती 40,320 रूपये, किंग फिशर स्ट्रोंग बीयर 23 लीटर 400 एम.एल. कीमती 7,920 रूपये, जुमला लीटर 57.590 ली. कुल कीमती 48,240 रूपये जप्त किया गया एवं अवैध शराब परिवहन में उपयुक्त वाहन क्रमांक सीजी-14/सी/0276 एवं आरोपी के कब्जे से मोबाईल फोन को जप्त किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 49/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक विवेक भगत एवं थाने के पुलिस स्टाफका योगदान रहा है। शशि मोहन सिंह एसपी ने जिला जशपुर के समस्त चौकी/थाना प्रभारियों को अवैध शराब,जुआ सट्टा एवं अन्य गतिविधियों की शिकायत मिलने पर तत्काल वैधानिक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। सूचना मिलने पर त्वरित वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मियावाकी पद्धति से किया वन महोत्सव का शुभारंभ

■ वृक्षारोपण करना स्वस्थ पर्यावरण के लिए बेहद आवश्यक, जनप्रतिधियों के साथ कलेक्टर एवं एसपी ने किया पौधारोपण

पायनियर संवाददाता ◀ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



जिला कलेक्टर कार्यालय परिसर में ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग द्वारा किया गया। आयोजन में कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मियावाकी पद्धति के माध्यम से परिसर में वन महोत्सव का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वनमण्डलाधिकारी ने वन महोत्सव के माध्यम से जिले में मियावाकी पद्धति के बारे में बताया। बड़े-बड़े मेट्रो सिटी में इस पद्धति के माध्यस से वानिकी किया जा रहा है। एक-एक मीटर के दूरी पर संघन वृक्षारोपण किया जा रहा है। जिससे घना वन मिलता है। जिससे हमें शुद्ध हवा मिलता है। 30 प्रतिशत कार्बन डाइऑक्साइड सोखता है। इतना ही वायु और ध्वनि प्रदूषण भी सोखता है। हमारा मनेंद्रगढ़ अर्बन हिट आईलैण्ड बन सकता है। जिले के लोगों ने कॉफी मात्रा में पौधारोपण किया है। इसी प्रकार खाली स्थानों में और अधिक पौधारोपण करने की आवश्यकता है। जिससे हमें स्वस्थ पर्यावरण का लाभ मिलेगा। हमारे जिले में इस बार बारिश अच्छा हुआ है। पौधारोपण के लिए हमें पर्याप्त मात्रा में आर्द्रता और नमी मिलेगी। उन्होंने जिले जनप्रतिनिधिया, अधिकारियों, महतारी वंदन के हिग्राहियों तथा स्कूल के छात्र एवं छात्राओं को अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने वनमण्डलाधिकारी को जिले में पौधा रोपण कार्यक्रम को अभियान के मिशन मोड में करने कहा। जिससे हम अपनी आने वाली पीढ़ी को शुद्ध एवं स्वच्छ हवा प्रदान कर सके। पर्यावरण एवं वानिकी की उपलब्ध बताते उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरूघासीदास तमोर पिंगला के रूप में जिले को बड़ा उपहार दिया है। जिसकी स्वीकृति कैबिनेट में मिल चुकी है।

# पुलिस परेड ग्राउंड में वनमंत्री केदार कश्यप ने निगम के कर्मचारियो को सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र से किया सम्मानित





पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत दुर्ग शहर के पुलिस परेड ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने विधायक गजेंद्र यादव, विधायक ललित चन्द्राकर,कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की मौजूदगी में नगर पालिक निगम के सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारी प्रभारी उप राजस्व निरीक्षक संजय मिश्रा को निगम क्षेत्र में राजस्व वसुली हेतु उत्कृष्ट कार्य,सहायक राजस्व निरीक्षक रूपेश नायक को वार्ड कमांक 41, 42 एवं 43 में राजस्व वसुली उत्कृष्ट कार्य हेतु एवं सहायक राजस्व निरीक्षक साक्षी चौहान को नगर निगम में पेंशन प्रकरण तैयार करने एवं विभागीय कार्यो में नस्ती प्रस्तुतीकरण हेतु उत्कृष्ट कार्य किये जाने के लिए प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम में दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, एसडीएम मुकेश रावटे, सहायक राजस्व अधिकारी भूपेंद्र गोइर अधिकारी/कर्मचारीगण सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, नगर के गणमान्य नागरिक, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारी, विभिन्न स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

# अभियान में रोड़ा बनने पर घर का कटेगा नल कनेक्शन

## कॉकरोच है टायफाइड का संवाहक

पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com



कुछ घंटे या फिर कुछ दिन के अंतराल में बारिश होने पर मच्छर या अन्य बीमारी का प्रकोप बढ़ने लगता है। यही वजह है कि बीमारी महामारी का रूप न ले, एहतियात बरते अभियान में तेजी लाई गई है। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.सी. बंजारे रिसाली के जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दे रहे है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने निर्देश दिए है कि फाइट द बाइट अभियान में रोड़ा बनने वाले के साथ सख्ती से पेस आया जाएगा। ऐसे लोगों के निवास में लगे नल कनेक्शन को विच्छेद किया जाएगा। डॉ.सी.बी.सी. बंजारे ने कहा कि मच्छर पनपने के लिए वर्तमान मौसम अनुकुल है। आने वाले 15 सितंबर तक मच्छर के लार्वा की तलाश कर उसे नष्ट करे। मच्छर किसी भी प्रकार का हो वह जानलेवा हो सकता है। यही वजह है कि टेमीफॉस का पहले उपयोग करे फिर कुलर व जमा हुआ पानी खाली करे। प्रशिक्षण देते हुए डॉ. बंजारे ने कहा कि निगम का अमला ठहरे हुए बारिश के पानी में जला आइल अवश्य डाले। यह खानापूर्ति के तौर में नहीं होना चाहिए। गाड़ी की स्पीड 5 कि.मी. प्रति घंटा हो. डॉ. बंजारे ने कहा व्यस्क मच्छर को मारने फॉगिंग करे। कर्मचारी ध्यान रखे कि धुंआ जमीन, घरों और झाड़ियों तक पहुंचे। फॉगिंग करते समय गाड़ी की स्पीड 5 किलोमीटर प्रति घंटा हो। कॉकरोच है टायफाइड का संवाहक-जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि घरों में कॉकरोच होता है। वही कॉकरोच पीलिया, टायफाइड का संवाहक है। दरअसल कॉकरोच नाली में छिपा रहता है। वॉश बेसिन के रास्ते वह बर्तन तक पहुंचता है।

# शुष्क दिवस में जप्त की गई मध्यप्रदेश निर्मित मदिरा, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा विक्रय के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। आबकारी विभाग द्वारा 15 अगस्त को गश्त के दौरान विकाखण्ड धमधा के ग्राम- धौराभाटा में अवैध शराब की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपी रोशन साहू पिता शांतिलाल साहू उम्र 24 वर्ष निवासी धौराभाटा से एक प्लास्टिक बोरी में 46 नग पाव मध्यप्रदेश निर्मित गोवा स्प्रिट ऑफ स्मूथनेस गोवा व्हिस्की (नॉन ड्यूटी पेड) शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36 के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक भूपेन्द्र कुमार नेताम द्वारा विवेचना में लिया गया है। इसी प्रकार एक अन्य प्रकरण में गश्त



के दौरान आरोपी मुरली सहानी पिता शिवनाथ सहानी निवासी शीतला मंदिर के पास केम्प 2, छावनी से 35 नग मसाला पाव शराब सहित एक एक्टिवा स्कूटी सीजी 07 एलजे 4251 से जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुप्रिया शर्मा के द्वारा विवेचना में लिया गया है। इस प्रकरण में सहायक जिला आबकारी अधिकारी पंकज कुजूर, आबकारी उप निरीक्षक प्रियंक ठाकुर, आबकारी मुख्य आरक्षक दया राम गोटे, प्रहलाद सिंग राजपूत, ऑपरेटर आयुष उइके एवं वाहन चालक दुर्गा प्रसाद साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक संपन्न

## जिला अधिकारियों को जिला भ्रमण करने के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ◀ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर डी.राहुल वेंकट की अध्यक्षता एवं कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में उच्च प्राथमिकता के 103 कार्य तथा अन्य प्राथमिकता के 22 कार्य कुल 125 कार्यों जिनमे से उच्च प्राथमिकता के 93 कार्य तथा अन्य प्राथमिकता के 22 कार्य जिसमें प्रशासकीय स्वीकृति अनुमोदन किया गया जिनमे से 10 कार्यों को निरस्त व प्रशासकीय स्वीकृति आदेश जारी नहीं किया गया हैं।पेयजल आपूर्ति कार्य के लिए मनेन्द्रगढ़ के कुल 12 कार्यो के लिए कुल अनुमानित राशि 23.87, शिक्षा के कार्य मनेन्द्रगढ़ 11 व भरतपुर 9, स्वास्थ्य देखभाल के लिए 10 कार्यो के लिए स्वीकृत, कृषि एवं संबंधता 1,स्वछता कार्य 1,सतत जीविकोपार्जन कार्य 1,भरतपुर- खड़गवा-मनेन्द्रगढ़ में जनकल्याण के कुल 68 कार्य, पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण उपाय के कुल 5 कार्य, कौशल विकास एवं रोजगार के 1 कार्य, प्रशासनिक व्यय के 1 कार्य, ऊर्जा एवं जल विभाग विकास के कुल 6 कार्य, भौतिक अधोसंरचना 9 कार्य वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु वार्षिक कार्ययोजना का स्वीकृत किया गया। बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास के सदस्यों ने राशि का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सिंचाई के लिए अधिक से अधिक उपयोग करने पर जोर दिया। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिले में बारिश के बाद जल संसाधन विभाग को जलाशयों में जल प्रबंधन के व्यापक उपाय करने के निर्देश दिये।

# 'जोहार तिरंगा' में आजादी का संघर्ष जीवंत कर दिया रिखी और उनकी टीम ने

## मुख्यमंत्री साय व अतिथियों ने खूब सराहा कलाकारों की प्रस्तुति को

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com




'हर घर तिरंगा' अभियान के अतंर्गत छत्तीसगढ़ शासन की ओर से राजधानी रायपुर में 'जोहार तिरंगा' का आयोजन इंडोर स्टेडियम में रखा गया। जिसमें पार्श्व गायक कैलाश खेर की प्रस्तुति के अलावा अंचल के प्रख्यात लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय के समूह को मंच दिया गया था। यहां रिखी व उनके दल ने 'वंदे मातरम' की विशेष प्रस्तुति दी। जिसमें देश की आजादी के संघर्ष को कलाकारों ने जीवंत कर दिया। इस प्रस्तुति की दर्शकों सहित तमाम अतिथियों ने खूब प्रशंसा की। शुरूआत में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 'जोहार तिरंगा' कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और छत्तीसगढ़ महतारी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया। लोकवाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय और उनके साथियो ने छत्तीसगढ़ की परंपरागत संस्कृति को मंच पर प्रस्तुत किया। वहीं 'वंदे मातरम' की विशेष प्रस्तुति में कलाकारों ने अंग्रेजी राज में देशभक्तों अत्याचार, स्वतंत्रता आंदोलन, राजगुरू, सुखदेव और भगत सिंह की फांसी, जलियांवाला बाग जनसंहार और भारत छोड़ो आंदोलन सहित कई प्रमुख घटनाक्रम को 20 मिनट में रोचक ढंग से बताया। छत्तीसगढ़ शासन की ओर से संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के संचालक विवेक आचार्य ने रिखी क्षत्रिय व कलाकारों का पुष्पगुच्छ व स्मृति चिह्न देकर अभिनंदन किया। आयोजन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी,वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, विधायक व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव सिंह, राजेश मूणत, अनुज शर्मा, पुरंदर मिश्रा, इंद्र कुमार साहू, गुरु खुशवंत साहेब और रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित अन्य विशिष्ट लोग शामिल हुए।

**मंच पर दिखे बापू, अंग्रेज और भारत माता**-'वंदे मातरम' की प्रस्तुति के दौरान रिखी क्षत्रिय व उनके समूह ने स्वतंत्रता आंदोलन को रोचक ढंग से मंचित किया। कलाकारों में अंग्रेज- अजय उमरे, सिपाही-प्रमोद एवं सुनील, राजगुरू- प्रदीप ठाकुर, भगत सिंह- नवीन साहू, सुखदेव-दादू देवांगन, दुल्हन-जया ठाकुर, किसान-पारस रजक, संजू, रिंकू, जल्लाद-रंजीत ठाकुर, सूत्रधार-कुलदीप सार्वा, महात्मा गांधी- रंजीत ठाकुर।

# मुख्य सचिव अभिताभ जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण योजनाओं की ली समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन से वीडियो कान्फ्रेंस के जरिये राज्य के संभागायुक्तों और कलेक्टर्स की बैठक ली। बैठक में राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। मुख्य सचिव के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, भूअर्जन, राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार, एक पेड़ मां के नाम, नारी शक्ति से जल शक्ति, जल जीवन मिशन, श्रम पोर्टल में दर्ज श्रमिकों के राशन कार्ड बनाने और बच्चों के अधिकारों का संरक्षण और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर कलेक्टरों से जिलेवार जानकारी ली। मुख्य सचिव ने राज्य के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए ग्रामीण इलाकों में एक कारगर व्यवस्था बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह से जिलों में जनदर्शन कार्यक्रम के तहत निराकृत प्रकरणों के ऑकड़े रखने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों से राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार कर प्रकरणों के निराकरण की जानकारी जिलेवार ली गई। भू-अर्जन में बटांकन में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए लोक निर्माण विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, पंजीयन विभाग और अन्य सुशासन एवं अभिसरण विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के लिए कहा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान के तहत महत्वपूर्ण ऑकड़ों को पोर्टल में अपलोड करने और जल जीवन मिशन के तहत शत-प्रतिशत एफएचटीसी प्राप्त करने वाली पंचायतों और ग्रामों में हुई प्रगति की जानकारी ली गई। मुख्य सचिव ने खाद्य विभाग और श्रम विभाग के अधिकारियों को श्रम पोर्टल में दर्ज सभी श्रमिकों के राशन कार्ड अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से बाल अधिकारों के संरक्षण के संबंध में जिलेवार की गई कार्यवाही की समीक्षा भी गई। महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों से पोषण ट्रेकर एप्प में पोषण संबंधी जानकारी की प्रविष्टि की प्रगति की जानकारी ली। मुख्य सचिव ने नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के आबंटन, व्यवस्थापन और फ्री होल्ड के संबंध में शासन द्वारा जारी परिपत्रों और निर्देशों के तहत जिलेवार की गई कार्यवाही के संबंध में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों से विस्तार से जानकारी ली गई।

## व्यापारियों को निर्देश,बाहर तक न फैलाए दुकान का सामान

# त्योहारी सीजन को देखते हुए निगम प्रशासन अलर्ट, इंदिरा मार्केट प्रतिष्ठानों पर दबिश

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आगामी त्यौहारों के सीजन को देखते हुए निगम प्रशासन की स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व विभाग टीम एक्शन मोड पर आ चुकी है। इसी कड़ी में नगर निगम की टीम ने एक साथ कई प्रतिष्ठानों पर दबिश दी। स्वास्थ्य विभाग एवं राजस्व विभाग की टीम ने निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों की जांच की। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली और सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर का कहना है कि आगामी त्योहारों में दुकानों में साफ-सफाई एवं मिलावट से मुक्ति को रोकने के लिए इस तरह की जांच की जा रही है। निगम प्रशासन का कहना है कि आमतौर पर त्योहारों के सीजन में मिलने वाले खाद्य सामग्री, दुकानों में साफ-सफाई नहीं होने की शिकायत आती है।इसी कड़ी में पहले से ही अमला मैदान में जुट गया है ताकि लोगों की सेहत से खिलवाड़ ना हो।निगम के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर द्वारा आनंद होटल एवं गोकुल होटल सहित अन्य प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई के साथ-साथ रसगुल्ला, गुलाब जामुन,बेसन के लड्डू सहित दूध का पेड़ा इत्यादि खाद्य सामग्री, मिठाई में मिलावट जैसे चीजों की जांच की आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर की जा रही है। जांच के मौके पर अधिकारियों ने दुकानदारों को चेतावनी दी कि अमानक पाए जाने पर संबंधित व्यपारियो के खिलाफसख्त कार्रवाही की जाएगी।सहायक राजस्व अधिकारी गोइर द्वारा त्योहारी सीजन को देखते हुए भीड़भाड़ क्षेत्र इदिरा मार्केट यातायात व्यवस्थाओं को लेकर सड़क तक राखी दुकान लगाकर यातायात बाधित करने वाले व्यापारियों को निर्देश, बाहर तक न फैलाए दुकान का सामान इत्यादि समझाइस दी गई।

# देवांगन चुने गए बीएसपी सेक्टर-4 सोसाइटी के नए अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com



बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में संचालक मंडल सदस्य रहे पूरनलाल देवांगन निर्वाचित घोषित किए गए हैं। निर्वाचन उपरांत कार्यभार संभालते हुए नए अध्यक्ष पूरनलाल देवांगन ने कहा है कि सोसाइटी की उच्च परंपरा का निर्वहन करते हुए सबके साथ मिलकर इसे और सुदृढ़ करने में अपना योगदान देंगे। उल्लेखनीय है कि सोसाइटी के पिछले अध्यक्ष अशोक कुमार परगनिहा की 30 जून को भिलाई स्टील प्लांट से हुई सेवानिवृत्ति के बाद यह पद खाली था। इसके लिए विधिवत निर्वाचन कार्यक्रम घोषित किया गया और चुनाव अधिकारी एसएम महापात्र ने 16 अगस्त को चुनाव संपन्न कराया। जिसमें सहयोगी चुनाव अधिकारी उमाशंकर शर्मा थे। संचालक मंडल के मतदाता सदस्यों ने पूरन देवांगन और विपिन बंछोर के बीच निर्वाचन प्रक्रिया में 7-3 के पूर्ण बहुमत से पूरनलाल देवांगन को नया अध्यक्ष चुन लिया। चुनाव अधिकारी महापात्र ने देवांगन को निर्वाचित घोषित कर इसकी सूचना छत्तीसगढ़ सहकारी निर्वाचन आयोग के सचिव और उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं दुर्ग के समन्वयक सहित सभी संबंधितों को भेज दी है।



# देखकर खुशी है कि लोग मुझे याद कर रहे हैं

दिव्येंदु शर्मा नए वेब शोज के साथ लौट चुके हैं। उनकी सीरीज लाइफ हिल गई हइअ्र पर रिलीज हो गई है। इसमें उनके साथ कुशा कपिला भी लीड किरदार में हैं। इस सीरीज को बनाया है आरुषि निशंक ने। शो में डांस कोरियोग्राफर मुक्ति मोहन का भी रोल हैं। दिव्येंदु ने इसी बीच मिर्जापुर के अपने फेमस किरदार मुन्ना त्रिपाठी पर बात की। दिव्येंदु शर्मा ने कहा कि लोग अभी भी उनसे मिर्जापुर को लेकर सवाल करते हैं। मुन्ना को मरते हुए दिखाया है, फिर भी लोग उम्मीद कर रहे हैं कि अगले सीजन में कैसे भी करके उसकी वापसी हो जाए। मैं बहुत खुश हूं कि लोग मेरे कैरेक्टर को इतना ज्यादा मिस कर रहे हैं। मुझे न देखकर लोगों का दिल दुखा है। दिव्येंदु ने कहा कि मिर्जापुर के पहले सीजन का वो डायलॉग, 'बहुत तकलीफ होती है, जब आप योग्य हों और लोग आपकी योग्यता न समझे' रियल लाइफ में भी फील होता है। एक आर्टिस्ट के जीवन में ऐसे मोमेंट बहुत आते हैं।

### स्क्रिप्ट पढ़ते ही काम करने का मन कर गया

दिव्येंदु ने लाइफ हिल गई में अपने किरदार पर बात करते हुए कहा, 'इस सीरीज का मुद्दा कोई बहुत ज्वलंत नहीं है। यहां बस जीवन जीने की बात दिखाई गई है। हम साधारण जीवन में कैसे रहते हैं। क्या बेसिक परेशानियां होती हैं, उनसे डील कैसे करते हैं। मैं पहली बार एक शहरी लड़के का किरदार निभा रहा हूं। स्क्रिप्ट ऐसी थी कि पढ़ने के दौरान ही इसमें काम करने की इच्छा हो गई। एक तरह से देखा जाए तो पहली बार भाई-बहन के रिश्ते पर कोई शो बना है।'



# कबीर बहिया के साथ शादी करने वाली हैं कृति?


## अभिनेत्री ने तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म दो पत्ती को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इससे पहले उन्होंने इस साल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में अभिनय किया था, जिसमें उन्होंने एक रोबोट का किरदार निभाया था। अभिनेत्री अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी काफी चर्चा में रहती हैं। अब हाल ही में, कृति ने कथित बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ अपनी डेटिंग अफवाहों पर चुप्पी तोड़ी है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है। बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सेनन हाल ही में, अपने कथित बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ छुट्टियों की तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल होने के बाद चर्चा में थीं। अब अभिनेत्री ने उनके बारे में लिखी गई ऑनलाइन खबरों पर प्रतिक्रिया दी हैं और इसे निराशाजनक बताया है। कृति और कबीर की तस्वीरें वायरल होने के बाद, कई रिपोर्ट्स में कहा गया कि अभिनेत्री जल्द ही शादी करने की योजना बना रही हैं। हालांकि, कृति जल्द ही शादी करने के मूड में नहीं हैं और उन्होंने इन खबरों को बेहद परेशान करने वाला बताया है। अब हाल ही में, फिल्मफेयर के साथ एक साक्षात्कार में अभिनेत्री ने बताया कि जब उनके बारे में गलत जानकारी फैसाई जाती है तो यह बहुत गुस्सा दिलाने वाला होता है। इसलिए क्योंकि इसका असर उनके परिवार पर भी पड़ता है। कृति ने कहा, उन्हें किसी झूठी बात के दुष्परिणामों से नहीं जूझना चाहिए। यह तब और भी अधिक परेशान करने वाला होता है, जब अफवाहें मेरी निजी जिंदगी से जुड़ी होती हैं। फिर दोस्त मुझे मैसेज भेजते हैं कि क्या यह सच है और मुझे क्लियर करना पड़ता है कि यह सच नहीं है। उन्होंने आगे कहा, लोग अक्सर कहानियां फैलाने से पहले तथ्यों की पुष्टि करने की जहमत नहीं उठाते, खासकर सोशल मीडिया पर जहां नेगेटिविटी तेजी से फैलती है। इन झूठों को लगातार सही करना परेशान करने वाला है और किसी भी और चीज से ज्यादा परेशान करने वाला होता है।



# कीर्ति ने ठुकराया था कल्कि 2898 एडी का ऑफर?

साउथ फिल्मों की खूबसूरत और बेहद उम्दा अभिनेत्री कीर्ति सुरेश ने फिल्म कल्कि 2898 एडी के लाखों प्रशंसक हैं। कीर्ति ने कई फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। लेकिन क्या आपको यह पता है कि कल्कि 2898 एडी में कीर्ति ने एक मुख्य भूमिका का ऑफर ठुकरा दिया था। लेकिन बुज्जी के किरदार को अपनाकर उन्होंने आज सभी का दिल जीत लिया है। वैसे कीर्ति इन दिनों अपनी आगामी तमिल फिल्म रघु थाथा के प्रमोशन में काफी व्यस्त हैं। बता दें कि कीर्ति अभिनित फिल्म रघु थाथा इस स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त को रिलीज होने वाली है। इसी फिल्म के प्रमोशन के दौरान कीर्ति ने फिल्म कल्कि 2898 एडी में अपनी भूमिका को लेकर बात की। कीर्ति भी फिल्म कल्कि 2898 एडी का हिस्सा थीं। इस फिल्म में कीर्ति ने प्रभास की बुज्जी को अपनी आवाज दी थी। हालांकि, फिल्म कल्कि 2898 एडी की स्क्रीनिंग के दौरान कीर्ति कहीं नजर नहीं आई थीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान कीर्ति ने बताया कि उन्हें निर्देशक नाग अश्विन ने शुरू में एक अलग भूमिका की पेशकश की थी, लेकिन कीर्ति ने उस किरदार के लिए उन्हें मना कर दिया था। कीर्ति को जो ऑफर दिया जा रहा था, वह उससे संतुष्ट नहीं थीं। इसलिए जब नाग अश्विन ने उन्हें बुज्जी की आवाज देने का सुझाव दिया, तब उन्होंने इसे तुरंत ही स्वीकार कर लिया। बुज्जी की आवाज की भूमिका में कीर्ति की खूब प्रशंसा हुई है।



# फिल्मों की आलोचनाओं से कैसे निपटते हैं अक्षय कुमार

बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म खेल खेल में को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म अक्की के साथ वाणी कपूर, तापसी पन्नू, एमी विर्क और फरदीन खान समेत कई सितारे नजर आएंगे। बॉक्स ऑफिस पर लंबे वक्त से अक्षय कुमार की फिल्में असफल साबित हो रही हैं। हाल ही में अभिनेता ने बताया कि वह अपनी फिल्मों के लिए मिलने वाली आलोचनाओं से कैसे निपटते हैं। अक्षय कुमार ने एक बातचीत के दौरान कहा, इंसान का बैकग्राउंड क्या है, उसने जीवन में क्या किया है? यह एक व्यक्तिगत आलोचना है, जहां लोग व्यक्तिगत हो जाते हैं। एक वह इंसान होता है जो चाहता है कि दूसरा व्यक्ति बेहतर हो, जो वह अपने दिल से कह रहा होता है। इसलिए मुझे वह पसंद है, जिसे मैं बहुत सही तरीके से लेता हूं। मैंने आलोचना के कारण भी कई बदलाव किए हैं। मैं जब सही आलोचना सुनता हूं और इसे समझता हूं, तो वो करता भी हूं। उन्होंने आगे कहा, लोग जो भी कहते हैं, हमें कोशिश करनी चाहिए और समझना चाहिए। अभिनेता ने आगे कहा, मैं अलग-अलग तरह की फिल्में करना भी नहीं छोड़ूंगा। क्योंकि कभी-कभी मुझे लगता है कि मुझे दर्शकों को वही देना चाहिए जो वे चाहते हैं। अक्षय ने फिल्म खेल खेल में की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान खुलासा किया कि उन्हें अपनी फ्लॉप फिल्मों के लिए शोक संदेश मिल रहे हैं।



# वॉर 2 के लिए ऋतिक ने सीखा जापानी तलवार कताना चलाना

वॉर 2 अगले साल सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है, लेकिन इस फिल्म को लेकर दर्शकों में अभी से काफी ज्यादा उत्साह है। यशराज स्पाई यूनिवर्स की इस फिल्म में ऋतिक के साथ जूनियर एनटीआर भी नजर आने वाले हैं। यह उनकी पहली हिंदी फिल्म है। यही वजह है कि दक्षिण भारत के लोगों को भी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। वॉर 2 का फिल्मांकन काफी समय पहले शुरू किया जा चुका है। हालांकि, निर्माता बहुत हद तक शूटिंग से जुड़ी चीजों को गोपनीय रखने में कामयाब रहे हैं। इस बीच हाल ही में इस फिल्म को लेकर कुछ दिलचस्प जानकारी सामने आई हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में ऋतिक रोशन का एंट्री सीन कुछ ऐसा होगा जो दर्शकों की सांसें रोक देगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह एक जापानी मठ में एक खतरनाक खलनायक के साथ तलवारबाजी करते नजर आएंगे। पहले खबर थी कि ऋतिक शाओलिन मंदिर में एक एक्शन सीन करेंगे, लेकिन अब खबर है कि फिल्म में यह उनका इंट्रोडक्शन सीक्वेंस होगा। इस सीन को मार्च में शूट किया जा चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स से यह भी पता चला है कि फिल्म के लिए ऋतिक रोशन ने न केवल हफ्तों तक मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण लिया, बल्कि जापानी तलवार कताना चलाना भी सीखा। इससे पहले जानकारी सामने आई थी कि वॉर के गाने जय जय शिव शंकर की तरह फिल्म के सीक्वल में भी एक गाना होगा, जिसमें जूनियर एनटीआर और ऋतिक थिरकते हुए दिखेंगे।



# छोटी उम्र में सारा अली खान ने कमाया बड़ा नाम

सारा अली खान बॉलीवुड की उभरती हुई अभिनेत्रियों में से एक हैं। बहुत कम समय में अभिनेत्री ने खुद को एक अच्छी हीरोइन के रूप में इंडस्ट्री में स्थापित कर लिया है। छोटी उम्र में ही सारा लाखों लोगों की पसंदीदा बन चुकी हैं। अभिनेत्री अपना जन्मदिन मना रही हैं। अभिनेत्री का जन्म 12 अगस्त 1995 को मुंबई में हुआ। वह दिग्गज अभिनेता सैफ अली खान और अमृता सिंह की बेटी हैं। सैफ अली खान और अमृता सिंह साल 2004 में एक-दूसरे से अलग हो गए और सारा की देखभाल उनकी मां अभिनेत्री अमृता ने की। सारा अली खान ने फिल्मों में आने से पहले अपनी पढ़ाई पूरी की। वह बॉलीवुड की पढ़ी-लिखी अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। उन्होंने अपनी शुरूआती पढ़ाई मुंबई के बेसेंट मोंटेसरी स्कूल से की। इसके बाद वह उच्च शिक्षा के लिए 2016 में न्यूयॉर्क चली गई, वहां से उन्होंने कोलंबिया यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया। सारा अली खान ने साल 2018 में आई फिल्म केदारनाथ से डेब्यू किया। इस फिल्म में उनके साथ दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत नजर आएं। इस फिल्म के लिए अभिनेत्री को बेस्ट फीमेल डेब्यू का फिल्मफेयर अवार्ड भी मिला। इसके बाद वह रणवीर सिंह के साथ 'सिंबा' में नजर आई, फिर 'वह लव आजकल', 'अतरंगी रे', 'कूली नंबर 1', 'गैसलाइट', 'जरा हटके जरा बचके', 'मर्डर मुबारक', 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में दिखीं। हाल ही में उन्हें उनकी फिल्म 'ऐ वतन मेरे वतन' में देखा गया। उनकी आगामी फिल्मों की बात करें तो वह अक्षय कुमार की फिल्म 'स्काई फोर्स' और 'मेट्रो इन दिनों' में नजर आ सकती हैं। सारा अली खान जहां एक तरफ पटौदी खानदान से ताल्लुक रखती हैं, वहीं, वह खुद भी करोड़ों की मालकिन हैं। उन्होंने कई बड़े स्टार्स के साथ कई हिट फिल्में की हैं। वह छोटी सी उम्र में ही लग्जरी लाइफ जीती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वह 41 करोड़ रुपये की संपत्ति की मालकिन हैं। सारा अली खान के फिल्मों की फीस की बात करें तो रिपोर्ट्स के मुताबिक वह अपनी एक फिल्म के लिए पांच से सात करोड़ रुपये चार्ज करती हैं। अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर सारा ने मुंबई में एक घर भी खरीदा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके घर की कीमत तकरीबन 1.5 करोड़ रुपये है।



# 12वीं फेल से चमके विक्रांत मैसी फिर आई हसीन दिलरुबा समेत इन फिल्मों से जीता फैंस का दिल

अभिनेता विक्रांत मैसी इन दिनों नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई अपनी फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। इसके साथ ही विक्रांत मैसी की दमदार अदाकारी दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। विक्रांत ने छोटे पर्दे से लेकर बड़े पर्दे तक का लंबा सफर तय किया है। इस दौरान उन्होंने कई टीवी शोज, वेब सीरीज और और फिल्मों में काम किया। वहीं अब उन्हें अपने काम की खूब तारीफें सुनने मिलती हैं। दरअसल, फिल्म 12वीं फेल अभिनेता के करियर में मील का पत्थर साबित हुई, जिसने उनके करियर ग्राफ को बढ़ा दिया। ऐसे में चलिए जानते हैं विक्रांत की कुछ दमदार फिल्मों के बारे में।

### फिर आई हसीन दिलरुबा

फिर आई हसीन दिलरुबा विक्रांत की रिलीज हुई सबसे ताजा फिल्म है, जो आज ही नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हुई है। फिल्म में विक्रांत ने रिशु का किरदार निभाया है, जो अपनी पत्नी के साथ अपनी शादी को बचाने की कोशिश करता है। फिल्म में उनके साथ तापसी पन्नू और सनी कौशल भी नजर आए हैं। विक्रांत ने इस फिल्म में भी दमदार अदाकारी दिखा दर्शकों को दीवाना बना दिया।

### 12वीं फेल

12वीं फेल विक्रांत मैसी की बड़ी जीत के रूप में सामने आई है, जिसने अपनी दमदार कहानी और प्रदर्शन के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। 12वीं फेल का निर्देशन मृगदीप सिंह लांबा ने किया है और फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी ने इसे सह-निर्मित किया है। फिल्म में विक्रांत मैसी ने संघर्षों और चुनौतियों का सामना करते हैं, क्योंकि वे शैक्षणिक असफलताओं का अनुभव करने के बाद जीवन में आगे बढ़ते हैं।

### हसीन दिलरुबा

हसीन दिलरुबा में विक्रांत मैसी, तापसी पन्नू और हर्षवर्धन राणे मुख्य भूमिका में हैं। यह विनील मैथ्यू द्वारा निर्देशित एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है और 2021 में रिलीज हुई थी। विक्रांत ने रिशु को एक सौम्य व्यक्ति के रूप में पेश किया, जो खुद को प्यार, विश्वासघात और संदेह के जाल में उलझा हुआ पाता है।

### ए डेथ इन द गंज

फिल्म ए डेथ इन द गंज कोंकणा सेन शर्मा द्वारा निर्देशित एक मनोरंजक ड्रामा फिल्म है। 2016 में रिलीज हुई यह उनकी पहली निर्देशित फिल्म है और इसमें विक्रांत मैसी, कल्कि कोचलिन, रणवीर शौरी और अन्य कलाकारों ने काम किया है। कहानी 1970 के दशक में सेट की गई है और एक पारिवारिक छुट्टी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो झारखंड के मैक्लुस्कीगंज में उनके पैतृक घर में अप्रत्याशित घटनाओं के सामने आने पर एक अंधेरे मोड़ पर आ जाती है।

### छपाक

मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित मार्मिक ड्रामा फिल्म छपाक 2020 में रिलीज हुई थी। इसमें दीपिका पादुकोण ने मालती की भूमिका निभाई है, जो वास्तविक जीवन की एसिड अटैक सर्वाइवर लक्ष्मी अग्रवाल से प्रेरित है। विक्रांत मैसी ने अमोल की भूमिका निभाई है, जो एक सामाजिक कार्यकर्ता है, जो मालती को न्याय और सशक्तिकरण की लड़ाई में मदद करता है। यह फिल्म मालती के साहस की यात्रा को दर्शाती है, क्योंकि वह जघन्य हमले के बाद की स्थिति से निपटती है, कई सर्जरी से गुजरती है और अपने जीवन को फिर से बनाने का प्रयास करती है।

# फरदीन खान की वापसी पर तापसी पन्नू ने दी शुभकामनाएं



तापसी पन्नू इन दिनों अपनी फिल्मों को लेकर काफी चर्चा में हैं उनकी हालिया रिलीज फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा को काफी सराहा जा रहा है। इस फिल्म में वह विक्रांत मैसी, सनी कौशल और जिमी शेरगिल के साथ नजर आ रही हैं। दर्शकों को इनकी केमिस्ट्री काफी पसंद भी आ रही है। इसके अलावा वह अपनी आगामी मल्टी स्टारर फिल्म खेल खेल में को लेकर भी चर्चा में हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार, वाणी कपूर, एमी विर्क आदि कई कलाकार नजर आने वाले हैं। तापसी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने सह-कलाकार की वापसी को लेकर शुभकामनाएं दी हैं।

# प्रकृति और संस्कृति की रक्षा मे आदिवासी समाज का अतुलनीय योगदान : दीपेश साहू

## विधायक दीपेश साहू ने पोस्ट मैट्रिक बालिका छात्रावास बनाने की घोषणा

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विश्व आदिवासी दिवश के मौके पर बेमेतरा के कृषि उपज मंडी मे छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकाश संघ गोड़ समाज, सर्व आदिवासी समाज, जीएसयू बेमेतरा द्वारा विश्व आदिवासी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता नीलकंठ टेकाम प्रदेश अध्यक्ष, गोड़वाना गोड़ महासभा रायपुर,केशकाल विधायक ने किया। इस दौरान विधायक दीपेश साहू समस्त आदिवाशी भाई बहनो को विश्व आदिवासी दिवश के बधाई एवं शुभकामनायें दी। साथ ही सांस्कृतिक विरासत के सरक्षण मे आदिवासी समाज की अतुलनीय भूमिका के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान आदिवासी समाज के बच्चों द्वारा आदिवाशी गीत और नृत्य पर शानदार प्रस्तुति दी गई। जिनका सहयोग राशि भेटकर अतिथियों द्वारा उत्सावर्धन किया गया। तत्पश्चात् विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वालों आदिवाशी समाज के छात्र छात्राओं को प्रसस्ती पत्र एवं सील्ड भेटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि प्रकृति और संस्कृति की रक्षा की साथ-साथ देश की रक्षा में भी आदिवासी समाज की अतुलनीय योगदान है। हमारी जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा एवं संरक्षण पर्यावरण के प्रति आदिवासी समाज के अटूट प्रेम की वजह से ही आज हमारे प्रकृति धरोहर की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। प्रकृति के साथ साथ हमारी धार्मिक परम्पराओ और आस्था का केन्द्रो पौराणिक सभ्यताओ और आने वाली पीढ़ियों को भारत की गौरव शाली धरोहर से अवगत कराने के लिए आदिवाशी समाज की अतुलनीय योगदान को हम सभी नमन करते है। धरती माता और भगवान बिरसा मुंडा जी की वीरता और भगवान बूढ़ादेव जी की कृपा से आदिवाशी समाज की ऐतिहासिक उपलब्धियों स्वतंत्रता संग्राम मे सक्रिय भागीदार तथा प्रकृति के प्रति उनकी आस्था से ही हमारे समृद्ध भारत की पुरातन संस्कृति जीवंत होती है। भारत का अतीत भारत के इतिहास भारत का वर्तमान, भारत का भविष्य,आदिवासी समाज के बिना पूरा नहीं होता। हमारी आजादी की लड़ाई का भी पग -पग इतिहास का पन्ना पन्ना आदिवासी समाज की बिना अधूरा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज का हमारे संस्कृति व पारंपरिक संस्कृति को सहेजने में बहुमूल्य योगदान है। देश की संस्कृति विरासत को सहेजने के साथ ही प्राकृतिक धरोहर, जल, जंगल, जमीन का संरक्षण करने का भी काम कर रहे हैं। यहां की परंपराएं रीति रिवाज और संस्कृति अपने आप में खास है। देश का ऐसा कोई कोना नहीं होगा जहां हमारे छत्तीसगढ़ के हमारे आदिवासी भाइयों बहनों के व्यवहार संपदा को नहीं जानता होगाद्य हमारे आदिवासी समाज की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताएं। उनकी सामूहिक जीवन सामूहिक उत्तरदायित्व भावनात्मक संबंध है। जो निस्वार्थ भाव से एक दूसरे की सहायता करने और एकजुट होकर रहने की है। हमें गर्व है कि पूरे विश्व में भारत में सबसे ज्यादा आदिवासी समाज के लोग निवासरत हैं जो पौराणिक काल से ही हमारी संस्कृति व प्राकृतिक धरोहर को सहने का अतुलनीय कार्य कर रहे हैं। हमारे केंद्र और राज्य सरकार आदिवाशी भाइयो बहनो के लिए विभिन्न योजनाए संचालित कर रहे है। जिससे आदिवाशी समाज आगे बढ़ सके और और अपनी सभग्यता और संस्कृति को संजोये रखने का काम कर सके। विधायक साहू ने आदिवाशी समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र मे आगे बढ़ने प्रेरित किया। साथ ही अंत मे विधायक साहू ने छात्र छात्राओं की भविष्य को ध्यान मे रखते हुए पोस्ट मैट्रिक बालिका छात्रावास बनाने की घोषणा भी किया। इस दौरान अंत मे मंच मे उपस्थित अतिथियों का सील्ड भेटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आर एन ध्रुव प्रांतीय अध्यक्ष,असकरण ध्रुव जिला अध्यक्ष, विजय सिंह पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, मुरीत मांडवी अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज, दरबार सिंह अध्यक्ष गोंड समाज, के एस परते संरक्षक, अर्जुन सिँह ठाकुर सरक्षक, किशन ध्रुव, हेमलाल ध्रुव शिक्षक, युगल देवांगन, रोहित साहू ओमकार साहू रिंकू साहू, रोशन दत्ता, योगेश वर्मा उपाध्यक्ष युवा मोर्चा, मीनू पतले, अनीता मिश्रा एवं सर्व आदिवाशी समाज के समाज जन उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्व. गायत्री कौशिक के निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की





पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा कबीरधाम जिले के ग्राम बम्हनी पहुंचकर स्व. गायत्री कौशिक की निधन पर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। उपमुख्यमंत्री शर्मा इस अवसर पर पूरे परिवार जनों से भेंट मुलाकात की और घटना के संबंध में पूरी जानकारी ली। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जन और परिवार के सदस्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 13 अगस्त को गायत्री स्कूल की छुट्टी होने पर सहेलियों के साथ अपने घर जा रही थी की रास्ते में आरोपी विक्की कौशिक उर्फ जग्गू पिता जागेश्वर कौशिक उम्र 19 वर्ष निवासी बम्हनी द्वारा मृतिका को झिटी (पतली दुबली लड़की) बोला तो उसने आरोपी को ऐसा बोलने से मना की, जिस पर आरोपी विक्की कौशिक द्वारा पास में पड़े लकड़ी के डंडे से मृतिका के सिर पर वार कर दिया, जिससे मृतिका घायल हो गई। परिजनों द्वारा इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था जहा ईलाज दौरान उसकी मौत हो गई। प्रकरण में आरोपी को हिरासत में लेकर आरोपी के विरुद्ध पुलिस चौकी बाजार चारभाटा थाना कवर्धा में धारा 103(1) बीएनएस हत्या का मामला दर्ज कर कार्यवाही की गई।

# उड़ान एकेडमी नवागढ़ में मनाया गया राखी का पर्व



**बेमेतरा।** जिला में स्थित ब्लॉक नवागढ़ के मुख्यालय नवागढ़ थाना परिसर में आगामी छत्तीसगढ़ पुलिस भरती की तैयारी कर रहे सैकड़ों युवक एवं युक्तियां के द्वारा अनोखे रुप से भाई बहन के प्रेम का प्रतिक राखी के पर्व को मनाया गया है। गौर तलब है कि यह पूरा आयोजन उड़ान एकेडमी के संचालक एवं कोच आरक्षक हीरालाल साहू के नेतृत्व में किया जा रहा है। हीरालाल साहू सात से आठ माह पूर्व से ही क्षेत्रभर के युवाओं को निःशुल्क छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती एवं सेना भर्ती व अन्य भर्ती की तैयारी करा रहे हैं साथ ही साथ छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए व लिखित परीक्षा की तैयारी शंकर सिंन्हा जुनी सरोवर एकेडमी के माध्यम से निशुल्क रूप से दिया जा रहा है यह पहल निश्चित ही क्षेत्र की युवाओं के लिए काफी सुनहरा अवसर है।

# सर्व समाज समरसता समिति की महिलाओं ने मनाया सावन महोत्सव



पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

सर्व समाज समरसता महिला समिति के तत्वाधान में सावन महोत्सव का कार्यक्रम 15 अगस्त को आयोजित किया गया था। जिसमें सभी समाज की महिलाओं ने अपनी सहभागिता प्रदान करके कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में महिलाओं के लिए खेल कूद की व्यवस्था की गई थी जिसमे कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान पुष्पा शांडिल्य रही, द्वितीय स्थान में राजेश्वरी साहू रही। आकाश पाताल खेल में सुनीता पटेल प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर विमला साहू रही। अंताक्षरी खेल में सुषमा हरदाहा प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर दीपा दासानी रही। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूरोबी वर्मा एवं सत्या साहू थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नंदा पसीने ने किया। कार्यक्रम का मंच संचालन अनुराधा सिंह ने किया आभार प्रदर्शन देवांतिन पारकर ने किया। कार्यक्रम में संगीता रजक जानवी उदासी मेघा साहू टी ज्योति द्रौपती साहू, मंजू साहू, सरस्वती यादव, अनीता साहू, दामिनी साहू आशा साहू सुखवंतिन ठाकुर किरण सिंन्हा, रमणी बाग, आशा साहू, भूमिका साहू, बेदन साहू, मेघा साहू, गीता मरकाम, पूजा तेजवानी, पुष्पा साहू, दुर्गा, सविता वर्मा, निर्मला साहू, गीता भारद्वाज आदि महिलाएं उपस्थिति रही।

# देश भक्ति यात्रा से रंगा बेमेतरा, युवा सेवा संघ ने निकाली तिरंगा यात्रा

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



युवा सेवा संघ ने स्वतंत्रता दिवस पर नगर में एक विशाल देशभक्ति तिरंगा यात्रा निकाली गयी। यात्रा का शुभारंभ कृषि उपज मंडी बेमेतरा से किया गया जो पूरे नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए। बापूजी के आश्रम बिलाई में संपन्न हुआ। युवा सेवा संघ बेमेतरा के अध्यक्ष सोनू साहू ने देश की आजादी में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर बलिदानों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बताया। नगर के प्रबुद्धजनों ने यात्रा को देख हर्ष वक्त किये तथा युवा सेवा संघ की यात्रा की सराहना किया। पूज्य बापूजी का संकल्प है भारत विश्वगुरु बनकर रहेगा इसको कोई रोक नही सकता। आइये हम एकता की भावना के साथ जीए, अपनी स्वतंत्रता को बरकरार रखने के लिए जाग्रत रहें और प्रयास जारी रखें। परतंत्रता- पराधीनता- गुलामी से भारत को बचाए। भारत की आत्मा को जिंदा रखें, भारत के लोकतंत्र की रक्षा करें, जगें जगाए, देश को दूसरी गुलामी से बचाए। इस यात्रा में समिति के संरक्षक भगवती साहू, अयोध्या यदु, कन्हैया साहू, ढारेंद्र साहू, अनूप यादव, विक्रम साहू, सोनू साहू, भुवन साहू, प्रदीप साहू, मनोज साहू, कुश कश्यप, विकास तम्बोली, यमन देवांगन, मनोज श्रीवास, प्रवीण साहू, तोपेश्वर साहू, डॉ जनक, जगत साहू, खुमान श्रीवास, सुरेश देवांगन, हेमलाल साहू, सिद्धांत चौहान, रेवाराम, दानेश्वर साहू, चंदू साहू, भागवत, अरुण, चित्रेण साहू, विद्या दीदी, चित्ररेखा दीदी, मुक्ता दीदी और महिला मंडल के बहने भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल से डॉक्टर रहे सामूहिक अवकाश पर, किया प्रदर्शन निकली रैली



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिला अस्पताल के ओपीडी सभी डॉक्टर सामूहिक अवकाश पर रहने के कारण पूर्णतः बंद रहा, वही आपातकालीन सेवा पूर्णतः चालू रहा, बता दे कि कोलकाता में एक ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर के विरोध में एवं हेल्थ प्रोफेशनल्स विशेषकर महिलाकर्मियों की सेफ्टी और सिक्योरिटी को लेकर संघ से संबंधित समस्त कर्मचारी 17 अगस्त को सामूहिक अवकाश पर रहे। बेमेतरा जिला से सबसेंटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल में ओपीडी सर्विसेज प्रभावित रहें, एवं डॉक्टर अधिकारी कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहे। रश्मि ताम्रकार, शशि तिवारी के प्रतिनिधत्व में आल इंडिया लिनेश क्लब के महिलाओं ने भी दिया समर्थन किए विरोध प्रदर्शन, तो वही दवा विक्रेता संघ के दिनेश दुबे ने भी दिया नैतिक समर्थन। इस संबंध में संघ के डॉ बुद्धेश्वर वर्मा और डॉ खगदेव साहू ने बताया कि हम चिकित्सक अपने कार्य स्थल में सुरक्षित नही है अतः हमारी प्रमुख मांगें है कि कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुई रेप और मर्डर की घटना एवं उसके बाद हुई मॉब वायलेंस में शामिल असामजिक तत्वों पर सख्त से सख्त कार्यवाही एवं जिम्मेदार अस्पताल प्रशासन पर भी सख्त कार्यवाही। सभी मेडिकल प्रोफेशनल्स विशेषकर महिला स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के लिए कड़े कानून बनाना और संस्था प्रमुख, अस्पताल प्रशासन और पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी तय करना, जिसमे संस्था प्रमुख पर भी कार्यवाही शामिल हो। मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट के तहत 10 साल की सजा का प्रावधान किया जाए। छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन द्वारा 17 अगस्त को सामूहिक अवकाश पर जाने का निर्णय लिया गया था, किंतु इमरजेंसी सेवाओं का संचालन भी अत्यंत आवश्यक है। अतः आपातकालीन सेवा बहाल रहा, कोलकाता की घटना को लेकर राजधानी और प्रदेश के चिकित्मा जगत में भी जबर्दस्त गुस्सा है। एम्स और पं. जवाहर नेहरू स्मृति मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने घटना के विरोध में शुक्रवार को प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली। वहीं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने 17 अगस्त की सुबह 6 बजे से 18 अगस्त की शाम 6 बजे तक इमरजेंसी सेवा को छोड़कर निजी अस्पतालों व नर्सिंग होम में ओपीडी व अन्य सेवाएं बंद रखने का निर्णय लिया था। कोलकाता में रेसिडेंट डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या का देशभर में विरोध हो रहा है। घटना की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर तत्काल कड़ी कार्रवाई और डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर धरना-प्रदर्शन और रैली निकाली जा रही है। रायपुर मेडिकल कॉलेज में दो दिन पहले ओपीडी बंद रखकर विरोध जताया गया था। बेमेतरा जिला के डॉक्टरों ने आज 17 अगस्त को सामूहिक अवकाश पर रहकर प्रदर्शन कर रैली निकाली। जो की जिला अस्पताल के पूरे परिसर में अपने सुरक्षा को लेकर रहा ,प्रोटेक्शन एक्ट को लंबित रखे जाने पर डॉक्टरों ने आक्रोश जताया।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ बलात्कार, लूटपाट और मारपीट के विरोध में प्रदर्शन एवं ज्ञापन भेंट



पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

बांग्लादेश में इस्लामिक कट्टरपंथियों द्वारा वहां के मूल निवासी अल्पसंख्यक हिन्दुओं के बहन-बेटी और परिवार के साथ किये जा रहे बलात्कार, आगजनी, लूटपाट और मारपीट के विरोध में 13 अगस्त को सर्व समाज समरसता समिति के नेतृत्व में दल्ली राजहरा नगर के समस्त सामाजिक संगठनों द्वारा नगर के जैन भवन चौक में विरोध प्रदर्शन कर अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन भेंट किया गया। जैसा की विभिन्न संचार माध्यमों से ज्ञात हो रहा है की बांग्लादेश में सेना और पुलिस के संरक्षण में इस्लामिक जेहादी और कट्टरपंथियों के द्वारा चुनी हुई लोकतान्त्रिक सरकार के तख्ता पलट करने के बाद लगातार हिन्दू परिवारों को पर हमला कर रहे है, हिन्दू गांवो को लक्षित करके लूटपाट और आगजनी किया जा रहा है। हिन्दू बहु बेटी और बहनों के साथ उनके घर के पुरुषों के सामने ही बलात्कार किया जा रहा है। हिन्दू परिवार भूख और भय के छाये में जी रहे है। यदि जरूरतों के सामान लेने बाहर निकलते है तो इज्जत और प्राण जाने का भय है और यदि घर में दुबके रहते है तो भूख से मरने का भय है। हिन्दू मंदिरों और देवी देवताओं की मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है। हिन्दुओं के दुकान और घरों में आगजनी और लूटपाट किया जा रहा है। देश विदेश सहित दल्ली राजहरा नगर में भी सर्व समाज समरसता समिति के कार्यकर्ता उक्त घटनाओं से बेहद क्षुब्ध और व्यथित है। इन्ही सब घटनाओ के विरोध में प्रदर्शन करने व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम भारत आने वाले पीड़ित हिन्दू परिवार को शरण देने तथा जो बंगलादेश में ही रहना चाहते उन परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ज्ञापन भेंट करने के लिए के पास एकत्रीकरण कर पैदल नारेबाजी और आक्रोश व्यक्त करते हुए अनुविभागीय कार्यालय गये। कार्यालय के समक्ष गगन भेदी नारों के साथ बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ बर्बर व्यवहार का विरोध प्रदर्शन कर तहसीलदार को ज्ञापन भेंट किया गया। उक्त विरोध प्रदर्शन में समिति के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों सहित नगर के लगभग सभी समाज प्रमुखों की उपस्थिति रही।


# सैनिकों को राखी बांधकर महिलाओं ने मनाया रक्षा बंधन पर्व



पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

पिछले 7 वर्षों की भांति इस वर्ष भी दल्ली राजहरा की महिलाएं रक्षाबंधन का पर्व सैनिकों के साथ मनाया। केंवटी रावघाट रेल परियोजना सुरक्षा में तैनात 33 वीं वाहनी के 200 सशस्त्र सीमा बल सैनिकों को व दल्ली राजहरा के 50 आरपीएसएफ रेलवे प्रोटेक्शन स्पेशल फोर्स को महिलाओं के द्वारा रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखी बांधा गया। पार्षद टी.ज्योति, महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता मरकाम, मंडल उपाध्यक्ष मनजीत कौर, महिला मंत्री उषा साहू उपस्थित थी। जवानों ने इन बहनों का स्वागत किया 33 वीं वाहनी के कमांडेंट अभिषेक आनंद व आरपीएसएफ के एन के दास की उपस्थिति में यह रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। टी ज्योति पार्षद द्वारा कहा गया कि सैनिक अपने घर परिवार से दूर रहकर हमारी रक्षा करते हैं उन्हें रक्षाबंधन बांधना हमारे लिए गौरव की बात है तैनात जवानों को रक्षाबंधन के पर्व के उपलक्ष्य में राखी बांधने पर अपने पन का एहसास होता है।

# अवहेलना : शिक्षिका से मैडम बनी अधीक्षिका, अब अधीक्षिका से शिक्षिका बनने तैयार नहीं



पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा कबीरधाम जिले में सौ से अधिक छात्रावास और आश्रम शाला संचालित है। जिले में संचालित छात्रावास और आश्रम शाला के लिए पर्याप्त संख्या में अधीक्षक नही है और न ही विभाग के पास पर्याप्त शिक्षक है जिसके चलते शिक्षा विभाग के शिक्षक और शिक्षिकाओं से अधिक्षिकीय कार्य कराया जाता है। जो शिक्षक से एक बार अधीक्षक का मलाई खा लेता है वह शिक्षिकीय कार्य में वापस नहीं आना चाहते उसके लिए चाहे किसी भी हथकंडे को अपनाना पड़े। जिसका ताजा उदाहरण विषेश पिछड़ी जनजाति आवासीय बालिका विद्यालय पोलमी है जहां की अधीक्षिक मुनमुना की शिक्षिका है। कार्यालय कलेक्टर और ज़िला शिक्षा अधिकारी द्वारा मूल शाला वापस जाने का आदेश जारी हुआ है लेकिन मानने को तैयार नहीं है।

### कलेक्टर द्वारा जारी किया आदेश को दिखाया रहा ठेंगा

कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) कबीरधाम द्वारा जारी आदेश क्रमांक /1200/ आजाक / स्थापना / 2024-25 कबीरधाम, 24/07/2024 आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग जिला कवीरधाम अंतर्गत संचालित छात्रावास / आश्रम शाला के सुव्यवस्थित संचालन के दृष्टिकोण से प्रशासनिक व्यवस्था अंतर्गत कॉलम नंबर 04 में दर्शित संस्था में अधीक्षकीय प्रभार दायित्व अन्य आगामी आदेश पर्यन्त अस्थाई रूप से संपादित करने हेतु आदेशित किया जाता है। ममता धुर्वे, प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक शाला नवापारा पंडरिया वि.खं. पंडरिया को विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आवासीय विद्यालय कन्या पोलमी वि.खं. पंडरिया में अधिक्षीय प्रभार देने तथा मूल संस्था शा.प्राथमिक शाला मुनमुना (वि.खं.शिक्षा अधिकारी पंडरिया जिला-कबीरधाम) को प्रणिता बर्मन, सहायक शिक्षक विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आवासीय विद्यालय कन्या पोलमी वापस आने का जारी हुआ था। उक्त आदेश में यह भी लिखा है कि यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। साथ ही कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित भी लिखा हुआ है बावजूद मैडम आदेश को मानने तैयार नहीं हैं।

### जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश का भी पालन नहीं

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, कबीरधाम (छ.ग.) द्वारा जारी पत्र क्रमांक / 44.00 /स्था. 02/अधी. प्रभार / 2024 , कबीरधाम, 07/08/2024 जारी हुआ जिसमे गमता धुर्वे, प्र.पा शासकीय प्राथमिक शाला नवापारा विकास खण्ड पण्डरिया और प्रणिता वर्गन सहा. शिक्षक विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा आवासीय विद्यालय क. पोलमी विकास खण्ड पण्डरिया को कार्यमुक्त / कार्यभार ग्रहण करने कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश का हवाला दिया लेकिन उसे भी मानने तैयार नहीं हो रही है। जिला शिक्षा अधिकारी जारी पत्र में यह भी लिखे हैं कि उपरोक्त विषयांकित संदर्भित आदेशान्तर्गत स.क्र. 1 को अधीक्षकीय प्रभार हेतु विशेष पिछडी जनजाति वैगा आवासीय विद्यालय क. पोलमी वि.ख. पण्डरिया तथा स.क्र. 2 को मूल पदाकित शासकीय प्राथमिक शाला मुनमुना वि.ख. पण्डरिया में तत्काल कार्यभार ग्रहण करने हेतु इस कार्यालय से कार्यमुक्त किया जाता है। आप आदेशित संस्था में कार्यभार ग्रहण कर इस कार्यालय को सूचित करें।

### मलाईदार पद छोड़ने तैयार नहीं मैडम

आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रावास और आश्रम शाला के बच्चो के लिए प्रति माह एक हजार पांच सौ रुपए शिष्यवृति के रूप में आंबटित होता है। जिसे बच्चो के दैनिक उपयोग और भोजन सहित अन्य व्यय करना होता है। यह संस्था विषेश पिछड़ी जनजाति वर्ग के लिए संचालित हो रहा है जो जिला में मात्र चार ही है। इसके लिए कुछ ज्यादा फंड जारी किया जाता है। हालांकि पिछले सत्र की शिष्यवृत्ति की राशि अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। फंड़ ज्यादा होने के कारण मलाई भी ज्यादा रहता है। जिसके कारण पद छोड़कर शिक्षीकीय कार्य में वापस आने में लेट लतीफी हो रहा है।

# सूने मकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सूने मकान में चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है इस संबंध में पुलिस के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रार्थी द्वारिका साहू पिता दशरथ साहू उम्र 64 वर्ष साकिन रेवे थाना बेरला ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि दिनांक 09.08.2024 को कोई अज्ञात व्यक्ति इनके घर की दिवाल फांदकर घर के अंदर घुसकर कमरे में रखी आलमारी से नगदी रकम 22000 रू. व सोने-चांदी के जेवरात कीमती करीबन 70000 रू0 जुमला कीमती 92000 रू. को चोरी कर ले गया है कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बेरला में अपराध क्रमांक 246/2024 बारा 305 (क), 331 (3) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया जाकर घटना के संबंध में अधिकारीगण पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अति.पुलिस अधीक्षक ज्योती सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला तेजराम पटेल को अवगत कराकर दिशा-निर्देश प्राप्त कर विवेचना दौरान संदेही नेमचंद गोड़ उर्फ नेमू पिता जगतारण गोड़ को हिरासत में लेकर कढ़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी नेमचंद गोड़ उर्फ नेमू पिता जगतारण गोड़ उम्र 24 वर्ष निवासी रेवे थाना बेरला जिला बेमेतरा द्वारा अपराध करना स्वीकर करने पर आरोपी द्वारा चोरी किए गए मशरूका पेश किया गया, जिसमें 01. एक सोने का पत्ती पान आकार का 02. एक नग सोने का पत्ती जिसमें 02 नग गेहूं दाना गुथा है 03. तीन नग सोने का छोटा पत्ती पान आकार का 04. एक जोड़ी सोने का आई रिंग 05. एक जोड़ी चांदी का पैरी 06. एक जोड़ी चांदी का साटी व नगदी 22000 रू. जुमला 92000 रू. को आरोपी के कब्जे से जप्त कर कब्जा पुलिस लिया जाकर आरोपी नेमचंद गौड़ उर्फ नेमू पिता जगतारण गोड़ उम्र 24 वर्ष निवासी रेव थाना बेरला जिला बेमेतरा का कृत्य अपराध धारा सदर का घटित करना पाये जाने से 16.08.2024 के 12:30 बजे विधिवत गिरफ्तार कर एवं जुर्म अजमानतीय होने से न्यायिक रिमाण्ड फार्म तैयार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजी गई हैं।

# भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व राखी के लिये सजा बाजार,भाईयों के कलाईयों पर बहने बांधेगी राखी

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



भाई बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन सोमवार को मनाया जाएगा। राखी के इस त्यौहार को लेकर शहर में राखियों की दुकान से बाजार रोशन हो चुका है। भाई-बहन के इस पर्व मनाने लोग सुबह से शाम तक जमकर खरीदारी कर रहे है। शहर के हर चैक-चैराहों में सुबह से लेकर देर शाम तक लोगों की भीड़ देखी जा रही है। सोमवार 19 अगस्त को भाई बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन बनाया जाएगा। रक्षा बंधन पर्व के अवसर पर बाजार में लोगों की भारी भीड़ है। रेडिमेड, कपड़े की दुकान, श्रृंगार, जूता-चप्पल, कॉसमेटिक, ज्वेलर्स, परफ्यूम सहित अन्य दुकानों में खरीदारों की भारी भीड़ देखी जा रही है। ज्यादातर दुकानों में महिलाओं व युवतियों की भीड़ पहुंच रही है। पर्व को लेकर बच्चों में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है। बच्चें भी अपने परिजनों के साथ खरीददारी करने बाजार व मॉल में पहुंच रहे है। इसमें सबसे अधिक बच्चों को कार्टून राखियां लुभा रही है। जिसे अपने छोटे भाई की कलाई में बांधने जमकर खरीदी कर रहे है। राखी के लिए बाजार सज गई है लोग राखी मनभावन राखियां लेकर दूर बैठे भाइयों को कोरियर कम्पनी के माध्यम से भेज रहे है। वहीं राखी व रेडीमेड कपड़े दुकान में लोगो की अच्छी खासी भीड़ देर रात तक नजर आ रही है इसमें सबसे अधिक कॉस्मोटिक दुकान है। राखी पर्व पर दुकानो में चहलकदमी बढने से बाजार गुलजार है। पिछले साल की भांति इस साल भी राखी कलकत्ता व गुजरात से भरपूर मात्रा में नए-नए वैरायटी के डोर राखी, फैंसी पैंडल राखी सहित अन्य मॉडल के आ गए है। इसके अलावा बच्चों के लिए कार्टून राखी लाइट राखी, म्यूजिक राखी की डिमांड तेज है। राखी सेल के संचालक ने बताया कि इस बार 10 रुपये से लेकर 500 रूपये तक की अलग-अलग राखी उपलब्ध है। उच्च व मध्यम वर्ग के लोग अपने बजट के मुताबिक खरीदी कर रहे है। इसमें सोने से बनी राखियां भी मार्केट में ज्वेलरी दुकान में हर बजट के लिए बनकर तैयार है। सराफा कारोबारियों का कहना है कि हर साल बहने अपने भाइयों को कुछ अनोखा करने के उद्देश्य से इस तरह सोने व चांदी से बने निर्मित राखियां रक्षाबंधन के दिन बांधते है। यही वजह है कि सराफा दुकान में भी काफी रौनक है।

## मिडमिडा सरकारी स्कूल के बच्चों ने कबाड़ के जुगाड़ से राखी बनाकर मनाए रक्षाबंधन पर्व

**रायगढ़।** कौन कहता है सरकारी स्कूलों के बच्चों में प्रतिभा नही होती है, जरूरत है तो उन्हें तराशने और माध्यय की, ऐसे ही प्रतिभावान बच्चे



से प्राथमिक स्कूल मिडमिडा में है। जिन्होंने स्कूल के प्रधान पाठक और शिक्षकों की मदद से कबाड़ के जुगाड़ से राखी तैयार किए और स्कूल में सादगी पूर्वक रक्षाबंधन का पर्व मनाए है। प्रेम और भाई बहनो का पर्व राखी इस साल 19 अगस्त को पुरे देश मे मनाया जाना है। राखी भाई बहनो के अटूट बंधन का पर्व माना जाता है। जिसने बहने भाइयों को राखी बाँध कर अपना फर्ज निभाती है। भाई बहनो की आजीवन रक्षाके लिए कटीबद्ध रहते है इसी तारतम्य मे शास. प्राथ. शाला मिडमिड़ा विकासखंड -पुसौर जिला -रायगढ़ मे शाला के बच्चों द्वारा बड़े धूम धाम से राखी का पर्व मनाया गया। जिसमे शाला के बालिकाओं ने राखी का निर्माण कबाड़ से जुगाड़ कर किए।

# दो साल से फरार लूट के आरोपी को पुलिस ने झारखंड में दबिश देकर किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

धरमजयगढ़ पुलिस ने दो साल से फरार चल रहे आरोपी गुलशन लोहार जिसने 27 जुलाई 2022 को अपने साथियों के साथ संगीन लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था, को सिमडेगा, झारखंड में उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया है। एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी व थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर द्वारा प्रेस से फरार आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी साझा किया गया।

**लूटपाट घटना का विवरण**-27 जुलाई 2022 को ट्रक चालक सोनू अंसारी और उनके साथी जुबेर अंसारी उत्तर प्रदेश की ओर जा रहे थे। उनका ट्रक (क्र. सीजी 15 डीएफ7799) जब रैरूमाखुर्द के यादव ढाबा के पास पहुंचा, तो आरोपियों ने अपनी कार (क्र. जेएच 01 एनई 1706) को ट्रक के सामने लाकर रोका। इसके बाद उन्होंने ट्रक चालक जुबेर अंसारी और खलासी अमर कुमार पासवान को धमकाकर ट्रक से उतारा और उन पर हमला किया। इस



घटना के बाद, आरोपी ट्रक में लोड 30 टन लोहे की सरिया, जिसकी कुल कीमत 18,53,683 थी, लूटकर फरार हो गए।

**धरमजयगढ़ पुलिस की तत्काल कार्रवाई**-घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद, थाना धरमजयगढ़ में धारा 365, 394, 395, 34 भा.द.वि. तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। तत्कालीन पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में नाकेबंदी की गई, और मुखबिरों से प्राप्त सूचना के आधार पर एक मुख्य आरोपी लोकेश यादव को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से लूटा गया ट्रक, मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त हथियार भी जप्त किए गए। इसके बाद, अन्य आरोपियों की पहचान की गई और पुरूषोत्तम यादव को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपी गुलशन लोहार और अन्य आरोपी कृसूर्या सोनी, संजय भगत, दीपू यादव उर्फ करिया और बिहारी नामक व्यक्ति दो साल से फरार थे। इन आरोपियों के खिलाफ धारा 173(8) के तहत अभियोग पत्र जे.एम.एफसी. न्यायालय धरमजयगढ़ में पेश किया गया था।

**वर्तमान गिरफ्तारी**-पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन और एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर ने गंभीर मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इस सतर्कता के चलते, धरमजयगढ़ पुलिस ने सिमडेगा, झारखंड में दबिश देकर आरोपी- गुलशन कुमार विश्वकर्मा उर्फ गुलशन लोहार पिता मोहनराम विश्वकर्मा उम्र 24 वर्ष सा0 दर्रीडीह महुआटोली थाना कुरडेग जिला सिमडेगा झारखंड को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है जिसे न्यायिक रिमांड पर पेश किया जाएगा। तथा गिरफ्तार आरोपी गुलशन लोहार के खिलाफशीघ्र ही पूरक चालान प्रस्तुत किया जाएगा।

# अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद का राष्ट्रीय अधवेशन सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद की आमसभा एवं राष्ट्रीय अधिवेशन 17 अगस्त को बिलासपुर के गीता देवी रामचंद्र अग्रवाल विकलांग अस्पताल अनुसंधान एवं निशुल्क सेवा केंद्र मोपका में संपन्न हुआ, बैठक का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना, आस्था मंत्र एवं दीप प्रज्वलन कर हुआ, तत्पश्चात मंच पर उपस्थित पदाधिकारीयो में अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ विनय कुमार पाठक, राष्ट्रीय महामंत्री मदन मोहन अग्रवाल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू, राष्ट्रीय पदाधिकारी गोविंदराम मिरी, सेवानिवृत न्यायमूर्ति चंद्रभूषण वाजपेयी, के के यदु, विद्या केडिया,




वीरेंद्र पांडेय, अनुराधा दुबे, परिषद के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल, नित्यानंद अग्रवाल प्रमुख रूप से मौजूद थे, कार्यक्रम का संचालन करते हुए राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू ने विस्तार पूर्वक परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों पर जानकारी दी, साथ ही इस दौरान विभिन्न राज्यों से आए परिषद के पदाधिकारीयो ने भी अपने-अपने क्षेत्र में परिषद के द्वारा किए जा रही गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया,एवं राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के संगठन को मजबूत बनाने एवं परिषद के कार्यों में सहयोग करने वाले सेवाभावी कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया एवं संस्थाओं का भी सम्मान किया गया इस दौरान काफी संख्या में देश के विभिन्न स्थानों से परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे, साथ ही आने वाले दिनों में अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के संस्थापक सदस्य के रूप में परिषद के पुराने सदस्यो को जोड़ने का भी निर्णय लिया गया तथा 25000/-रुपये की सहयोग राशि लेकर संस्थापक सदस्य के रूप में सुशोभित किया जायेगा, वहीं बैठक के दौरान डॉ विनय कुमार पाठक, मदन मोहन अग्रवाल, नित्यानंद अग्रवाल, वीरेन पांडेय,सत्येंद्र अग्रवाल, सहित अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की व्यवस्थाओं से नाराज हुए प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

प्रमुख सचिव, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग छत्तीसगढ़, आईएएस सोनमणि बोरा ने आज संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पलाड़ीखुर्द का औचक निरीक्षण किया। प्रमुख सचिव बोरा के आगमन पर संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पलाड़ीखुर्द के छात्र-छात्राओं द्वारा उनका तिलक लगाकर तथा तालियों के साथ स्वागत किया गया। प्रमुख सचिव बोरा ने निरीक्षण के दौरान संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पलाड़ीखुर्द में पेयजल, साफ-सफाई की उचित व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जताई तथा एकलव्य विद्यालय परिसर में वाटर कूलर के 15 दिनों से बंद होने की जानकारी





मिलने पर एक सप्ताह के भीतर पेयजल, साफ -सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्थाए दुरुस्त करते हुवे छात्रावास और विद्यालय में बच्चों को प्राथमिकता से अच्छी शिक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए,निरीक्षण के दौरान प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पलाड़ीखुर्द में साफ -सफाई सहित अन्य कमियों की देख-रेख और उन्हें दूर करने के लिए दो-दो शिक्षकों की ड्यूटी रोटेसन में लगाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित सभी शिक्षकों और विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं से कक्षा तथा आवासीय परिसर में उपस्थित नहीं होने पर लाइट, पंखे आदि को बंद करते हुए बिजली के सदुपयोग पर विशेष ध्यान देने कहा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में नियुक्त शासकीय शिक्षकों के लिए बनाये गए आवासीय घरों को पूर्व स्टाफ द्वारा किये गए अवैध कब्जा से मुक्त कराते हुए नवपदस्थ शिक्षकों व कर्मचारियों को दिलाये जाने के निर्देश दिए।

# भूतपूर्व सैनिकों का किया अनुनय कान्वेंट स्कूल ने सम्मान



पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

नगर का सर्वाधिक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अनुनय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में देश का 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह गौरवपूर्ण तरीके से बनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के ध्वजारोहण समारोह का मुख्य आकर्षण भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान था संस्था प्रमुख योगेश साहू ने बताया कि संस्था में ध्वजारोहण नगर के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजेश अग्रवाल एवं सुरेश अग्रवाल की उपस्थिति में हुआ, इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया गया जिसमें भूतपूर्व सैनिक रिटायर्ड कैप्टन चेकराम साहू, शिवकुमार राठौर प्रियेश यादव, दिनेश कुमार गौड़, का सम्मान किया गया, इस समारोह में अनेक राष्ट्रगीत, देश प्रेम के गीत तथा नृत्य प्रस्तुत किए गए. स्वागत नृत्य श्रेया चक्रधारी और ग्रुप के द्वारा प्रस्तुत किया गया क्लास नाइंथ से ग्रुप सॉन्ग लहर दो तिरंगा तथा वन्य भारद्वाज और ग्रुप के द्वारा हम वीर सिपाही गीत एवं चेस्टा साहू और ग्रुप के द्वारा मेरा मुल्क मेरा देश के साथ-साथ ग्रुप डांस जिगर है जिगर है दिशा शर्मा और ग्रुप एवं ग्रुप सॉन्ग सुनो गौर से श्रेया गोपाल ग्रुप के द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

# लंबे समय से फरार आरोपी को पकड़ने में थाना नवागढ़ पुलिस को मिली सफलता




पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

मोती महतो के द्वारा थाना नवागढ़ में उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी तथा इसके अन्य साथी रेत घाट नवापारा के भंडारण स्थल के कमरा में बातचीत कर बैठे थे तभी आरोपी गोविंदा यादव आपने अन्य साथियों के साथ आए और हाथ में डंडा और राड रखे थे और बोले की तुम लोगो को पूर्व में बताया गया है कि रेत का काम करना है तो एक लाख देना पड़ेगा अभी के अभी दो हम लोग बार बार मांगने नही आयेंगे बोल कर एक राय होकर मारपीट और तोड़फोड़ करने लगे, जान से मारने की धमकी देते हुवे मारपीट कर चोट पहुंचाए और पचास हजार रुपय को ले गए है की रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 04/22 धारा 307, 147, 148,149, 386, 458, 427 भादवि अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। पूर्व में प्रकरण के चार आरोपी गोविंदा यादव, उत्तम यादव, उमेश यादव, अजय यादव निवासी नवापारा को गिरफ्तार कर रिमाड पर भेजा गया है प्रकरण के आरोपी किशोर यादव निवासी केवा फरार थे जिसकी लगातार पातासाजी की जा रही थी। आरोपी किशोर यादव उम्र 25 साल निवासी केवा को मुखबिर सूचना से उसके सकुनत से पकड़ कर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने से विधिवत गिरफ्तार कर 17.08.24 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# अपनी ही मासूम बच्ची को मारकर हत्या करने वाले निर्दयी पिता गिरफ्तार

■ भोजपुर फाटक के पास थाना चांपा की घटना

पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

आरोपी सलमान खान उर्फ दिशान खान पिता रोशन खान उम्र 33 वर्ष निवासी भोजपुर फाटक के पास थाना चांपा जिसकी दो बच्ची है एक का उम्र 08 वर्ष तथा दूसरे का उम्र 06 वर्ष की है पति पत्नी के बीच में विवाद होने के कारण पत्नी आरोपी सलमान को छोड़कर अलग रह रही है। आरोपी सलमान अपने दोनो बच्चों को लेकर घर में रह रहा था। 17/8/24 को दोपहर 01 बजे करीबन दोनों बच्चे खिलौना की बात को लेकर आपस में मारपीट, विवाद हो रहे थे, जिसे मना करने पर नहीं माने तो आरोपी सलमान गुस्सा में आकर अपने दोनों बच्चे को लकड़ी के बत्ता से मारपीट किया दोनो जमीन में लेट गए रात्रि 10 बजे खाना खाने के लिए जगाया तो बड़ी बच्ची कराहते हुये जगी छोटी बच्ची बातचीत नहीं कर रही थी जिसे आरोपी



दोनों बच्चे को लेकर अस्पताल आ रहा था जो मोहल्ले के क्रांति देवांगन से लिफ्ट लेकर मो.सा. से बीडीएम अस्पताल चांपा ले गया जहां डॉ. द्वारा छोटी बच्ची को मृत्त घोषित कर दिया गया बड़ी बच्ची का ईलाज बीडीएम अस्पताल चांपा में चल रहा है। जिसकी सूचना मिलने पर आरोपी के विरुद्ध थाना चांपा में अपराध क्र 338/24 धारा 103,115 (2) बी एन एस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए विवेक शुक्ला (आईपीएस) पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में तत्काल फोरेंसिक टीम व न्याय दल के साथ चाम्पा पुलिस घटना स्थल का निरीक्षण किया गया एंव मृतिका बच्ची की शव का पंचनामा कार्यावाही कर बीडीएम अस्पताल से शव का पीएम कराया गया है। विवेचना क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल व एसडीओपी चाम्पा यदुमणि सिदार के कुशल मार्गदर्शन में 17/8/24 को बीडीएम अस्पताल से सूचना मिलने पर तत्काल टीम रवाना कर अस्पताल पहुच कर मौके पर देहाती मर्ग कायम कर विवेचना कार्यवाही किया गया है। विवेचना दौरान आरोपी दिशांन उर्फ सलमान खान उम्र 33 वर्ष निवासी भोजपुर चाम्पा थाना चाम्पा को हिरासत में लेकर घटना के संबध में पूछताछ करने पर घटना घटित करना स्वीकार किए गए से आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर 18.08.2024 को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक डॉ. नरेश पटेल, उप निरीक्षक के डी बनर्जी सउनि दिलीप सिंह, बेलसेज्जर लकड़ा,मुकेश पांडेय,अरुण सिंह, प्रधान आरक्षक प्रकाश राठौर, गणेश कौशिक, श्यामा जायसवाल, आर शंकर राजपुत, माखन साहू, पदमराज सिंह, सचिन एक्का, गोपेश्वर सिंह, भूपेन्द्र गोस्वामी, प्रहलाद दिनकर, वीरेश सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# कार्य नहीं करने पर ठेकेदार को जारी किया गया नोटिस, कार्य नहीं करने की स्थिति पर ब्लैकलिस्टेड एवं अमानत राशि राजसात करने की दी गई चेतावनी

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

वार्ड क्रमांक 24, 25 एवं 47 टाइल्स कार्य, नाली पर स्लैब कार्य एवं तालाब में पचारी निर्माण के कार्य समय पर नहीं करने पर ठेकेदार को निगम प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किया गया है। नोटिस पर कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने की बात कहते हुए कार्य नहीं करने की स्थिति पर ब्लैकलिस्टेड करने एवं अमानत राशि को राजसात करने की चेतावनी दी गई है। कृष्ण वाटिका निवासी स्काई हाई इंटरप्राइजेज द्वारा वार्ड क्रमांक 24 पटेल घर से पुलिया तक नाली पर स्लैप कार्य, वार्ड क्रमांक 25 गढ़कलेवा के सामने टाइल्स कार्य एवं वार्ड क्रमांक 47 विजयपुर दीवानमुंडा तालाब में पचारी निर्माण के कार्य लिए गए हैं। ठेकेदार द्वारा वर्तमान में कार्य बहुत धीमी अथवा बंद कर दिया गया है। इस पर निगम प्रशासन द्वारा ठेकेदार को नोटिस जारी करते हुए समय पर गुणवत्ता के साथ कार्य को पूर्ण करने की बात कही गई है। इसी तरह कार्य नहीं करने की स्थिति पर निगम के समस्त कार्यों से ब्लैकलिस्टेड करते हुए अमानत राशि को राजसात करने की चेतावनी दी गई है। इसी तरह पार्षद निधि से वार्ड क्रमांक 22 में देवांगन घर से जयसवाल घर तक एवं सिंधी काली कॉलोनी झूलेलाल परिसर में सीसी सड़क 8 प्रतिसत अधिक एस ओ आर मेसर्स आरके कंस्ट्रक्शन प्रोपराइटर राकेश सिंह कालिंदी कुंज से कार्य की लागत 11 लाख 53 हजार एवं पूर्ण करने की अवधि बरसात को छोड़कर तीन माह का अनुबंध किया गया है।

## मेरी आन बान और शान तिरंगा है : रोशन लाल अग्रवाल




**चांपा ।** डागा कॉलोनी बरपाली चौक चांपा निवासी रोशन लाल अग्रवाल अपने पोता पोती के साथ अंशिका एवं लक्ष्य। देश भक्ति आन बान और शान से लहराएं तिरंगा आजादी का महापर्व पर जश्न स्वतंत्रता दिवस पर आन बान तिरंगा जान तिरंगा और मेरी शान तिरंगा का कथन देते हुए देशवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित किए।

'कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा शहर सरकार के कार्यों पर भाजपा का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं'

# निगम आयुक्त के मनमाने रवैये को लेकर जिला कांग्रेस भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस भवन रायगढ़ में कांग्रेस शहर अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने निगम महापौर, निगम सभापति व समस्त चुने हुए कांग्रेस के पार्षदगणों के साथ निगम आयुक्त की मनमानी निर्णय और अधोसंरचना मद के मामले को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। जिसे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल शुक्ला व वरिष्ठ निगम सदस्यों ने मीडिया के समक्ष अपनी बात रखी। मीडिया को संबोधित कर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सरकार के द्वारा नगर निगम में कांग्रेस पार्षदों के साथ दोहरा चरित्र और विकास कार्यों में कांग्रेस पार्षदों के वार्डो में भेद भाव किए जाने के दवाव के चलते निगम आयुक्त द्वारा सिर्फऔर सिर्फभाजपा वार्डो के विकास कार्य कराए जाने



के निर्णय लिए जाने से बीजेपी शासन का दबाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। रायगढ़ निगम के 48 वार्डो में से 43 वार्ड रायगढ़ विधान सभा क्षेत्र के हैं जिसमें 23 वार्ड में कॉंग्रेस के पार्षद हैं पिछले विधानसभा चुनाव में लगभग 32000 मतदाताओं ने बीजेपी को वोट किया था रायगढ़ नगर निगम के कांग्रेसी पार्षद के 26 वार्डो में प्रशासन के द्वारा अधोसंरचना मद से विकास कार्यो के लिए कोई राशि प्रदान नहीं कि गई। अधोसंरचना मद से केवल भाजपा पार्षदों के वार्डो में लगभग 20 लाख रुपये प्रति वार्ड के हिसाब से लगभग 438.81 लाख के कार्य स्वीकृत किये गए है जबकि पूर्व में कॉंग्रेस शासन के समय राज्य शासन द्वारा विकास के लिए पहले 8 लाख रूपए सभी वार्डो में दिए गए एवं समय समय पर आवश्यकता अनुसार शासन के सब की सभी योजनाओं के लिए राजनिति से ऊपर उठकर शहर विकास हेतु सभी वार्डो में समान राशि दी गई कॉंग्रेस कार्यकाल में शहर विकास हेतु पार्षद निधि 4 लाख से बड़ाकर 6 लाख कर दी गई थी जो कि सभी दलों के लिए थी किंतु उक्त राशि को भी को भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा षड्यंत्र कर उक्त पार्षद निधी एवं बढी हुई राशि को आज पर्यन्त तक आवंटित नहीं किया गया। अनिल शुक्ला ने आगे कहा कि बीजेपी की विकास कार्यों में दखल देने वाली नीतियों के कारण ही वे जनता से भरोसा खोते जा रहे हैं। यह एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छी परंपरा नहीं है। सत्ता में बैठे लोगों को शहर सरकार के कार्यों में पक्षपात पूर्ण दखल नहीं देना चाहिए और सबके साथ समभाव रखकर कार्य करना चाहिए। इससे उनका ही भरोसा बढ़ेगा और वे जनता के बीच अपनी नियत और नीतियों को स्थापित कर पाएंगे। अनिल शुक्ला ने पत्रकारों के प्रश्नों का जवाब भी दिया उन्होंने अपनी बात समाप्त करते हुए कहा कि आयुक्त महोदय दबाव में कार्य न करें क्योंकि उनका ओहदा पक्षपात और भेदभाव वाला होगा तो उन्हें जनता के सवालों से हमेशा घिरना पड़ेगा हम कदापि नहीं चाहते कि उन्हें चुने हुए जनप्रतिनिधियों के अलावा जनता की अदालत का सामना करना पड़े। आज पोर्टल प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सम्मानित सदस्यों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला, पूर्व विधायक प्रकाश नायक, महापौर जानकी अमृत काटजू, जयंत ठ ठेठवार सभापति, शाखा यादव, हरे राम तिवारी,संजय देवांगन, विकाश ठेठवार, लक्ष्मी साहू, प्रभात साहू, रत्थू जायसवाल, संजय चैहान, रंजना पटेल , प्रभाती महापात्र पूर्व एल्डरमैन दया राम धुर्वे, राकेश पांडेय, वसीम खान, रिंकी पांडेय, पिंकी विमल यादव, लक्ष्मी लझेश्वेत मिरी, आरिफ हुसैन, रमेश भगत निर्मला पटेल व समस्त कांग्रेस पार्षद उपस्थित रहे।

## स्व. शैल बाजपेयी के निधन पर प्रेस क्लब चांपा ने दी श्रद्धांजलि, एसपी विवेक शुक्ला रहे उपस्थित



**चांपा।** ब्राह्मण समाज के प्रतिष्ठित नागरिक सदर बाजार चांपा निवासी सुधीर बाजपेयी व किशोर बाजपेयी की पूज्यनीय माता स्व. शैल बाजपेयी उम्र 92 वर्ष के दुःखद निधन पर उनके आवास पहुंचकर प्रेस क्लब चांपा के अध्यक्ष सहित सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की शैल बाजपेयी का 6 अगस्त 2024 को निधन हो गया था। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में प्रेस क्लब चांपा के अध्यक्ष कुलवंत सिंह सलूजा, सचिव डॉ. मूलचंद गुप्त, कोषाध्यक्ष विक्रम तिवारी, गौरव गुप्ता, राजेश तिवारी, संतोष देवांगन, नरेंद्र शर्मा, शशिभूषण सोनी मौजूद रहे। जांजगीर-चांपा जिले के पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित थे। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे तथा शोक संतृप्त परिवारजनों को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करने हेतु प्रार्थना की गई।

# स्वतंत्रता दिवस पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



स्वंत्रता दिवस यानी देश की आजादी का जिक्र आते ही हम सभी दिल झूमने लगता है। कुछ वैसा ही नजारा गोमची ग्राम के माँ गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम में भी देखने को मिला। वृद्धाश्रम की ट्रस्टी कल्पना योगेश तिवारी के मुख्य आतिथ्य में जब पचास से सत्तर साल तक के बुजुर्ग आजादी के गीत पर झूमते नजर आए। पहली बार स्वतंत्रता दिवस मना रहा माँ गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम में इस मौके पर खुशियों की बहार आ गई थी। सुबह ध्वजारोहण के बाद यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रमुख समाजसेविका श्रीमती कल्पना तिवारी ने मुख्य अतिथि के रूप में तिरंगा फहराकर समारोह की शुरुआत की। राष्ट्रगान के पश्चात सभी ने देश की एकता और अखंडता के प्रति समर्पण का संकल्प लिया। ध्वजारोहण के बाद आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विशेष रूप से बुजुर्ग नागरिकों ने हिस्सा लिया और अपने विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति का जज्बा प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में देशभक्ति गीत, कविता पाठ, और नृत्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कल्पना तिवारी ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के विकास में सभी के योगदान की सराहना की। उन्होंने बुजुर्गों की भागीदारी को प्रेरणादायक बताया और कहा कि उनके अनुभव नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए और राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने कार्यक्रम की सराहना की। इस कार्यक्रम में माँ गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम की ट्रस्टी कल्पना योगेश तिवार समेत कमलेश सोनी, धन्नुलाल मुदगलजी, यशपाल सिंह चौहान, देवीबाई बजाज, प्रेम पोदार, रामचन्द्र मोर्या, सकलदेव, हेमराज पोदार, मनोरंजन, लक्ष्मी नारायण, रमाकान्त त्यागी, मुरलीधर, जगदीश राम प्रमुख रूप से शामिल रहें।

# महिलाओं के क्लब द पंख ने किया फल और कापियों का वितरण





पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी के तेलीबांधा मरीन ड्राइव में महिला क्लब द पंख (रियूनाइट विथ हाइट) ने जरूरतमंदों को फलों का वितरण किया, साथ ही पढ़ने वाले बच्चों को कापी और पेन भी बांटा। क्लब इस तरह के आयोजन करके सामाजिक सहभागिता का कार्य करती है। क्लब की सदस्य ऋतु सेलेट ने बताया कि उनका क्लब मनोरंजन के साथ लर्निंग के नए दृष्टिकोण को साथ लेकर अब महिलाओ की भागीदारी समाज के प्रति बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी प्रयास में क्लब की महिला सदस्यों ने जरूरतमंद बच्चों, श्रमिको, सफाई कर्मी, आटो एवं रिक्शा चालकों के साथ समय बिताया और उन्हें मिठाई, फल टाफी व स्टेशनरी वितरण किया। ये क्लब का कार्यालय खम्हारडीह थाने के पास कचना रोड स्थित है। इस क्लब की सदस्यता निशुल्क है। कार्यक्रम में रेखा, सुधा, सीमा, रेणुका, नीरू नीलिमा, अनुभा, उमा, सुविधा, मुस्कान, सुंगधा, प्रिया एवं रीतू उपस्थित थीं।

# बजरंगियों ने रक्षा सूत्र बंधवाकर सदैव बहनों की रक्षा करने का लिया संकल्प



पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विश्व हिंदू परिषद् के द्वारा सामूहिक् रूप से रक्षाबंधन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद् दुर्गा वाहिनी एवम नारी शक्ति की बहनों के द्वारा विहीप बजरंग दल के भाइयों को नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों को, थाना सरायपाली के टी.आई., अधिकारी-स्टाफ , सरकारी अस्पताल के सभी अधिकारी एवं स्टाफ को राखी बांध कर रक्षाबंधन का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, और सभी भाइयों ने सभी बहनों से राखी बँधवा कर सदैव उनकी रक्षा करने का एवम सदैव नारी समाज के सम्मान, प्रतिष्ठा दिलाने में अपना सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया। साथ ही टी.आई प्रवीण चौहान ने सभी बहनों का सदैव साथ देने एवं उनके सम्मान के प्रति हमेशा से सजग रहने की बात कही।

# विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक चातुरी नंद

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com



**सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख रूपये घोषणा**

अंचल के ग्राम बड़े साजापाली में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम पूर्व विधायक राजा देवेंद्र बहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ आदिवासी समाज के ईष्ट देव की पूजा अर्चना कर की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति पूजक है, जल, जंगल और जमीन को सहजने में उनकी अहम भूमिका है। प्रकृति संरक्षण आदिवासी समाज के रीति रिवाज में समाहित है। उन्होंने आदिवासी समाज के संवैधानिक अधिकारों के संरक्षित करने की बात कही। आदिवासी समाज की मांग पर सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 5 लाख रूपये की राशि देने की बड़ी घोषणा की। कार्यक्रम को पूर्व विधायक एवं फुलझर स्टेट के राजा देवेंद्र बहादुर सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने आदिवासी समाज को एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य नोविना जगत, विधायक प्रतिनिधि घसिया सिदार, ईश्वर सिंह सिदार, चंद्रहास नाग, उपेंद्र नाग, फागुलाल बरिहा, डॉ योगेश बरिहा, महेत्तर लाल सिदार, नारायण सिंह बरीहा, मंगलू मुंडा, नरेश पोर्ते, बृज बिहारी जगत, अरविंद बरीहा, ईश्वर भारद्वाज, ब्रिज सिदार, टिकेश्वर पटेल, महेंद्र नायक, सरजू लाल सिदार, उतरा सिदार, समेत आदिवासी समाज के गणमान्य नागरिक एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज ने किया 51 पार्थिवेश्वर रुद्राभिषेक, शामिल हुए सुशील सन्नी अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



श्री आशुतोष अलका अग्रवाल मेमोरियल ट्रस्ट एवं छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज रायपुर इकाई के अंतर्गत छत्तीसगढ़ी अग्र-युवा मंच के द्वारा 51 पार्थिवेश्वर रुद्राभिषेक शिवमय सावन अभनपुर में आयोजन किया गया जिसमे छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पूर्व अध्यक्ष दाऊ सुशील सन्नी अग्रवाल सम्मिलित हुए एवं समस्त देश वासियों के लिए सुख शांति और समृद्धि के लिए कामना कर पूजा अर्चना की। छत्तीसगढ़ी अग्र-युवा मंच के द्वारा सावन माह में प्रति वर्ष यह आयोजन किया जाता है इस आयोजन में दाऊ अमिताभ अग्रवाल, दाऊ प्रतीक अग्रवाल, दाऊ अंशुल अग्रवाल, दाऊ सौरभ अग्रवाल, दाऊ नीलेश अग्रवाल, दाऊ कुंजबिहारी अग्रवाल, दाऊ नितेश अग्रवाल, दाऊ अनिल (बंटी) अग्रवाल, दाऊ आशीष (मीकू) अग्रवाल, दाऊ नितिन अग्रवाल, दाऊ माधव अग्रवाल, दाऊ आकाश अग्रवाल, दाऊ विकास अग्रवाल, दाऊ अनमोल अग्रवाल, दाऊ शुभम अग्रवाल, दाऊ आकाश (अक्कू), दाऊ श्रीजी अग्रवाल सहित भारी मात्रा में छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के पदाधिकारी गण, वरिष्ठ जन एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

# हमारी प्राचीन संस्कृति धरोहरों में आदिवासी समाज का योगदान वन्दनीय है : संदीप साहू

पायनियर संवाददाता ‹ लवन
www.dailypioneer.com



कसडोल नगर में सर्व आदिवासी समाज द्वारा विश्व आदिवासी मूल निवासी परब तिहार कार्यक्रम का अयोजन रखा गया था, जिसमें अतिथि के रूप में कसडोल विधायक संदीप साहू शामिल हुए इस दौरान उन्होंने पूजा अर्चना कर सर्व आदिवासी समाज को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रकृति और संस्कृति की रक्षा के साथ-साथ देश की रक्षा में भी आदिवासी समाज का योगदान अतुलनीय है हमारे जल जंगल और जमीन की सुरक्षा एवं पर्यावरण के प्रति आदिवासी समाज के अटूट प्रेम की वजह से ही हमारे प्राकृतिक धरोहरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है प्रकृति के साथ-साथ हमारी धार्मिक परम्पराओं आस्था के केन्द्रों पौराणिक सभ्यताओं और आने वाली पीढ़ियों को भारत की गौरवशाली धरोहरों से अवगत कराने के लिए आदिवासी समाज के अथक परिश्रम तथा योगदान को हम सभी नमन करते हैं उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में आदिवासी समाज का हमारे सांस्कृतिक व पारंपरिक संस्कृति को सहेजने में बहुमूल्य योगदान है वे देश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ ही प्राकृतिक धरोहर जल, जंगल और जमीन का संरक्षण करने का भी काम कर रहें हैं यहां की परम्पराएं, रीति-रिवाज और संस्कृति अपने आप में खास है आज देश का ऐसा कोई भी कोना नहीं होगा जो छत्तीसगढ़ के हमारे आदिवासी भाइयों-बहनों के वैभव सम्पदा को नहीं जानता होगा हमारे आदिवासी समाज की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता उनकी सामूहिक जीवन सामूहिक उत्तर दायित्व और भावात्मक संबंध जो निःस्वार्थ भाव से एक दूसरे की सहायता करने और एकजुट होकर रहने की है हमें गर्व है कि पुरे विश्व में भारत में सबसे आदिवासी समाज के लोग निवासरत हैं जो पौराणिक काल से ही हमारी सांस्कृतिक व प्राकृतिक धरोहर को सहेजने का अतुलनीय कार्य कर रहें हैं आप सभी को इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु बधाई इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कसडोल के कार्यकारी अध्यक्ष दयाराम वर्मा नगर पंचायत कसडोल के अध्यक्ष नीलू चंदन साहू,जनपद सदस्य योगेश बंजारे , पूर्व पार्षद राजेश कन्नौजे, पंकज जयसवाल सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर प्राचार्य संतोष वर्मा हुए सम्मानित

पायनियर संवाददाता ‹ लवन
www.dailypioneer.com



15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह बलौदा बाजार जिले में अत्यंत हर्ष एवं उल्लास भरे वातावरण में मनाया गया। जिसमे स्थानीय पंडित चक्रपाणि हाईस्कूल मैदान में जिला स्तरीय समारोह में लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, एवं जिला प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने तिरंगा फहराया। इस अवसर पर जिला प्रशासन बलौदा बाजार की ओर से जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी के लिए सम्मान समारोह रखा गया था जिसमे कसडोल नगर में संचालित पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कसडोल के प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा को क्षमता के आधार पर विद्यालय का सुचारू रूप संचालन, पढाई के प्रति छात्रों में रुचि जागृत करना, पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में 10 वी और 12वी का प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त कराना, साथ ही शासकीय योजना का विद्यालय में त्वरीत संचालन करने हेतु उत्कृष्ट प्राचार्य के लिए चयन किया गया। और उन्हें जिला प्रभारी मंत्री के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, सहायक संचालक कमलेश गुप्ता, बी आर पटेल, जे मरावी, राकेश शर्मा, पीएमश्री नोडल जहीर अब्बास, अरुण वर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत देवांगन, बी आर सी सी ध्रुव, पटेल, ऋत्विक मिश्रा उपाध्यक्ष नगर पंचायत, आलोक मिश्रा, संतोष साहू बीएसओ, कमलेश कश्यप, राजेंद्र पटेल, ध्रुव, अशोक यादव, सुरेंद्र साहू, सुरेंद्र पांडेय, कौशल दुबे, रोहित साहू, पत्रकार समूह से साहेब लाल साहू, देवेंद्र साहू, जय साहू, प्रवीण ढोमने, दिनेश मिश्रा, केशव साहू, रूपेश जोशी, ईश्वर यादव, भुनेश्वर गुप्ता, गिरजा साय, लक्ष्मण मिश्रा, मनोज साहू, संजय साहू, एसएमडीसी अध्यक्ष गणेश शंकर साहू एवं समस्त सदस्य, समस्त गणमान्य नागरिक एवं पीएमश्री उत्कृष्ट विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने प्राचार्य को बधाई एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# ऑक्सफोर्ड इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल कसडोल में पूर्व विधायक शकुंतला साहू ने किया ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता ‹ लवन
www.dailypioneer.com



ऑक्सफोर्ड इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल कसडोल में आजादी की 78वीं वर्षगाँठ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शकुंतला साहू पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक कसडोल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस मौके पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से एकता व जागरूकता का सन्देश दिया बच्चों में जबरदस्त उत्साह का माहौल देखने को मिला। पूरा विद्यालय प्रांगण भारत माता की जय और वन्दे मातरम के नारों से गूंज उठा। नन्हे बच्चे महात्मा गाँधी, सुभाष चंद्र बोस, रानी लक्ष्मी बाई, भारत माता, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद की वेशभूषा में मन मोह लिए। छात्रों ने अपने गीतों भाषण और देशभक्ति गीतों में ओजस्वी नृत्य प्रस्तुतियों से सभी को भाव विभोर कर दिए। इस अवसर पर पूर्व विधायक शकुंतला साहू ने देश की आजादी में शहीद अमर सपूतों को नमन कर श्रद्धांजली अर्पित की और समस्त क्षेत्रवासियों सहित देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि हमें धर्म जाति संप्रदाय को भूलकर देशधर्म को अपनाना चाहिए। हमें देश की प्रगति में साधक बनना चाहिए न की बाधक। कोई भी काम करते समय हमेशा तिरंगे को ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने बच्चों की शानदार प्रस्तुति एवं बेहतर आयोजन के लिए स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई दी। कार्यक्रम में मनीष मिश्रा संरक्षक किसान महासंघ कसडोल, चंद्रप्रकाश साहू डायरेक्टर आंक्सफोर्ड इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल कसडोल, सेवती कैवर्त पार्षद कसडोल, ललिता यादव अध्यक्ष महिला कांग्रेस कमेटी कसडोल, ईश्वर यादव पूर्व डीएमएफ सदस्य, लक्ष्मी साहू प्राचार्य ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल कसडोल, चंद्रिका वैष्णव पार्षद कसडोल, अमृत साहू पूर्व सोसायटी अध्यक्ष सेल, विमल वैष्णव पार्षद प्रतिनिधि, शंकर साहू, जितेंद्र, बि.के.गीता, गोपाल साव, दीपक बारीक, प्रभा कनौजे, कामना तिवारी, यमुना राव, जनप्रतिनिधि, पालकगण एवं स्कूल के सभी शिक्षकगण बड़ी संख्या में बच्चे सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

# छात्राऐ आज बाल आश्रम में मनाएंगी रक्षाबंधन

**रायपुर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छत्रपति शिवाजी स्कूल, पुरानी बस्ती की छात्राओं द्वारा रक्षाबंधन का पर्व कचहरी चौक स्थित बाल आश्रम के बच्चों के साथ मनाया जाएगा। पिछले 17 वर्षों से प्रतिवर्ष यहां की छात्राएं भाई बहनों के इस पवित्र पर्व को बाल आश्रम के छात्रों के साथ मनाती हैं। छात्राओं द्वारा 12 बजे आश्रम में छात्रों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की जाएगी। साथ ही छात्राएं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगी।

# सिट्रोएन ने बैसाल्ट लॉन्च की- भारत की पहली मेनस्ट्रीम एसयूवी कूपे-एसयूवी एटीट्यूड और कूपे का एलिगेंस

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



सिट्रोएन इंडिया ने भारत की पहली मेनस्ट्रीम एसयूवी कूपे-बैसाल्ट के लॉन्च की घोषणा कर दी। इसमें ग्राहकों को एसयूवी के मज़बूत आकर्षण के साथ कूपे का स्लीक एलिगेंस और विशाल रिफाईनमेंट मिलेगा। सिट्रोएन बैसाल्ट में बोल्ड, कमांडिंग स्टांस, श्रेणी में सबसे विशाल स्पेस और एयरोडायनामिक सिल्हुएट के साथ ड्राइविंग का अतुलनीय अनुभव प्राप्त होगा। 100 सालों से सिट्रोएन की विरासत रही इनोवेशन और कम्फर्ट की प्रतिबद्धता के साथ बैसाल्ट ऑटोमोटिव उत्कृष्टता का एक नया युग शुरू कर रही है, जिसमें आधुनिक फीचर्स और ड्राइविंग के आनंद को सबसे ज्यादा महत्व दिया जाता है। बैसाल्ट की डिलीवरी पूरे देश में स्थित ला मेज़ों सिट्रोएन फिजिटल शोरूम्स से सितंबर, 2024 के पहले हफ़्ते से शुरू होगी। मैक्स वैरिएंट में ड्युअल टोन 21,000 रुपये अतिरिक्त देकर बुक किया जा सकता है। नई सिट्रोएन बैसाल्ट के बारे में शैलेष हजेला, सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, स्टेलैंटिस इंडिया ने कहा, ''ग्राहकों के आराम और वैलबींग को महत्व देने वाली कंपनी के रूप में हम भारत की पहली मेनस्ट्रीम एसयूवी कूपे पेश करते हुए बहुत उत्साहित हैं। हमारा उद्देश्य साफ है, हम तेजी से विकसित होते हुए मिडसाईज़्ड और कॉम्पैक्ट एसयूवी बाजार में ज्यादा सुलभ और सॉफिस्टिकेटेड विकल्प प्रदान करना चाहते हैं। बैसाल्ट में आधुनिक, डिस्टिंक्टिव एसयूवी डिज़ाईन है, जो अतुलनीय कम्फर्ट, आधुनिक टेक्नोलॉजी, टॉप-टियर सुरक्षा, और असाधारण मूल्य प्रदान करता है, जिसके लिए सिट्रोएन मशहूर है। साथ ही, इसमें कूपे की विशालता और बहुमुखी सौंदर्य है, जो ऑटोमोटिव उत्कृष्टता के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर देगा। नई सिट्रोएन बैसाल्ट के लॉन्च के बारे में शैलेष हजेला, सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, स्टेलैंटिस इंडिया ने कहा, ''सिट्रोएन बैसाल्ट का ऑफिशियल लॉन्च हमारे लिए गर्व का क्षण है।

# कांग्रेस ने एसडीएम कार्यालय के सामने पशुओं को बांध कर किया प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य मे भाजपा सरकार बनने के बाद गौधन न्याय योजना बंद करके गौवंशीय पशुओ को सड़क पर बेमौत मरने के लिए सड़क पर छोड़ दिया गया है, प्रदेश भर मे हो रही गायों की मौत तथा खुले मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटना के विरोध मे शहर कांग्रेस एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा एसडीएम कार्यालय का घेराव कर आवारा पशुओं को कार्यालय मे बांध कर प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसजन आज कांग्रेस भवन मे इकट्ठे होकर शहर मे घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़कर एस डी एम कार्यालय ले गए जहां पुलिस बल के द्वारा गौ माता को कार्यालय मे ले जाने को लेकर कांग्रेस जनों से झूमा-झटकी हुई तो कांग्रेस जनो ने कार्यालय के गेट मे ही पशुओं को बांध दिया। इस दौरान राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। प्रदर्शन मे बंशी पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस, शकुंतला साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, जोगेंदर छाबड़ा, सनत धर दीवान, पार्षद मनोज शर्मा, रश्मि मिश्रा, रेहाना रवानी, जया साहू, रानी सेन, धरम वर्मा, राम ठाकुर, अजय सेन मिथलेश वर्मा, महानंद यादव, प्रतीक दुबे, नारायण छाबड़ा, चंदू शीतलानी, देवा गर्ग, लक्ष्मी डेहरे,, जयप्रकाश साहू, कुमार वर्मा, सीताराम यदु, भानू साहू अध्यक्ष किसान समिती सिघौरी, नीलकंठ चंद्राकर, सिद्धांत दीवान, गोलू साहू, रामसंजीवन, मोहन वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, झाडू वर्मा, नारायण साहू, अघनु वर्मा,दिनेश साहू, ओमू साहू, डोमन साहू, खेमलाल साहू, दुलेश्वर साहू, भूपेंद्र साहू, गजानंद साहू, नानकू साहू, शत्रुहन साहू सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेसजन तथा किसान उपस्थित रहे।

# शिरोमणि माथुर की रचनाओं में छुपा है जीवन का यथार्थ : विनय कुमार

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



हस्ताक्षर साहित्य समिति दल्ली राजहरा द्वारा नगर के माथुर सिनेप्लेक्स में आयोजित साहित्यिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. शिरोमणि माथुर (दल्ली राजहरा) की कृतियां कहानी संग्रह राहें, चलें गगन के पार और लाएं स्वर्ग धरा पर, मुंबई के साहित्यकार इंद्र बहादुर सिंह पवई की कृति भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में हासिये का समाज संदर्भ चलें गगन के पार और भारतीय सांस्कृतिक परंपरा को डॉ. शिरोमणि माथुर का प्रदेय का विमोचन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. विनय कुमार पाठक कुलपति थावे विद्यापीठ गोपालगंज के कुलपति एवं छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय कुमार पाठक थे। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. इंद्र बहादुर सिंह मुंबई, देवलाल ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता भाजपा छग, इदरीश गांधी अध्यक्ष उर्दू अकादमी छग, मोहन प्रसाद चतुर्वेदी वरिष्ठ साहित्यकार गुरुर, दादूलाल सोनी वरिष्ठ साहित्यकार सोमनी राजनांदगांव, सुमीत जैन एमडी देव माइनिंग दल्ली राजहरा, जीआर रावटे चीफइंजीनियर लोक निर्माण विभाग बस्तर जोन, पीयूष सोनी पूर्व मंत्री प्रतिनिधि व छगन साहू प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा थे। अतिथियों के साथ मेजबान साहित्यिक बिरादरी की ओर से शिरोमणि माथुर ने दीप प्रज्ज्वलित एवं मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर समारोह का शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथियों ने पहले वरिष्ठ साहित्यकार शिरोमणि माथुर की तीनों नवीन कृतियों, फिर मुंबई के साहित्यकार इंद्र बहादुर सिंह की दोनों रचनाओं का विमोचन किया। संयोग देखिए कि इंद्र बहादुर सिंह की दोनों रचनाएं भी शिरोमणि माथुर की एक कृति और उनके साहित्यक योगदान पर आधारित थीं। इंद्र बहादुर सिंह ने शिरोमणि माथुर की कलम की धार को सराहते हुए कहा कि आज की पीढ़ी के रचनाकारों को शिरोमणि माथुर की रचनाओं से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिरोमणि की रचनाओं में जीवन का यथार्थ, गांव, गरीब, मजदूर, किसान और नारी का दर्द छुपा हुआ है। इनकी कहानियां दिल की गहराई में उतर जाती हैं। अन्य साहित्यकारों ने भी शिरोमणि माथुर की कृतियों व लेखन शैली को सराहा। विमोचन उपरांत कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ तथा बाहर से आमंत्रित कवियों ने बारिश की रिमझिम फुहारों के बीच उत्कृष्ट रचनाओं से आयोजन स्थल को जोश और उल्लास से भर दिया।

# सावन के अंतिम सोमवार निकलेगी महाकाल की शाही सवारी

## महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर पालकी माता देवालय शीतला मंदिर से होगी प्रारंभ, शिव का मिलन होगा शक्ति से, पालकी मार्ग में बिछेगा लाल कार्पेट

पायनियर संवाददाता ᐸ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पवित्र पुण्य माह श्रवण शिव भक्ति का मास माना जाता है। इस वर्ष सावन माह सोमवार से शुरू होकर सोमवार में ही समाप्त हो रहा है। कुल पांच सोमवार आ रहे हैं और यह संयोग 72 वर्ष बाद पड़ा है। हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार सावन मास के पांच सोमवार पढ़ने वाले वर्ष बहुत ही शुभ, फलदायी और उत्तम होते हैं। इन सोमवारों में भगवान भोले शंकर शिव की विशेष आराधना, अभिषेक, पूजा आदि का फल अति उत्तम प्राप्त होता है।

महाकाल मंदिर समिति सिंघोला व महाकाल सेना द्वारा विगत कई वर्षों से सावन माह के पड़ने वाले प्रत्येक सोमवार को पालकी यात्रा का आयोजन करता आ रहा है। पालकी शोभायात्रा संस्कारधानी नगरी के विभिन्न क्षेत्रों से प्रारंभ होकर किसी एक मंदिर में पहुंच विश्राम लेती है।



उज्जैन की तर्ज पर प्रारंभ हुई महाकाल की पालकी यात्रा अब छत्तीसगढ़ प्रदेश की पहचान बन चुकी है। राजनंदगांव से निकलने वाली पालकी यात्रा से प्रेरित हो अब प्रदेश के अन्य जिलों में भी यात्रा प्रारंभ हो चुकी है। सावन माह के अंतिम और पंचम सोमवार को शाही सवारी पालकी यात्रा दोप 03 बजे निकलेगी। महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा का मार्ग इस प्रकार होगा, नगर देवी माता देवालय शीतला मंदिर से पूजा आरती के पश्चात सोनार पारा, फव्वारा चौक, महाकाल चौक, सिनेमा लाइन, भारत माता चौक, गंज लाइन, गंज चौक, लोहार पारा होते हुए काली माई मंदिर में विश्राम होगी।

### शिव का मिलन शक्ति से होगा

महाकाल भक्त पवन डागा ने बताया कि सावन मास के अंतिम व पंचम सोमवार 19 अगस्त को दोपहर 03 बजे संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव के माता देवालय, शीतला मंदिर से महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा प्रारंभ होगी जो नगर भ्रमण करते हुए काली माई मंदिर भरकापारा में विश्राम लेगी। यहां शिव का मिलन शक्ति से होगा। डागा ने बताया कि इस वर्ष पालकी यात्रा में आम जन की भावना को ध्यान में रखते हुए डीजे को शामिल नहीं किया गया है। महाकाल सेना के पदाधिकारियों ने बताया कि पालकी यात्रा में विशेष रूप से झांझ, मंजीरा, ढोल, नगाड़ा और डमरु का प्रदर्शन होगा, वही स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा शिव के अनेक रूप एवं वेशभूषा में हुए अघोरी नृत्य, तांडव नृत्य आदि का प्रदर्शन भी होगा जोकि शोभायात्रा का विशेष आकर्षण होगा।

### शाही सवारी के लिए सज रहा मार्ग

श्रावण मास के अंतिम सोमवार को निकलने वाली महाकाल की शाही सवारी हेतु शिव भक्तों में अपार उत्साह है। पालकी यात्रा के मार्ग को सजाया संवारा जा रहा। विशेष रूप से जिस मार्ग से महाकाल बाबा की पालकी शाही सवारी गुजरेगीं उस रास्तों में लाल कार्पेट बिछाया जायेगा। महाकाल की पालकी जिन रास्तों से गुजरेगी उन मार्गों में अलग अलग समाज के लोग स्वागत पंडाल लगा शिव भक्तों का अभिनंदन स्वागत करेंगे।

### महाकाल बाबा का इतिहास

महाकाल भक्त पवन डागा ने एक जानकारी में बताया कि उज्जैन के महाकाल बाबा आशीर्वाद व प्रेरणा लेकर संस्कारधानी राजनांदगांव के ग्राम सिंघोला में विशाल मंदिर में लगभग 10 वर्ष पूर्व शिवलिंग स्थापित किया गया। स्थापना वर्ष से ही मंदिर की मान्यता बढ़ने लगी और दर्शन हेतु भक्तों का तांता लगने लगा। विशेष रूप से सावन मास में, प्रत्येक सोमवार को भगवान का जलाभिषेक करने सुबह से दर्शनार्थी पहुंचने लगे। यहां उज्जैन मंदिर की तरह भस्म आरती रात्रि के प्रथम पहर की जाती है। मंदिर के अलावा बाबा चंद्रमौलेश्वर महाकाल की एक प्रतिमा (मूर्ति) सन 2021 में लाई गई। जिसकी विधिवत उज्जैन मंदिर में ही प्राण प्रतिष्ठा की पूजा अभिषेक किया गया था। और अब वही प्रतिमा महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर की पालकी नगर भ्रमण में निकाली जाती है। ऐसा माना जाता है कि महाकाल बाबा चंद्रमौलेश्वर अपने भक्तो को दर्शन हेतु पालकी में निकलते हैं। उनके दर्शन मात्र से जीवों का कल्याण हो जाता है। उक्त जानकारी महाकाल पालकी यात्रा के प्रचार प्रसार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

# कार से मिली शराब की बड़ी खेप, चालक फरार

पायनियर संवाददाता ᐸ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

अवैध रूप से शराब परिवहन कर रहे वाहन को पुलिस ने नाकाबंदी कर जब्त किया। वहीं मौके से वाहन का चालक फरार होने में कामयाब हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस ने वाहन समेत 240 पौवा देशी शराब को जब्त कर लिया। 17 अगस्त को छुरिया पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक टाटा इंडिगो वाहन में काकोड़ी महाराष्ट्र की ओर से शराब लेकर शिकारीमहका की ओर जाने वाली है। सूचना पर स्टॉफ ग्राम शिकारीमहका चौक के पास नाकाबंदी किया गया। छुरिया की ओर से आ रही एक चार पहिया वाहन को रूकवाया गया। पूछताछ व वाहन को चेक करने के दौरान वाहन का चालक वाहन को



तेज भगाते ग्राम भोलापुर की ओर ग्राम गहिराभेड़ी के धनहा खेत में घुसा दिया। वाहन चालक अंधेरे का फायदा उठाते मौके से फरार हो गया। वाहन को चेक करने पर वाहन की डिक्की में चार प्लास्टिक की बोरी में 240 पौवा देशी शराब कीमती 16 हजार 800 रुपए एवं वाहन कीमती 3 लाख रुपए को जब्त कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# झंडा चौक में विधायक दलेश्वर साहू ने किया झंडारोहण

## नगर पंचायत व जनपद पंचायत में जश्न-ए-आजादी, डोंगरगांव नगर व ग्रामीण क्षेत्र में शान से लहराया तिरंगा

पायनियर संवाददाता ᐸ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में 78 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शान से तिरंगा लहराया। नगर के निजी व शासकीय शैक्षणिक संस्थानों सहित शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। हालांकि राज्यशासन की ओर से स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह पर प्रतिबंध होने से मुख्य सांस्कृतिक समारोह नही हो सके। शैक्षणिक संस्थानों में सिर्फ ध्वजारोहण व ध्वजवंदन ही संपादित किये गए। नगर के शैक्षणिक संस्थानों के बच्चों प्रातः प्रभातफेरी निकाली गई। इस दरम्यान गौरव स्थल झण्डा चौक पुराना बस स्टैंड परिसर में विधायक दलेश्वर साहू द्वारा ध्वजारोहण किया गया। नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर नगर





पंचायत उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा तथा पार्षदगण सहित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद पंचायत अध्यक्ष टिकेश साहू ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा सहित जनपद सदस्यगण एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। अनुविभाग कार्यालय में एसडीएम कांत कोराम ने ध्वजारोहण किया। तहसील कार्यालय में तहसीलदार पीएल नाग, पुलिस थाना में टीआई उपेन्द्र कुमार शाह, बीईओ कार्यालय में बीईओ आरएल पात्रे, महिला एवं बालविकास विभाग कार्यालय में परियोजना अधिकारी वीरेंद्र साहू ने ध्वजारोहण किया।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल ने उत्कृष्ट कार्य हेतु कर्मचारियो को प्रशस्ति-पत्र से किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ᐸ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर निगम परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,सभापति राजेश यादव व एमआईसी अब्दुल गनी, संजय कोहले, भोला महोबिया, हमीद खोखर, निर्मला साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम और अधिकारी/कर्मचारियो के बीच नगर निगम के कर्मचारियो को सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र वितरित कर सम्मानित किया.जिसमे साफ सफाई, कम्प्युटर, राजस्व वसूली आदि कार्यो के लिए कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। पत्रकारिता हेतु पवन देवांगन, हितेश शर्मा, वार्ड में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पार्षद विजेंद्र भारद्वाज,पार्षद प्रकाश जोशी, साहित्यकार कवि गुलवीर सिंह भाटिया, विद्या गुप्ता, लोककला के लिए नकुल महलवार, साधना यादव, जनसेवा समर्पण राजू



पाहुजा, कुलवंत सिंह भाटिया, खेलकूद खो-खो कुश सिया चौहान, कबड्डी रामकृष्ण रावत, होनहार बच्चे दसवीं में 97.33 प्रतिशत,शासकीय प्रयास विद्यालय दुर्ग, आर्य कश्यप,97,33 प्रतिशत, खालसा पब्लिक स्कूल, यशवंत पारकर , कक्षा बारहवीं के होनहार बच्चे मुस्कान यादव 92.60 एवं श्रेया साहू 88.40 प्रतिशत शासकीय उच्च.मा.वि बोरसी, मछुवारा गोताखोर राजेंश निषाद, कुशल निषाद एवं संजय यादव सहित एसटीआरएफ डिस्ट्रिक कमांडेंट होमगार्ड फायर नरेश कुमार सिंह को प्रशस्ति पत्र, शाल,श्रीफल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।।महापौर धीरज बाकलीवाल ने सभी सम्मानितो को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# दुकान के बाहर सामानों से यातायात को बाधित करने वाले व्यवसायियों पर निगम द्वारा सख्त कार्यवाही की दी चेतावनी

- व्यवसायियों से कहा दुकानों के बाहर नही रखें सामान

पायनियर संवाददाता ᐸ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा मार्केट क्षेत्र, हटरी बाजार सहित स्टेशन रोड में रक्षाबंधन त्योहार खरीददारी को देखते हुए आयुक्त लोकेश चंद्राकार के निर्देश पर सहायक राजस्व अधिकारी भूपेंद्र गोइर द्वारा अपने टीम के साथ इंदिरा मार्केट क्षेत्र,महाराजा चौक, हटरी बाजार बोरसी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए निरीक्षण करते हुए दुकान के बाहर समान सजाकर रखने वालों को चेतावनी दी गई. दोबारा दुकान के बाहर सामान न निकालें. रक्षा बंधन से पहले लोग खरीददारी के लिए घरों से बाहर निकलते है, जिसके चलते सड़को पर भीड़भाड़ बढ़ जाती है और






बाजार क्षेत्र में जाम लगने की समस्याएं बढ़ जाती है।त्योहारी सीजन के चलते शहर के बाजारों में जहां रौनक नजर आने लगी है, वहीं दुकानदारों की ओर से दुकानें के बाहर किए गए अतिक्रमण के चलते बाजार संकरे हो जाने से वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजारों में जगह-जगह दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर स्टॉल लगाए गए हैं। दुकानों के बाहर लगाए स्टॉलों के चलते लोगों का वहां हजूम एकत्रित हो जाता है।इसके चलते वाहन चालकों का निकलना तो दूर लोगों को पैदल तक गुजरने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सहायक राजस्व अधिकारी भूपेंद्र गोइर द्वारा अपने टीम के साथ सभी दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि दुकान के बाहर समान फैलाकर और दुकान के बाहर समान निकालकर व्यवसाय न करें। गोइर बताया कि त्योहारी सीजन को देखते हुए भीड़ भाड़ क्षेत्र इंदिरा मार्केट में यातायात व्यवस्थाओं को लेकर सड़क तक राखी दुकान लगाकर यातायात बाधित करने वाले व्यापारियों को निर्देश दिए और सामान बाहर तक फैलाकर नहीं रखने कहा गया।यातायात सुरक्षा के लिहाज से व्यवस्था बनाए रखने में सभी सहयोग करें।

# ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में खुज्जी विधायक के करीबी पर लगे उगाही के आरोप

## शिकायत का विडियो और स्क्रीनशॉट वायरल, सरपंचों ने खुद को बताया पीड़ित

पायनियर संवाददाता ᐸ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छुरिया ब्लॉक के कुछ सरपंचों ने खुज्जी विधायक भोलाराम साहू के कथित मीडिया प्रभारी राम साहू पर उगाही के आरोप लगाए हैं। इस मामले से संबंधित कुछ विडियो भी वायरल हुए हैं। गौरतलब है कि छुरिया ब्लॉक में 112 पंचायतें हैं। इन पंचायतों को अलग-अलग मद से विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। आरोप लग रहे हैं कि इन्हें कामों के एवज में सरपंचों से विधायक के नाम पर उगाही की जा रही है। सरपंचों ने पिछले दिनों ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के एक बैठक में कमेटी के ही सचिव पुनेश्वर चंद्रवंशी ने खुले आम आरोप लगाते हुए कहा कि, पंचायतों को मिले लाखों के विकास कार्यों के एवज में उनसे विधायक के नाम पर रकम मांगी जा रही है। कुछ सरपंचों ने राम




साहू को ऑनलाईन ट्रांसफर की गई रकम का स्क्रीन शॉट भी दिखाया है। पुनेश्वर चंद्रवंशी ने राम साहू को पंचायत के काम के लिए ट्रांसफर की गई कमिशन की राशि का स्क्रीन शॉट भी साझा किया है। इस मामले का खुलासा बीते 14 अगस्त को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में हुआ। छुरिया रेस्ट हाउस में बैठक के दौरान रामपुर के पुनेश्वर चंद्रवंशी ने ब्लॉक प्रभारी व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव के सामने खुज्जी विधायक के कथित मीडिया प्रभारी राम साहू द्वारा सरपंचों से कमिशन के नाम पर उगाही किए जाने के आरोप लगा दिए। उनकी इस शिकायत का विडियो भी वायरल हो रहा है। इधर, इस बैठक को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रितेश जैन ने कहा कि, मुझे इस मामले में पूरे तथ्यों की जानकारी नहीं है। जब यह विषय कमेटी की बैठक में रखा गया तब वहां मैं मौजूद नहीं था। दूसरी ओर राम साहू और विधायक भोलाराम साहू से इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

## माता संतोषी मंदिर की नवनिर्माण व भूमि पूजन का हुआ प्रस्ताव

# छुरिया में दही लूट के आयोजन की बड़ी तैयारी, विजेता मंडली को 21 हजार का इनाम

पायनियर संवाददाता ᐸ छुरिया
www.dailypioneer.com

नगर में इस वर्ष दही लूट गोविंदा कार्यक्रम के भव्य आयोजन का निर्णय जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों ने लिया है। रविवार को शीतला मंदिर प्रांगण में आहूत बैठक में क्रेन के माध्यम से स्कूल ग्राउंड में साज सज्जा, डीजे के साथ गोविंदा दही लूट कार्यक्रम किए जाने की रुपरेखा बनी है। दही लूट कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाली विजेता मंडली के लिए 21 हजार रुपए का का इनाम भी रखा गया है। नगर पटेल सुरेश पटोती और आनंद सिन्हा ने बताया कि वैसे तो प्रतिवर्ष दही लूट, कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व नगर में धूमधाम से मनाया ही जाता है। चूंकि नगर में दही लूट का कार्यक्रम जैसे होने चाहिए वैसा नहीं होता है। इस क्षेत्र के लोग डोंगरगढ़ दहीहंडी का कार्यक्रम देखने



जाते हैं। छुरिया नगर के वरिष्ठ नागरिकों व जनप्रतिनिधियों के नई पहल से इस वर्ष नगर में विशाल रूप में दहीहंडी गोविंदा का कार्यक्रम का प्रस्ताव किया गया है जिसमें सभी नगरवासियों के द्वारा आर्थिक सहयोग लिया जाएगा व जनप्रतिनिधियों से निश्चित धनराशि लेने का प्रस्ताव भी उक्त बैठक में किया गया है। उन्होंने बताया कि 3:00 दोपहर से रामसत्ता भजते हुए नगर भ्रमण करते करते चौंक चौराहे मे दही लुटते हुए शाम 7:00 बजे स्कूल ग्राउंड में टोली पहुंचेगी और विशाल दही लूट का कार्यक्रम मुख्य अतिथि व विशेष अतिथि के द्वारा फीता काटकर किया जाएगा। ग्राउंड में लाइट की व्यवस्था भी होगी। ऐसा कार्यक्रम नगर में पहली बार आयोजित होगा। यह शुरुआत होगी फिर प्रतिवर्ष इससे और अच्छा करने युवाओं को जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी। बहु प्रतिक्षित माता संतोषी मंदिर का नवनिर्माण का भी प्रस्ताव इस बैठक में लिया गया है। जन्माष्टमी के दिन ही मंदिर निर्माण का भूमि पूजन किया जाएगा। इस अवसर पर शिवकुमार चंद्रवंशी वरिष्ठ नागरिक, रितेश जैन अध्यक्ष मंदिर समिति, सुरेश पटोती एवं आनंद सिन्हा नगर पटेल, सीमा सिन्हा अध्यक्ष नगर पंचायत, मनोज यादव उपाध्यक्ष नगर पंचायत, मनभावन सिंह उइके पूर्व पार्षद, प्रकाश साहू पुर्व पार्षद रमेश कश्यप पार्षद, योगेश्वर पटेल पार्षद, त्रिवेणी कुंभकार पार्षद, भूषण नेताम पार्षद ,रोहित सिन्हा पत्रकार, टामेश कुंभकर पूर्व पार्षद, नाथू रजक, दशरथ कुंभकार, हेमलाल सिन्हा सहित दर्जनों नागरिक बैठक में शामिल हुए।

# जिला स्तरीय शतरंज स्पर्धा में दिव्यांश विजेता

पायनियर संवाददाता ᐸ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के होनहार दिव्यांश हिरवानी ने जिला स्तरीय शतरंज स्पर्धा जीत कर नगर को गौरवान्वित किया है। गत दिनों राजनांदगाँव में आयोजित शतरंज के अंतर जिला स्पर्धा में दिव्यांश ने सबसे कम समय में अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ी को मात देकर विजेता बने हैं। अब दिव्यांश का संभाग स्तरीय शतरंज स्पर्धा में भाग लेना निश्चित हो गया है।

उल्लेखनीय है कि दिव्यांश शतरंज खिलाड़ी होने के साथ ही एक नर्तक भी है। इन्होंने स्कूल की ओर से संभाग स्तरीय डॉन्स स्पर्धा में प्रथम स्थान हासिल किया था। दिव्यांश पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष व भाजपानेता



गुलशन हिरवानी एवं मती विभा हिरवानी के पुत्र हैं। दिव्यांश नगर के आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम एक्सीलेंस स्कूल का छात्र है। छात्र दिव्यांश के सफलता पर संस्था के प्राचार्य, शिक्षकगणो सहित खेलप्रेमियों में हर्ष व्यक्त किया है।

# 15 दिनों तक अधिकतर यात्री ट्रेनों के रद्द होने से सीमित संख्या मे चल रहे गाडियों मे बढ़ा भीड़ का दबाव

## सुबह के लोकल व जेडी मे एक पैर मे चढ़कर यात्रा करने को मजबूर हुये आम यात्री

■ त्यौहार के यात्री भीड से सबसे ज्यादा प्रभावित महिलाये व बच्चे

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

तीसरे रेल लाईन का नान इन्टर कनेक्टिविटी का कार्यो के कई यात्री ट्रेने 17 अगस्त से 7 सितंबर तक प्रभावित रहेंगी जिसके कारण कई ट्रेनो रद्द व कई यात्री ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा है जिसके कारण सीमित संख्या मे चल रहे ट्रेनों मे आम यात्रियों के भीड का दबाव बडा हुआ है।



### राखी व तीजा बडा त्यौहार व यात्री ट्रेने रद्द

हमारे देश मे राखी व तीजा के त्यौहार को सबसे बडा त्यौहार माना जाता है जो की वर्तमान सत्र 19 अगस्त व 5 सितंबर को पड रहा है जिसके कारण लोगों का आवागमन उक्त अवसर पर सबसे अधिक देखा जाता है जो की आम गरीब मध्यम वर्ग के लिये यात्री रेल आवागमन हेतु सबसे बडा सहज सस्ता व सुगम साधन होता है परंतु त्योहारों के समय अधिकतर रेल गडियों रद्द होने से आम यात्रियों को भी भारी परेशानी व असुविधा का सामना करना पड रहा है।

### यात्री ट्रेनों के भारी भीड से महिला व बच्चों को सबसे अधिक परेशानी

उमस भरे गर्मी के माहौल मे यात्री ट्रेनों के रद्द होने से सुबह रायपुर से बिलासपुर के लिये निकलने वाले लोकल व जेडी मे सबसे अधिक प्रभाव महिला व कम उम्र के बच्चों पर असर देखा गया जो की भीड मे होने के कारण असहज महसूस कर रहे थे जबकि रविवार का दिन होने के कारण आफिस डे का छुट्टी होने के कारण यह भीड था परंतु रविवार अफिस से के बाद भीड का आलम आगे और क्या हो सकता है इसी से आलम लगाया जा सकता है वहीं उक्त परेशानियों के चलते यात्रियों से पूछे जाने पर कहा गया कि जो इन्टर कनेक्टिविटी का कार्य चल रहा है वह आम यात्रियों के सुविधा के लिये ही है परंतु सीमित संख्या मे चल रहे लोकल व जेडी गाडियों मे त्यौहार को देखते हुये यात्रियों कोच की संख्या को बढाया जाना चहिये जिसमें भीड की वैकल्पिक व्यवस्था से यात्रियों को राहत मिल सके।

### सुबह के लोकल व जेडी रहा भारी भीड

त्यौहार के समय अधिकतर यात्री ट्रेनों के रद्द होने का असर यह रहा की लोग अपने निर्धारित गंतव्य स्थल तक पहुचने के लिये यात्री ट्रेनों के खचाखच भीड के बावजूद एक टांग मे खडे होकर यात्रा करने को मजबूर दिखे

# वरिष्ठ नागरिक संघ एवं पेशनर संघ द्वारा 78वीं स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ सियान सदन में मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ नागरिक संघ एवं पेशनर संघ द्वारा 78वीं स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ सियान सदन में मनाया गया। जिसमें आजादी के लड़ाई में मुंगेली के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व मुंगेली के लोगो के उल्लेखनीय योगदान को याद किया गया। देश के आजादी में योगदान देने वाले वीर सपूतों को नमन कर कहां गया कि नये पीढ़ी को इनके बारे में जरूर जानना चाहिए। वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं पर चर्चा की गयी। स्वतंत्रता दिवस पर सियान सदन में ध्वजारोहण सबसे वरिष्ठ लल्लाराम पटेल द्वारा किया गया। राष्ट्रगान के उपरांत सियान सदन में आयोजित सभा में वरिष्ठ नागरिकों की बड़ रही संख्या व उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी देते हुए सचिव प्रमोद पाठक ने कहा कि आज देश के साथ पूरे विश्व में वरिष्ठ नागरिकों के समक्ष समस्या एकांकीपन व मानवीय साथ के अभाव का है। जिससे बुजुर्गो से उनका सम्मान अधिकार व प्रेम छिन गया है। भरा पूरा परिवार होने के बावजूद भी वरिष्ठजन अपने आप को अकेला पाते है। उन्हें संरक्षण देने वाले उन्हें कोई संरक्षण नहीं दे रहा है। जो एक आज गंभीर समस्या है। जिससे जीवन के अंतिम समय में उन्हें शारीरिक व मनासिक तकलीफ का सामना करना पड़ता है। यद्पि सरकार ने नियम कानून बनाकर वरिष्ठजनों को प्रोसाहन देने की कोशिश दे रही है। इसके बावजूद भी वरिष्ठजन समस्या से निजात नहीं पा रहे है। पूरे विश्व में इसकी गुंज सुनायी देती है। इसके निदान के लिए विश्व में टाइम बैंक के स्थापना की अवधारणा सामने आयी है और विदेशों में टाइम बैंक आरंभ हुए है वहीं हमारे देश के कुछ शहरो में टाइम बैंक की स्थापना होना आरंभ हो गयी है। जो वरिष्ठ नागरिकों के लिए वरदान साबित हो सकता है। संघ के सदस्य सुभाष चंद दीक्षित ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम पर योगदान देने वाले सेनानियों के मामले में मुंगेली का समृद्ध इतिहास रहा है। तत्कालीन मध्यप्रदेश में सबसे अधिक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अकलतरा के रहे है। जो मुंगेली के डां. ज्वाला प्रसाद मिश्र के मार्गदर्शन में कार्य किये। दूसरे नम्बर पर मुंगेली के ग्राम देवरी का है जहां 32 सेनानियों ने आजादी के आंदोलन में अपना योगदान दिया। इस तरह प्रथम व द्वितीय दोनो स्थान पर मुंगेली के लोगो ने अपना अभूतपूर्व योगदान दिया था। संघ के अध्यक्ष धनेश सोलंकी ने बताया कि देश आजादी में योगदान देने वाले वीर सपूतों के प्रति अपना नमन व्यक्त करते हुए श्रद्धांजली दी ।



# त्यौवहार के चलते आई बाजारों में रौनक

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

भाई बहन के प्यार का सबसे बड़ा त्योहार रक्षा बंधन का त्योहार 19 अगस्त दिन सोमवार को मनाया जाएगा। इस दिन बहनें अपने भाई की रक्षा के लिए उसकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं. तिलक लगाती हैं. और उसकी लंबी उम्र की कामना करती हैं. बदले में भाई अपनी बहन को आजीवन रक्षा का वचन देता है. भाई को राखी बांधने की यह परंपरा सदियों से चली आ रही है.।



हर बार की तरह इस बार रक्षाबंधन के त्योहार पर भद्रा का साया लगने वाला है. भद्राकाल में भाई को राखी नहीं बांधनी चाहिए। श्रावण शुक्ल चतुर्दशी 18 अगस्त 2024 को रात 2 बजकर 21 मिनट से ही भद्रा शुरू हो जाएगी. इसका समापन श्रावण शुक्ल पूर्णिमा सोमवार, 19 अगस्त 2024 को दोपहर में 1 बजकर 24 मिनट पर होगा. इसके बाद ही रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त शुरू होगा. बहनें भद्रा के बाद ही भाई की कलाई पर राखी बांधे । त्यौवहार के चलते आई बाजारो में रौनक - हरेली के बाद से त्यौवहारो का शिलसिला प्रारंभ हो जाता है। हरेली के बाद नागपंचमी, रक्षाबंधन, बहुला चैथ, खमरछट, कृष्ण जन्माष्टमी सहित अब लगाता त्यौहारो का सीजन होने के चलते बाजारो में रौनक भी आने लगी है, राखी में बहने अपने भाईयों के लिए राखी खरीदने बाजार पहुची, वही दुसरी तरफ मिष्ठान भंडारो में मिठाईयों की पुछ परख नजर आई । राखी दुकान लगाने वाले दुकान ने बताया कि इस बार राखियां 5 रू से लेकर 100 रू तक उपलब्ध है, वही बच्चो को कार्टून करेक्टरो वाली राखिया पसंद आ रही है। यही हाल कपडा दुकानो का नजर आया, त्यौवहारी खरीददारी के लोग जमकर बाजारो का रूख कर रहे है।

# साहू समाज की महिलाओं ने नक्सल क्षेत्र में तैनात जवानों को बांधी राखी



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगरी तहसील साहू समाज की महिलाओं ने नक्सल क्षेत्र सिहावा मेंचका स्थित बी 211 वाहिनी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल बटालियन कैम्प व केरेगांव पुलिस थाना में पहुंचकर तैनात जवानों को राखी बांधी। उल्लेखनीय है कि घर से कोसों दूर हमारी सुरक्षा के लिए कार्यरत सुरक्षा जवानों ने शनिवार को साहू समाज की महिलाओं को अपने बीच पाकर काफी खुश नजर आए। बटालियन के कमांडर भोरणा सिंह राखी बांधने पहुंची साहू समाज की बहनों का आभार व्यक्त किया। महिलाओं ने सीआरपीएफ व पुलिस जवानों की आरती कर तिलक लगाकर राखी बांधी। मिठाई खिलाकर जवानों की लंबी उम्र की कामना की।

# जनपद अध्यक्ष सुमित्रा परमेश्वर वर्मा ने जनपद कार्यालय में फहराया तिरंगा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत प्रांगण कार्यालय मे जनपद अध्यक्ष सुमित्रा परमेश्वर वर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उक्त अवसर पर प्रमुख रुप से जनपद सीओ सत्यव्रत तिवारी, आरईएस मित्रा हेमलाल वर्मा मन्नू वर्मा सहित आदि अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित थे वही जनपद अध्यक्ष के गृहग्राम कोदवा मे शासकीय हाई स्कूल मुख्य अतिथि के रुप मे श्रीमति सुमित्रा परमेश्वर वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमति सरपंच बेदेश्वरी बलदेव वर्मा एवं शिक्षक छात्र छात्राएं और ग्राम के गणमान्य नागरिक कि उपस्थिति मे स्वतंत्रता दिवस पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य और ग्राम के लोगो द्वारा विभिन्न समस्याओं को रखा गया स्कूल और ग्राम की समस्या को देखते हुए जनपद पंचायत के अध्यक्ष श्रीमति सुमित्रा परमेश्वर वर्मा ने स्कूल मे पेवर ब्लॉक 8.लाख और वर्मा रंगमंच और निषाद पारा रंगमंच 4. लाख और ठाकुर देवता भवन निर्माण 6. लाख और रामलीला मंडली जीणौध्दार 1.60 हजार रूपए जनपद निधि से किए जाने की घोषणा की उन्होंने यह भी कहा की उक्त कार्य प्राथमिकता के साथ अगले माह में चालू हो जाएगा।

# भारत माता की मूर्ति पर माल्यार्पण कर स्वतंत्रता दिवस समारोह का शुभारंभ किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर के ऐतिहासिक जय स्तंभ चौक में विधायक इन्द्र साव ने ध्वजारोहण किया, इसके पूर्व भारत माता कि मूर्ति पर माल्यार्पण कर स्वतंत्रता दिवस समारोह का शुभारंभ किया गया और उपस्थित जन समुदाय को 78वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी एवं रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े, इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने कहा आजादी का यह पर्व हमें यह याद दिलाता है, अनगिनत स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग, तपस्या, बलिदान, देश प्रेम एवं कर्तव्य निष्ठा की जिन्होंने जेल यात्रा सहकर स्वतंत्र भारत की आधारशिला रखी, हम उन सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का पुण्य स्मरण करते है, पुरा देश उनके प्रति कृतज्ञ है। कार्यक्रम में भारी संख्या में नगरवासी विभिन्न शासकीय संस्थाओं के प्रमुख, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार द्वारा विधायक का स्वागत किया गया। विधायक इन्द्र साव ने इसके पश्चात दानवीर भामाशाह चौक एवं आधारशिला विद्यालय के साथ-साथ विभिन्न



स्थानों पर ध्वजारोहण में भाग लिए। ऐतिहासिक जय स्तंभ चौक के ध्वजारोहण के अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसनेता ईश्वर सिंह ठाकुर, सुशील शर्मा, रमेश यदु, सतीश अग्रवाल, सुनीता गुप्ता, राजकुमार शर्मा, राधेश्याम शर्मा, बसंत भृगु, गणेश ध्रुव, रोशन हबलानी, आलोक मिश्रा, मोहन केशरवानी, अरूण यादव, विनोद अग्रवाल, अजित बाजपेयी, त्रिलोक सलुजा, देवनारायण बांधे, रामकुमार साहू, संतोष सोनी, अमर मंडावी, नानु सोनी, सिरिज जांगड़े, मनोज जैन, अशोक ध्रुव, जीत्तु शर्मा, शेख गुलाम, सोनु शर्मा, गौरी भृगु, आशा ध्रुव, चन्द्रशेखर चक्रधारी, धनंजय तिवारी, गिरिश पारप्याणी, मुकेश साहू, घनाराम साहू, अय्युब बांठिया, मुकेश हेवार, प्रमेन्द्र तिवारी, सत्यजीत शेण्डे, गोपाल शर्मा, वैभव केशरवानी, शरीफ अब्बास, संतोष अग्रवाल, नन्दू साहू, रोहित साहू, विक्की सिंह ठाकुर, सुशील सबलानी, पुनीत दास मानिकपुरी।

# कलेक्टर ने पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर जिले के एक और आदतन अपराधी गिरधर बारले उर्फ बंटी को किया जिला बदर

■ गिरधर बारले के विरुद्ध विगत कुछ वर्षो से लगातार गुंडागर्दी, जान से मारने की धमकी देने के तहत है अपराध पंजीबद्ध

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी धमतरी नम्रता गांधी ने पुलिस अधीक्षक धमतरी आंजनेय वार्ष्णेय की अनुशंसा पर जिले के आदतन



अपराधी गिरधर बारले उर्फ बंटी बारले उम्र 28 वर्ष साकिन छाती थाना कुरूद जिला धमतरी को 01 वर्ष के लिए जिला बदर कर दिया है। धमतरी पुलिस द्वारा इसके अतिरिक्त पूर्व में 03 अन्य आदतन बदमाशों के ऊपर जिला बदर की कार्यवाही किया जा चुका है। गिरधर बारले के विरुद्ध विगत कुछ वर्षो से लगातार मारपीट, गुंडागर्दी,जान से मारने की धमकी देने एवं अन्य अपराध पंजीबद्ध है। जिला दण्ड अधिकारी का प्रा.कं. 413/ वाचक/ जिला दण्ड 2024 धमतरी दिनांक 06/08/24 के तहत जिला बदर की कार्यवाही की जा रही है। जिला दण्डाधिकारी धमतरी द्वारा गिरधर बारले उर्फ बंटी बारले उम्र 28 वर्ष साकिन छाती थाना कुरूद जिला धमतरी को दिनांक 06/08/2024 से आगामी 01 वर्ष के लिये जिला धमतरी एवं समीपस्थ जिला रायपुर, बालोद,कांकेर, गरियाबंद, दुर्ग, कोण्डागांव की सीमाओं से हट जाने जिला बदर का आदेश दिया गया है।

### आज निकलेगी महाकाल की शाही पालकीयात्रा



**धमतरी।** श्री सिद्धेश्वर महाकालेश्वर मंदिर बनियापारा से सोमवार को शाम 4:30 बजे महाकाल की शाहीयात्रा निकाली जाएगी। पालकी यात्रा के बाद रूद्राक्ष का वितरण किया जाएगा । 72 साल बाद सावन मास का प्रारंभ एवं समापन सोमवार को हो रहा है इस दुर्लभ संयोग में स्वार्थ सिद्धी, प्रीतियोग और आयुष्मान योग के साथ 5 सावन सोमवार हो रहा है। हर साल की तरह इस साल भी सावन माह के विदाई बेला पर 19 अगस्त सोमवार को सुबह 7 बजे रूद्राभिषेक,सुबह 8 बजे संपूर्ण श्रृंगार एवं महाकाल की शाहीयात्रा 4:30 बजे निकाली जाएगी। शाम 7 बजे महाआरती एवं प्रसादी वितरण होगा।

# लड़का पढ़ेगा तो एक घर गढ़ेगा, लड़की पढ़ेगी तो दो घर गढ़ेगी : शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भाटापारा नगर के नगर पालिका कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मैदान में सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि शिवरतन शर्मा द्वारा सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया साथ ही छात्राओं द्वारा भारत दर्शन कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, तदउपरांत विद्यालय के कक्षा नौवीं के छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। इस साइकिल वितरण के आयोजन में मुख्य अतिथि के उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने लगभग 87 छात्राओं को साइकिल वितरित की। साथ ही सभी छात्राओं को उज्जवल भविष्य हेतु ढेरों शुभकामनाएं भी दी। शाला में कार्यरत प्राचार्या शशि यदु के सेवानिवृत्त उपरांत विदाई का कार्यक्रम भी किया गया जिसमें शशि यदु ने अतिथियों को शाला एवं बच्चो को जूता, मोजा एवं ड्रेस भी भेट किया.



शाला परिवार द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं व शिक्षकों को संबोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि, इस साइकिल के मिलने से आप सभी खुश नजर आ रहे हैं। ये सायकिल आप सभी को इसलिए दी गयी है ताकि आप सभी इससे भी दुगनी खुशी से अपनी पढ़ाई को पूरा करें और अपने माता-पिता व शिक्षकों का नाम रोशन करें। साइकिल देने की योजना को आज से बहुत साल पहले भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा ही शुरू किया गया था, ताकि पढ़ने वाले बच्चे स्कूल जल्दी पहुंच सके, ज्यादा दूरी को इस साइकिल के माध्यम से तय कर सकें। साथ ही साइकिल को चलाने से बच्चे स्वस्थ रहते हैं और जब वे स्वस्थ रहते हैं तो अपना पूरा ध्यान पढ़ाई में लगाते हैं उन्होंने आगे यह भी कहा कि, बेटा पढ़कर केवल एक घर को आगे बढ़ाता है; जबकि बेटियां अपनी पढ़ाई के माध्यम से दो घरों में शिक्षा के उजियारे को फैलाती हैं। इस उद्देश्य को लेकर कदम उठाए गए, आज परिणाम हमारे सामने हैं कि, मेरिट की सूचियों में लड़कों से भी ज्यादा स्थान लड़कियां प्राप्त करने लगी है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि विद्यालय एक नींव का काम करते हैं, माता पिता अपने बच्चों को 12 साल के लिए इन विद्यालयों व शिक्षकों को सौंप देते हैं।

## पंडितों ने राखी बांधने का शुभ मुहुर्त डेढ़ बजे के बाद बताया है

# भाई-बहन के अमीट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन आज

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

रक्षाबन्धन हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है जो श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। यह भाई-बहन को स्नेह की डोर से बांधने वाला त्योहार है। यह त्योहार भाई.बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। रक्षाबंधन अर्थात किसी को अपनी रक्षा के लिए बांध लेना। इस दिन बहन अपने भाई के हाथ में राखी बांधती है और उन्हें मिठाई खिलाती है। फलस्वरूप भाई भी अपनी बहन को रुपये या उपहार आदि देते हैं। रक्षाबंधन स्नेह का वह अमूल्य बंधन है जिसका बदला धन तो क्या सर्वस्व देकर भी नहीं चुकाया जा सकता। भाई और बहिन के प्रेम के प्रतीक के पर्व रक्षाबंधन को लेकर राखियों का बाजार सजकर तैयार रही जहां बहनो ने अपने भाईयों के लिए राखी खरीदते रहे। सावन माह के अंतिम दिन 19 अगस्त सोमवार को रक्षाबंधन पर्व मनाया






जाएगा। इस साल रविवार की रात्रि 3 बजकर 4 मिनट से भद्रा शुरू हो जाएगा जो सोमवार को याने राखी के दिन दोपहर डेढ़ तक रहेगा। इसलिए पंडितों ने राखी बांधने का शुभ मुहुर्त डेढ़ बजे के बाद बताया है। इधर बाजार में जगह.जगह राखी की दुकानें सजी हैं। छुट्टी के दिन भी डाकघर के माध्यम से राखी पहुंचाने का कार्य जारी रहेगा। सावन माह की समाप्ति 19 अगस्त सोमवार को होगी। इस दिन रक्षाबंधन पर्व मनाया जाएगा। रक्षाबंधन पर्व भाई-बहनों के पवित्र रिश्ता का पर्व है। जिसमें बहनें अपने भाई की कलाई में रक्षासूत्र और राखी बांधती हैं भाई.बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व है रक्षाबंधन राखी बांधने का शुभ मुहुर्त डेढ़ बजे के बादरू विप्र विद्वत परिषद विप्र विद्वत परिषद का कहना है कि 18 अगस्त रविवार को भद्रा रात्रि 3 बजकर 4 मिनट से प्रारंभ होगा जो 19 अगस्त सोमवार को दोपहर 1 बजकर 30 मिनट पर समाप्त होगा। उसके बाद रक्षाबंधन का शुभ मुहुर्त प्रारंभ हो जाएगा। कर्क, सिंह, कुंभ, मीन राशि में भद्रा भूमि अर्थात मृत्युलोक में सम्मुख रहती है। भूमि लोक में सम्मुख भद्रा में रक्षाबंधन या शुभ कार्य अशुभ फलदायिनी होता है। परिषद के मीडिया प्रभारी पं राजकुमार तिवारी ने बताया कि रक्षाबंधन का पर्व भाई. बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व है। दोनों रिश्ते के स्नेह को दर्शाने के लिए रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता है। यह पर्व प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि पर पड़ता है। इस दिन बहन अपने भाई की आरती उतारकर उनकी कलाईयों में रक्षासूत्र बांधती हैं और उनके स्वास्थ्य व जीवन में सफल होने की कामना करती हैं। वैसे तो रक्षाबंधन की पौराणिक गाथा भी है। जिसमें पाताल लोक के राज बलि को देवी लक्ष्मी ने राखी बांधकर अपना भाई बनाया एवं भगवान नारायण को स्वतंत्र कराया। यह दिन सावन पूर्णिमा का था बाजार में सजी राखी की दुकानें रक्षाबंधन पर्व के लिए शहर एवं ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह राखी की दुकानें सजी है जहां बिक्री पिछले एक पखवाड़े से हो रही है। दूरदराज में रहने वाले भाईयों के लिए बहनों ने डाक के माध्यम से राखी भेजी हैं। रविवार . सोमवार को छुट्टी के दिन पोस्टमेन घरों तक जाकर राखी के लिफाफे पहुंचाएंगे। बाजार में रंगबिरंगी राखियों की भरमार है । जिसकी कीमत 5 रूपए से लेकर 100 रूपए तक है।

# नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों हर्ष राम विचार नेताम का जताया आभार

पायनियर संवाददाता ➤ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत कमलपुर में ट्रांसफार्मर जलने के बाद ग्रामीणों में किसकी सूचना विधायक राम विचार नेताम को दी और उन्होंने तत्काल पहल करते हुए नया ट्रांसफार्मर लगाने का आदेश दिय, ट्रांसफार्मर लगने के बाद ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। ट्रांसफार्मर जानने की सूचना ग्रामीणों के द्वारा तत्काल क्षेत्रीय विधायक राम विचार नेताम को अवगत कराया गया। नेताम ने ग्रामवासियों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को नया ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश दिए। मंत्री के निर्देश के बाद तत्काल नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। नए ट्रांसफार्मर लगने से गांव में खुशी व्याप्त है और समस्त ग्रामवासियों ने मंत्री राम विचार नेताम का आभार व्यक्त किया है।



# पायनियर हलचल...

## निशाने पर पत्रकार ?



सुकमा के बार्डर में पत्रकारों के साथ घटी घटना बेहद ही निंदनीय है। आम जनता को सुरक्षा देने वाली पुलिस का एक अधिकारी पत्रकारों के गाड़ी में गांजा रखवाने का काम करता है। इस घटना को प्राथमिक रुप से सच माना जा सकता है, क्योंकि आरोपों के चलते सुशासन वाली विष्णु सरकार ने वहां के दागदार दरोगा को फिलहाल निलंबित कर दिया है। बहरहाल वास्तविकता का पता तो विस्तृत जांच के बाद ही चल सकेगा। लेकिन राज्य में पत्रकारों के खिलाफ लगातार घटनाएं सामने आ रही हैं। पत्रकारों की गाड़ी में गांजा रखवाने का प्रकरण ठंडा नहीं हुआ था कि भाटापारा में एक न्यूज चैनल में काम करने वाले पत्रकार ने स्थानीय विधायक के खिलाफ पुलिस अधीक्षक के समक्ष जान बचाने की गुहार लगाई है। टीवी पत्रकार ने आरोप लगाया है कि स्थानीय विधायक ने जान से मारने की धमकी दी है। पत्रकार का आरोप है कि उनकी फोटो दिखाकर कुछ लोगों द्वारा पूछताछ की जा रही है, धमकी के बाद से वह मानसिक रुप से परेशान हैं। कुल मिलाकार सप्ताह के भीतर इस तरह की यह दूसरी घटना है। सवाल यह उठता है कि आखिर पत्रकार ही निशाने पर क्यों हैं?

## तो बाकी कार्यकर्ता सिर्फ झंडा उठाने के लिए ?



बृजमोहन अग्रवाल लगातार 35 वर्ष तक रायपुर दक्षिण से विधायक रहे, वह कई बार मंत्री रहे। भाजपा ने पहली बार हिम्मत करके बृजमोहन अग्रवाल से रायपुर दक्षिण सीट खाली करवाने में सफलता हासिल की। बृजमोहन अब रायपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं। व्यक्तिगत रुप से मैं बृजमोहन अग्रवाल के राजनीतिक तौर-तरीकों से काफी प्रभावित रहा हूं। लेकिन सवाल यह उठता है कि बाकी भाजपा कार्यकर्ता सिर्फ झंडे उठाने के लिए हैं? सोचिए बृजमोहन अग्रवाल के निर्वाचन क्षेत्र में यदि कोई 18 साल का युवा राजनीति में रुचि रखते हुए आगे बढ़ा होगा, तो उसकी उम्र आज 53 पार कर रही होगी, मतलब रायपुर दक्षिण के अनेकों भाजपा कार्यकर्ताओं का राजनीतिक सपना सिर्फ सपना बनकर रह गया। यहां एक विषय के दो पहलू हैं एक तरफ बृजमोहन अग्रवाल ने बीते इस 35 साल के दौरान राजनीति में नए-नए कीर्तिमान स्थापित किए, वहीं दूसरी तरफ रायपुर दक्षिण विधानसभा में भाजपा ने यहां के अन्य कार्यकर्ताओं से सिर्फ झंडे उठवाने का काम किया। बहरहाल बृजमोहन अग्रवाल को भाजपा ने दूसरी जगह सेट कर दिया है, अब वह राज्य की राजनीति से दूर दिल्ली का रुख कर चुके हैं। लेकिन कुछ ही दिनों में इस सीट में उपचुनाव होने हैं। ऐसे में यह माना जा रहा है कि बृजमोहन अग्रवाल के अति करीबी पूर्व सांसद सुनील सोनी को यहां से भाजपा टिकट देने जा रही हैं, हालांकि सांसद रहते हुए सुनील सोनी की उपलब्धि कुछ खास नहीं रही। लेकिन भाजपा के द्वारा सुनील सोनी को टिकट देना मतलब सांसदी के साथ ही अघोषित रुप से बृजमोहन को ही विधायकी सौंपना माना जाएगा। बहरहाल यदि ऐसा हुआ तो बाकी कार्यकर्ताओं से भाजपा आगे भी झंडा उठवाने का काम करवाती रहेगी?

## सुधीर का दम



आमतौर पर सीनियर आईएफएस (पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ) सुधीर अग्रवाल के लिए उनके विभाग के अफसर कहते हैं कि उनमें दम नहीं है। उनके बारे यह क्यों कहा जाता है? यह तो सुधीर और उनके विभाग के अफसर ही जानेंगे। लेकिन सवाल यह उठता है कि वास्तव में सुधीर में दम नहीं है? शायद नहीं। यह बात अलग है कि सुधीर ने अब तक रास्ते सही नहीं चुने, लेकिन दम नहीं है यह कहना गलत होगा। क्योंकि सुधीर अग्रवाल ही एक ऐसे अफसर हैं जो हेड ऑफ फारेस्ट बनने के लिए पहले कैट का दरवाजा खटखटाया और अब वह हाईकोर्ट पहुंच चुके हैं। इसके साथ ही वह प्रमुख कुर्सी तक पहुंचने के लिए अब डिप्लोमेटिक रुप से भी दांव चलना शुरु कर दिए हैं। दरअसल में 12 अगस्त को विश्व हाथी दिवस के उपलक्ष्य में सुधीर ने केन्द्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री से लेकर तमाम राज्यों के अफसरों का रायपुर में जमावाड़ा कर रखा था। हांलाकि इस कार्यक्रम को पहले हेड ऑफ फारेस्ट व्ही श्रीनिवास राव ने हाइजेक करने की कोशिश की, लेकिन बाद में सुधीर फिर दांव चलने में कामयाब हो गए। दरअसल में इस कार्यक्रम में हेड ऑफ फारेस्ट के नाते श्रीनिवास राव का भी स्पीच देना पहले से तय था, लेकिन ऐन टाइम में उनके नाम से परहेज किया गया। मतलब सुधीर के दांव से कार्यक्रम में राव को बोलने तक का अवसर नहीं दिया गया। जाहिर सी बात है कि इस आयोजन के द्वारा केन्द्रीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री, राज्य के मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री समेत तमाम राज्यों से आये अफसरों के सामने सुधीर दम दिखाने में कामयाब हो गए।

## ओपी चौधरी के खिलाफ सुनियोजित षड्यंत्र तो नहीं?




इन दिनों एक बात सामान्य हो गई है, कुछ भी काम न हो उसके पीछे वित्त मंत्री ओपी चौधरी को अघोषित रुप से जिम्मेदार ठहरा दिया जा रहा है। महतारी वंदन योजना, धान और किसान को छोड़ दें, तो इसके अलावा अन्य योजनाएं और सरकारी काम एकदम धीमी गति से चल रहा है। धीमी गति काम से जनता के अन्दर सरकार के प्रति नाराजगी आना स्वाभाविक है। ऐसे में एक वर्ग धीरे से ओपी चौधरी के खिलाफ हवा छोड़ने का काम कर रहा है। कहा यह जा रहा है कि वित्त मंत्री विभागों को बजट के लिए लटकाते हैं, जिसके कारण सरकारी कामों में विलंब होता है। अब सच क्या है? यह तो वित्त मंत्री ओपी चौधरी ही जानेंगे। लेकिन ओपी चौधरी की राजनीतिक गति भाजपा के अन्दर भी नहीं पच पा रही है। ऐसे में वित्त मंत्री ओपी चौधरी के खिलाफ इस तरह की बातें प्रचारित होना सुनियोजित षड्यंत्र का हिस्सा तो नहीं है?

## सरकार ने देवेन्द्र को हीरो बना दिया?



बलौदाबाजार आगजनी कांड छत्तीसगढ़ के माथे पर एक बड़ा दाग है। कमजोर खुफियातंत्र के कारण यह घटना घटित हुई। यदि पुलिस और प्रशासन ने तुरंत एक्सन लिया होता तो शायद यह घटना नहीं घटित होती। खैर मामले को लेकर भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव पर गंभीर आरोप हैं। देवेन्द्र पर आरोप है कि उन्होंने भीड़ को उकसाने का काम किया है। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार भी कर लिया है। प्रशासनिक रुप से यह अच्छा निर्णय हो सकता है। लेकिन राजनीतिक रुप से देवेन्द्र यादव को भाजपा सरकार ने हीरो बना दिया है। दरअसल में देवेन्द्र यादव इस बार हुए विधानसभा चुनाव के दौरान हार की दहलीज पर खड़े थे, राज्य में कांग्रेस की सत्ता रहने के बावजूद वह महज 2000 वोटों से भिलाई से चुनाव जीतने में सफल हो पाये। लेकिन इस घटना और भाजपा सरकार के एक्सन से वह फिर हीरो बन गए हैं, जिसके वजह से प्रेमप्रकाश पांडे जैसे अनुभवी नेता का राजनीति भविष्य अधर में पड़ते दिख रहा है।

## 45 पन्नों की मोइली कमेटी की रिपोर्ट, खींचतान प्रमुख वजह



कहा जा रहा है कि मोइली कमेटी ने अपनी रिपोर्ट कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंप दी है। 45 पन्नों की इस रिपोर्ट में कांग्रेस के सत्ता से बाहर होने की प्रमुख वजह आपसी खींचतान मानी जा रही है, हालांकि अभी तक रिपोर्ट सामने नहीं आई है। ढाई-ढाई साल के मुख्यमंत्री को लेकर कांग्रेस के अन्दरखाने में जमकर खींचतान मची थी। सम्भवतः इसीलिए कांग्रेस ने सरगुजा की 14 में से 14 सीटें गवां दी। कांग्रेस के शासनकाल में मुख्यमंत्री के रेस में रहे टीएस सिंहदेव भी चुनाव हार गए। इसके अलावा मंत्रियों का कार्यकर्ताओं के प्रति अच्छा व्यवहार नहीं रहा, जिसपर खुले तौर पर विरोध के बावजूद सुधार नहीं किया गया। आमजन को मंत्रियों का घंमड साफ तौर पर दिखने लगा था। गुटबाजी के कारण मंत्री मनमानी काम करने लगे थे। वहीं विधानसभा चुनाव के दौरान ऐन वक्त में भूपेश सरकार भ्रष्टाचार में घिर गई।

## ब्राह्मण और बनिया पर दांव लगाने की तैयारी





रायपुर दक्षिण में होने वाले उपचुनाव को लेकर भाजपा ने जबाबदारी तय कर दी है। भाजपा की ओर से यहां शिवरतन शर्मा के साथ विष्णुदेव साय के विश्वस्थ मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल को चुनाव की जिम्मेदारी सौपी गई है। इस निर्वाचन क्षेत्र में व्यापारी वर्ग और ब्राह्मणों की बहुलता है। कहा जा रहा है कि यदि भाजपा किसी व्यापारी को टिकट देती है, तो कांग्रेस यहां से ब्राह्मण प्रत्याशी मैदान पर उतार सकती है। कुल मिलाकर यह उपचुनाव बृजमोहन से इतर ब्राह्मण और बनिया होने जा रहा है। भाजपा की ओर से प्रमुख दावेदार संजय श्रीवास्तव, सुनील सोनी, केदार गुप्ता समेत अन्य के नाम प्राथमिक रूप से सामने आए हैं। वहीं कांग्रेस ब्राह्मण प्रत्याशी पर जोर दे रही है। ब्राह्मण प्रत्याशी के रुप में पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, और योग आयोग के अध्यक्ष रहे ज्ञानेश शर्मा का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा है, वहीं कांग्रेस में व्यापारी वर्ग से सन्नी अग्रवाल और कन्हैया अग्रवाल के नाम की भी चर्चा है।

editor.pioneerraipur@gmail.com

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन ने एकदिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता ⟨ रायपुर
www.dailypioneer.com



श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं पुरुषोत्तम चंद्र बेहरा (पार्षद) के सौजन्य से एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर रविवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक पार्षद कार्यालय बेहरा कालोनी में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विशेषज्ञ चिकित्सकों से जनसमस्याओं पर चर्चा की जिसमें जनरल मेडिसिन डॉ. मुरली राम साहू, नेत्र रोग से डॉ. वेद, हड्डी रोग से डॉ. संतोष बंजारे, स्त्री रोग विशेषज्ञ प्रीति बनसोण अस्पताल मार्केटिंग टीम से चंद्रकांत श्रीवास, आकाश मानस एवं विवेकानंद मिश्रा, एवं नर्सिंग स्टाफ, उमा, प्रिक्सा ऐक्का एवं आकाश तिवारी नगर निगम रायपुर, मितानिन, पार्षद के कर्मचारी एवं वार्ड निवासी उपस्थित रहे। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, जनरल मेडिसिन, स्त्री रोग, हड्डी रोग, नेत्र रोग का निःशुल्क इलाज किया गया। आयोजकों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल एवं समस्त टीम का आभार व्यक्त किया।

# सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए पूरी इच्छाशक्ति से कार्य करें : उद्योग मंत्री देवांगन

## निगम आवासीय परिसर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ⟨ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के उद्योग वाणिज्य एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा है कि वे केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने हेतु पूरी निष्ठा व दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दर्जनों जनहितैषी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है, इन योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे, लोग योजनाओं से लाभांवित हो, यह हम सबका दायित्व है। उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने नगर निगम आवासीय परिसर कोरबा में आयोजित एक भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कही। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 22 अंतर्गत नगर निगम आवासीय परिसर के पास प्रभारी मंत्री मद से स्वीकृत एवं 05 लाख 50 हजार रूपये की लागत से निर्मित होने जा रहे सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में किया। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना की तथा शिलान्यास पट्टिका का अनावरण कर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। उद्योग मंत्री देवांगन ने आगे कहा कि मेरा लगातार प्रयास है कि कोरबा का समग्र विकास हो तथा हमारा कोरबा एक पूर्ण विकसित शहर बनें। उन्होने कहा कि मुझे जनसेवा का सर्वप्रथम अवसर नगर निगम कोरबा के माध्यम से ही मिला था, एक पार्षद के रूप में और एक महापौर के रूप में मैंने कोरबा की जनता की सेवा की, उस दौरान निगम के सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने मेरे साथ मिलकर एक परिवार की तरह कार्य किया तथा कोरबा का ऐतिहासिक विकास किया गया। उद्योग मंत्री देवांगन ने आगे कहा कि कई बड़ी योजनाओं के साथ-साथ लगभग 200 करोड़ रूपये के विकास कार्य वर्तमान में स्वीकृत कराए गए हैं।

# हंगामा के बीच बिना भौतिक जांच पड़ताल के लौटै अधिकारी

## रोजगार सहायक ने मिट्टी कार्य को ठेका में देकर किया फर्जीवाड़ा, कलेक्टर से कार्यवाही की मांग


वर्षों से पदस्थ ग्राम पंचायत सचिव
स्थानीय अधिकारी होने से कार्यवाही नहीं

पायनियर संवाददाता ⟨ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मनरेगा मिट्टी काम मे फर्जीवाड़ा और ठेका देने सहित 12 बिंदुओं की शिकायत के बाद सवेंदनशील कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने की फरमान के पश्चात बीते मगंलवार को एसडीओ राधाकृष्ण शर्मा तकनीकी सहायक कुरेंद्र बघेल सहित लिपिक कांताप्रसाद साहु जांच पहुंचे लेकिन शिकायतकर्ताओं और रोजगार सहायक के करीबियों के बीच तीखा बहस शुरु हो गई देखते ही देखते बहस हंगामा मे बदल गया जिसे देख जांच टीम बिना भौतिक जांच पड़ताल किए लौट गई। जिसके बाद से अब तक जांच नही हो पाई है जिसके मद्देनजर सीईओ रवि सोनवानी द्वारा थाना प्रभारी को अवगत कराकर सुरक्षा के बीच जांच कराने की कागजी प्रक्रिया शुरु कर दिया है। उल्लेखनीय हो कि देवभोग ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत धौरकोट के किशोर नागेश हेमपाल राजेंद्र नारायण सहित अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर जनदर्शन में मनरेगा काम को ठेका मे देने और फर्जीवाड़ा करने सहित 12 बिंदुओ में सरपंच सचिव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया है, जिसे कलेक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा मामला को गंभीरता से लेते विभागीय अधिकारी को जांच के लिए आदेश जारी किया और आदेश का परिपालन करते आरईएस एसडीओ तकनीकी सहायक सहित पुरी धौराकोट पहुंची लेकिन पक्ष और विपक्ष के बीच हंगामा को देखा बिना जांच किए ही लौट गई। आरोप यह लगाया जा रहा है कि रोजगार सहायक के करीबियों द्वारा यह हंगामा को अंजाम दिया गया, जिसे लेकर शिकायतकर्ता पुनः कलेक्टर को अवगत कराने की तैयारी में है ताकि निष्पक्ष जांच करते नियमानुसार कार्यवाही किया जा सके, क्योंकि पंचायत को सरकार की ओर से जितना राशि आबंटन हुआ उसके अनुसार काम नही हुआ है। इसके साथ मनरेगा में भी रोजगार नही मिल रहा है शायद यही वजह है कि इस पंचायत के लोग दूर दराज के काम काज के लिए भटकते फिरते हैं।

### 530 जॉब कार्ड धारियों में से एक को 100 दिन की मजदूरी

स्थनीय अधिकारियों द्वारा मनरेगा मजदूरों को 100 दिन का काम दिलाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे लेकिन रोजगार सहायक की लापरवाही से इस पंचायत मेहनत अनुसार रोजगार नही मिल रहा है काफी दुर्भाग्य की बात है कि 530 जॉब कार्ड धारियों में से अब तक 1 को मजदूर परिवार को 100 दिन का रोजगार मिला है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस पंचायत में मनरेगा मजदूरों को मजदूरी के मशक्क त करनी पड़ती होगी यहीं कारण है की ग्रामीणों में काफी ज्यादा आक्रोश दिखाई पड़ रहा है क्योंकि अधिकांश मजदुर मनरेगा के भरोसे ही अपने आर्थिक स्थिति को सुधारने में निर्भर होते हैं फिर भी ज़िम्मेदार मनरेगा मिट्टी काम को ठेका मे देने की रिवाज है इसलिए मामला को गंभीरता से लेकर कार्यवाही के लिए मांग किया जा रहा है।

# कोलकाता रेप केस को लेकर फाउंडेशन फॉर सेवा ने निकाला कैंडल मार्च, काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

पायनियर संवाददाता ⟨ रायपुर
www.dailypioneer.com




पश्चिम बंगाल के कोलकाता में अस्पताल में काम कर रही मेडिकल स्टूडेंट के साथ हुई दरिंदगी की घटना से के खिलाफ फाउंडेशन फॉर सेवा ने राजधानी के गुढियारी में भारत माता की प्रतिमा के सामने कैंडल जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले फाउंडेशन के सदस्यों के साथ ही बड़ी संख्या में आम जनों ने कैंडल मार्च निकाला जिसके बाद भारत माता की प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस कैंडल मार्च में लोग अपने परिवार और बच्चों के साथ शामिल हुए। सभी ने माथे और काली पट्टी बांधकर विरोध भी जताया गया। फाउंडेशन फॉर सेवा के चेयरमैन नवल तिवारी ने बताया कि इस कैंडल मार्च का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी समर्थन किया। इस कैंडल मार्च में गोपाल सोनी, संदीप सलूजा, निखिल तिवारी, अभिषेक शर्मा, नंदा मेश्राम, प्रीति सोनी, अंजली तिवारी, इशिका सलूजा, रिया तिवारी, पूजा तिवारी, शुभम मेश्राम, उत्सव सोनी, आयुष तिवारी, दिव्यम अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में फाउंडेशन के सदस्य और आमजन शामिल हुए।

# मोबाइल बेस्ड एप्लीकेशन 'सुगम' का वाणिज्य मंत्री ने किया लोकार्पण

## पंजीयन प्रक्रिया को सरल बनाये : मंत्री ओपी चौधरी

पायनियर संवाददाता ⟨ रायपुर
www.dailypioneer.com



वाणिज्यिक कर एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने मोबाईल बेस्ड एप्लीकेशन सुगम का लोकार्पण किया। इस एप्लीकेशन में कोई भी व्यक्ति अपनी रजिस्ट्रीकृत दस्तावेज के संपत्ति स्थल पर जाकर स्थल का 03 साईड से फोटो तथा अक्षांश एवं देशांतर भौगोलिक स्थिति को रजिस्ट्री सॉफ्टवेयर में प्रविष्ट कर सकेगा। इससे संपत्ति संबंधी धोखाधड़ी एवं कर अपवंचन को रोकने में सार्थक मदद मिलेगी। साथ ही चौधरी ने पंजीयन विभाग के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर में आयोजित किया गया था। मंत्री चौधरी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि पंजीयन विभाग जनता से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ विभाग है। ऐसा कार्य संस्कृति बनाए कि जनता को किसी प्रकार का कोई असुविधा न हो। पंजीयन के इच्छुक पक्षकारों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। पंजीयन विभाग में बिचौलियों के प्रवेश को रोकें तथा जनता बिना बिचौलियों के किसी भी दस्तावेज की रजिस्ट्री करा सके, यह सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान स्टाम्प प्रकरण तथा पंजीयन में अनावश्यक विलंब के तथ्य प्रकाश में आने पर उन्होंने संबंधित जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक को समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिये।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 793.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 793.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 18 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1720.6 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 436.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 772.5 मिमी, बलरामपुर में 1141.4 मिमी, जशपुर में 625.0 मिमी, कोरिया में 781.6 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 795.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 677.1 मिमी, बलौदाबाजार में 821.1 मिमी, गरियाबंद में 755.8 मिमी, महासमुंद में 568.7 मिमी, धमतरी में 728.3 मिमी, बिलासपुर में 708.7 मिमी, मुंगेली में 788.3 मिमी, रायगढ़ में 698.4 मिमी।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403